**नई दिल्ली**
मंगलवार 17 मार्च 2026
चैत्र मास कृष्ण पक्ष, त्रयोदशी वर्ष : 29, अंक : 332
पृष्ठ 12 मूल्य 2.00

**मौसम**
अधि. 29
न्यून. 18

# हरिभूमि

दिल्ली, हरियाणा, छत्तीसगढ़ व मध्यप्रदेश से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com

भाजपा ने पश्चिम बंगाल से 144 उम्मीदवारों की पहली लिस्ट घोषित की

## शुभेंदु अधिकारी को नंदीग्राम और भवानीपुर से उम्मीदवार बनाया, दिलीप घोष को खड़गपुर सदर से टिकट

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

भाजपा ने सोमवार को पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनाव हेतु 144 उम्मीदवारों की पहली लिस्ट घोषित की। पार्टी ने शुभेंदु अधिकारी को नंदीग्राम और भवानीपुर से उम्मीदवार बनाया है। वहीं, दिलीप घोष को खड़गपुर सदर से टिकट मिला है। बंगाल में 23 और 29 अप्रैल को दो चरणों में मतदान होगा। पूर्व सांसद स्वपन दास गुप्ता को रास बिहारी सीट से मैदान में उतरा गया है। रेजिनगर से बापन घोष, खड़गपुर से तपन भुया, डेबरा से शुभाशीष घोष को टिकट मिला है।



**पूर्व सांसद स्वपन दास गुप्ता को रास बिहारी सीट से मैदान में उतरा**

ज्ञात हो कि पिछले विधानसभा चुनाव में शुभेंदु को नंदीग्राम से टिकट मिला था। इसके बाद ममता ने नंदीग्राम से शुभेंदु के खिलाफ चुनाव लड़ने का एलान किया था। साथ ही ममता भवानीपुर से भी चुनावी मैदान में थीं। नंदीग्राम में दोनों के बीच कांटे की टक्कर देखने को मिली थी। ममता नंदीग्राम से हार गईं थीं। हालांकि भवानीपुर से वो जीत गईं थीं। इस बार भाजपा ने बड़ा दांव खेलते हुए शुभेंदु को भावनीपुर और नंदीग्राम दोनों से प्रत्याशी बनाया है। पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनाव को ▶▶ शेष पेज 5 पर

राज्यसभा की कुल 11 सीटों पर डाले गए थे वोट, इनमें ओडिशा की 4 व हरियाणा की 2 सीटें भी शामिल थीं

### कांग्रेस के तीन और राजद के एक विधायक ने मतदान प्रक्रिया में भाग ही नहीं लिया

# बिहार में राज्यसभा की पांचों सीटों पर एनडीए की जीत, महागठबंधन सन्न

एजेंसी ▶▶ पटना

बिहार में राज्यसभा की पांचों सीट राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन के उम्मीदवार जीत गए हैं। चार सीटों पर जीत तो पहले से ही तय थी। लेकिन, पांचवीं सीट पर महागठबंधन के उम्मीदवार अमरेंद्र धारी सिंह से एनडीए के उम्मीदवार शिवेश राम का मुकाबला हो गया। एनडीए के सभी 202 विधायकों ने वोट किया। लेकिन, महागठबंधन की ओर से चार विधायक (कांग्रेस के तीन और राजद के एक) विधायक विधानसभा नहीं पहुंचे। मतगणना के बाद एनडीए के सभी उम्मीदवारों की जीत की घोषणा कर दी गई। पांचवी सीट पर एनडीए बनाम महागठबंधन मुकाबला हो गया। दोनों गठबंधन ने अपने अपने विधायकों को एकजुट करना शुरू किया। पहले तेजस्वी यादव ने विधायकों को एकजुट किया। तेजस्वी एआईएमआईएम के प्रदेश अध्यक्ष अख्तरूल ईमान की इफ्तार पार्टी में शामिल हुए। बसपा के एकमात्र विधायक सतीश यादव ने महागठबंधन को समर्थन दिया। 15 मार्च को तेजस्वी यादव ▶▶ शेष पेज 5 पर

*अंत में चार विधायकों ने खेला कर दिया। यह लोग मतदान के लिए ही नहीं पहुंचे। इस कारण महागठबंधन को हार का सामना करना पड़ा*

जीतने वाले उम्मीदवार



नीतीश कुमार जदयू | रामनाथ ठाकुर जदयू | नितिन नवीन भाजपा | शिवेश कुमार भाजपा | उपेंद्र कुशवाहा रालोमो

जदयू के कार्यकारी अध्यक्ष संजय झा ने कहा -

### महागठबंधन को अपने विधायकों पर भरोसा नहीं


जदयू के कार्यकारी अध्यक्ष संजय झा ने कहा कि पूरे बिहार में एक बड़ा मैसेज फिर से गया है। एनडीए की प्रचंड जीत है। हमारे पांचों उम्मीदवारों की शानदार जीत है। सीएम नीतीश कुमार राज्यसभा जा रहे हैं। सीएम नीतीश कुमार ने बिहार को बदला है। आपदा के वक्त भी उन्होंने अपना धैर्य नहीं खोया। उनके पास काफी अनुभव है। विपक्ष के ▶▶ शेष पेज 5 पर

inh 24x7
छत्तीसगढ़ एवं मध्यप्रदेश का सर्वाधिक लोकप्रिय चैनल देखें
TATA PLAY चैनल नं. 1155 | airtel चैनल नं. 366

**खबर संक्षेप**

### बैटल ऑफ गलवान फिल्म का बदला टाइटल

**नई दिल्ली।** सलमान खान की अपकमिंग फिल्म 'बैटल ऑफ गलवान' का नाम बदल गया है।



साल 2020 में गलवान घाटी में चीन के साथ लड़ी गई खूनी लड़ाई पर बनी इस फिल्म का नाम अब 'मातृभूमि: मे वॉर रेस्ट इन पीस' होगा। यह घोषणा सोमवार, 16 मार्च को मेकर्स की ओर से की गई है।

### दिल का दौरा पड़ने से सेना के जवान की मौत

**जम्मू।** जम्मू कश्मीर के पुंछ जिले में नियंत्रण रेखा (एलओसी) पर ड्यूटी के दौरान सेना के एक जवान की संदिग्ध रूप से दिल का दौरा पड़ने से मौत हो गई। नायक तिलक सिंह कृष्णा घाटी सेक्टर के अग्रिम नंगी तकरी क्षेत्र में तैनात थे। 'व्हाइट नाइट कोर' वीर नायक तिलक सिंह को श्रद्धांजलि अर्पित करता है। सिंह 15 मार्च को कृष्णा घाटी सेक्टर में नियंत्रण रेखा पर ड्यूटी करते समय बेहोश पाए गए थे।

### सड़क हादसे में उत्तराखंड के चार लोगों की मौत

**मुरादाबाद।** जिले के मूढ़ा पांडे इलाके में सोमवार तड़के तेज रफ्तार कार पीछे से ट्रैक्टर-ट्रॉली से



जा टकराई, जिससे कार सवार चार लोगों की मौत हो गई और एक अन्य घायल हो गया। सभी मृतक उत्तराखंड राज्य के निवासी थे और दिल्ली जा रहे थे। चारों दिल्ली में नौकरी करते थे और दो दिन पहले हल्द्वानी में एक शादी समारोह में शामिल होने आए थे।

ईरान से जारी है भारतीयों के सुरक्षित बाहर निकलने का सिलसिला, 550 आर्मेनिया और 90 पहुंचे अजरबैजान

# होर्मुज जलडमरूमध्य को फिर से खोलने को लेकर अमेरिका संग नहीं हुई कोई बातचीत : जायसवाल

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

ईरान द्वारा प्रतिबंधित होर्मुज जलडमरूमध्य को फिर से खोलने में मदद करने से जुड़े हुए मुद्दे पर सोमवार को भारत ने बड़ी स्पष्टता के साथ अपना रुख साफ कर दिया है। जिसमें विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने कहा कि इस मामले पर हमारी अमेरिका के साथ किसी संयुक्त सैन्य अभियान या गठबंधन को लेकर कोई द्विपक्षीय बातचीत नहीं हुई है। भारत ऐसे किसी वैश्विक सैन्य गठबंधन का हिस्सा बनने पर भी कोई विचार नहीं कर रहा है। इसके अलावा पिछले महीने 28 फरवरी को हुई अमेरिका-ईरान युद्ध की शुरुआत से लेकर अब तक समूचे पश्चिम-एशिया क्षेत्र से कुल करीब 2 लाख 20 हजार भारतीय नागरिकों की सुरक्षित वतन वापसी हुई है। यह जानकारी सोमवार को राजधानी में आयोजित की गई अंतर-मंत्रालयी प्रेस वार्ता में विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता ने दी है। उनसे पूछा गया था कि क्या भारतीय नौसेना के युद्धपोत होर्मुज जलडमरूमध्य को पुनः खुलवाने के लिए मदद प्रदान करने से जुड़े हुए किसी अभियान के लिए प्रतिबद्ध हैं? जिसका जवाब रणधीर ने ना में दिया है।

**दुनिया को एकजुट होना चाहिए: ट्रंप:** दरअसल अमेरिका के ऊर्जा मंत्री क्रिस राइट की ओर से बीते रविवार को इस संबंध में मीडिया के समक्ष दिए एक बयान के बाद मामले ने तूल पकड़ा था। जिसमें उन्होंने कहा कि राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने कई देशों से होर्मुज स्ट्रेट को खुलवाने को लेकर सहयोग देने की मांग की है। जिसमें चीन, जापान, ब्रिटेन और फ्रांस जैसे देश भी शामिल हैं। होर्मुज से ▶▶ शेष पेज 5 पर

▶▶ 28 फरवरी को युद्ध की शुरुआत से लेकर अब तक पश्चिम-एशिया क्षेत्र से स्वदेश लौटे 2 लाख 20 हजार भारतीय

▶▶ ये जानकारी सोमवार को राजधानी में आयोजित की गई अंतर-मंत्रालयी प्रेस वार्ता में विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने दी है





### अमेरिका-इजरायल के लिए बंद है होर्मुज

हाल ही में ईरान के विदेश मंत्री अब्बास अराघची ने एक बयान दिया था। जिसमें उन्होंने कहा था कि होर्मुज की खाड़ी बंद नहीं है। लेकिन यहां से अमेरिका, इजरायल और उनके सहयोगी देशों के जहाजों को गुजरने की अनुमति नहीं है। क्योंकि यह लोग ईरान पर हमला कर रहे हैं। बाकी सभी के लिए होर्मुज से आवागमन स्वतंत्र रूप से जारी है। करीब 15 दिन पहले अमेरिका और इजरायल द्वारा ईरान पर की गई हवाई हमलों की कार्रवाई के बाद से सुरक्षा के मद्देनजर खाड़ी का यह इलाका समुद्री आवाजाही के लिए बंद है।

### 45 फ्लाइट उड़ान के लिए तैयार

प्रेस वार्ता में मंत्रालय के अधिकारी असीम महाजन ने बताया खाड़ी के अलग-अलग हवाईअड्डों (यूएई, सऊदी अरब, ओमान, कतर) से 45 फ्लाइट भारत के लिए उड़ान भरने के लिए तैयार हैं। आंशिक रूप से खुली हुई कतर की हवाई सीमा के बीच वहां से भी उड़ानों का संचालन हो रहा है। जिसके चलते सोमवार और मंगलवार तक देश के विभिन्न स्थानों पर तीन उड़ानों के पहुंचने की संभावना है। कुवैत की हवाई सीमा फिलहाल बंद है। यहां से विशेष गैर-पंजीकृत उड़ानों का जल्द संचालन किया जाएगा। बहरीन और इराक में भारतीयों को सऊदी अरब के रास्ते भारत पहुंचाया जा रहा है।

**जल्द देश पहुंचेंगे मृतकों के शव:** उन्होंने कहा कि ओमान के सोहर शहर में बीते दिनों हुए हमले में जान गंवाने वाले 2 भारतीयों की पार्थिव देह जल्द देश ▶▶ शेष पेज 5 पर

### कुछ जहाज सुरक्षित निकले हैं: जयशंकर

गौरतलब है कि विदेश मंत्री डॉ.एस.जयशंकर ने फाइनेंशियल टाइम्स से बातचीत में कहा कि उनकी ईरान के विदेश मंत्री के साथ हुई वार्ता सफल रही है। इसे सकारात्मक परिणाम वाला संवाद कहा जा सकता है। दोनों देशों के बीच मित्रतापूर्ण संबंध हैं। लेकिन यह मौजूदा संघर्ष अत्यंत दुर्भाग्यपूर्ण है। उन्होंने कहा, कुछ जहाज होर्मुज पार कर निकले हैं। जबकि भारत के ध्वज वाले कुछ अन्य जहाज अभी भी खाड़ी को पार नहीं कर पाए हैं। प्रत्येक जहाज ने इस मार्ग पर व्यक्तिगत रूप से आवागमन किया है और इस संबंध में हमारा ईरान के साथ कोई सामूहिक समझौता ▶▶ शेष पेज 5 पर

एलपीजी को लेकर हालात चिंताजनक...

# पीएनजी, एलपीजी दोनों कनेक्शन लिए हुए उपभोक्ता एलपीजी को करें सरेंडर: सुजाता शर्मा

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली



पश्चिम-एशिया क्षेत्र में अमेरिका और ईरान के बीच चल रहे युद्ध के मद्देनजर भारत में भी एलपीजी के मामले को लेकर सरकार के स्तर पर चिंता बनी हुई है। लेकिन हालात को सामान्य बनाए रखने के लिए कई जरूरी कदम उठाए जा रहे हैं। जिसमें बीते 14 मार्च को जारी एक नए आदेश में आम जनता से ये अपील की गई है कि एलपीजी और पीएनजी के रूप में दोनों गैस कनेक्शन लिए हुए उपभोक्ता अपने एलपीजी कनेक्शन को सरेंडर कर दें। तेल कंपनियां पीएनजी कनेक्शन देने के लिए लगातार प्रोत्साहन दे रही हैं। देश में कच्चे-तेल (पेट्रोल) या डीजल की कोई कमी नहीं है। सभी पेट्रोल पंपों पर सप्लाई पर्याप्त मात्रा में बनी हुई है। कहीं से भी ईंधन की कमी या ड्राई आउट की कोई सूचना नहीं है। ऐसे में लोगों को यह सलाह दी जाती है कि वो किसी भी तरह की अफवाह पर ध्यान न दें और घबराहट में बुकिंग न करें। यह जानकारी सोमवार को मामले पर राजधानी में आयोजित की गई अंतर-मंत्रालयी प्रेस वार्ता में केंद्रीय पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय (मार्केटिंग-तेल रिफाइनरी) में संयुक्त सचिव सुजाता शर्मा ने दी है।

**कमर्शियल एलपीजी का वितरण शुरू:** उन्होंने कहा, घरेलू उपभोक्ताओं को एलपीजी की सप्लाई बनी हुई है। गैस वितरकों को इस संबंध में कमी की कोई सूचना नहीं मिली है। वहीं, गैस सिलेंडर की खरीद को लेकर डिजिटल यानी ऑनलाइन बुकिंग का आंकड़ा 90 फीसदी तक जा पहुंचा है। डिलीवरी ऑथेंटिकेशन कोड की संख्या में भी सुधार है। जो पूर्व में 53 फीसदी की जगह पर बीते रविवार को 72 फीसदी तक पहुंच गया है। सभी राज्यों ने कमर्शियल एलपीजी का वितरण शुरू कर दिया है। इस बाबत उन्हें वितरण संबंधी आदेश जारी कर दिए गए हैं। उन्होंने बताया कि देश में पीएनजी कनेक्शन को बढ़ावा देने के लिए तेल कंपनियां उपभोक्ताओं को प्रोत्साहन के रूप में कुछ छूट दे रही हैं। आईजीएल ने कहा है कि अगर कोई घरेलू उपभोक्ता 31 मार्च से पहले कनेक्शन लेता है तो उसे 500 रुपए की मुफ्त गैस दी जाएगी। महानगर गैस ने भी कुछ छूट दी है, जिसमें सिक्योरिटी डिपॉजिट को हटाने की बात कही गई है। गेल और बीपीसीएल द्वारा प्रोत्साहन दिया जा रहा है। इन सारे प्रयासों के पीछे की असल वजह ज्यादा से ज्यादा लोगों की स्वच्छ ईंधन तक पहुंच बनाना है। पीएनजी नियंत्रकों ने गैस कंपनियों को सलाह दी है कि वो अपने अतिरिक्त संसाधन लगाएं और उपभोक्ताओं से संपर्क साधें। जिससे ▶▶ शेष पेज 5 पर

▶▶ घरेलू उपभोक्ताओं को जारी है एलपीजी की सप्लाई, कमी की कोई शिकायत नहीं, 90% पर पहुंचा ऑनलाइन गैस बुकिंग का आंकड़ा

▶▶ देश में पर्याप्त मात्रा में उपलब्ध है कच्चा तेल, 100% क्षमता के साथ काम कर रही हैं तेल रिफाइनरियां, पैनिक से बचें लोग

▶▶ होर्मुज की खाड़ी पार कर 45 हजार मीट्रिक टन एलपीजी की खेप लेकर गुजरात के मुंद्रा बंदरगाह पहुंचा शिवालिक जहाज

▶▶ यूएई से 81 हजार टन मुर्बन कच्चा तेल लेकर मंगलवार को भारत पहुंचेगा जग लाडकी जहाज

राज्यसभा में विपक्ष के नेता खरगे के केंद्र से सवाल

### एलपीजी संकट का अंदेशा था फिर वैकल्पिक व्यवस्था क्यों नहीं की?

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

कांग्रेस अध्यक्ष और राज्यसभा में नेता प्रतिपक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने कहा कि देश में बढ़ता एलपीजी संकट मोदी सरकार के दयनीय प्रबंधन के साथ-साथ खराब विदेश नीति और ऊर्जा नीति की भी पोल खोल रहा है। उन्होंने मांग की कि एलपीजी की स्थिर, सुलभ और किफायती उपलब्धता सुनिश्चित की जाए तथा पश्चिम एशिया में चल रहे संघर्ष के मुद्दे पर संसद में चर्चा कराई जाए।

संसद में सोमवार को जनता को हो रही परेशानियों का जिक्र करते हुए खरगे ने कहा कि एलपीजी संकट से पूरे देश में हाहाकार मचा हुआ है। खरगे ने कहा कि पश्चिम एशिया में बढ़ते तनाव के बीच जब सरकार ने ईरान में भारतीय नागरिकों के लिए एडवाइजरी जारी की थी, तब ▶▶ शेष पेज 5 पर

संदिग्ध तकनीकी खराबी बनी कारण

### न्यूयॉर्क से दिल्ली आ रही एयर इंडिया उड़ान आयरलैंड डायवर्ट

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली




विमान में करीब 300 लोग सवार थे

एयर इंडिया की न्यूयॉर्क-दिल्ली फ्लाइट एआई 102 को संदिग्ध तकनीकी खराबी के चलते ऐहतियातन आयरलैंड के शैनन एयरपोर्ट पर उतारा गया। विमान में करीब 300 लोग सवार थे और सभी यात्री व क्रू सुरक्षित हैं। एयर इंडिया के प्रवक्ता ने बयान में कहा कि 15 मार्च को न्यूयॉर्क (जेएफके) से दिल्ली के लिए रवाना हुई फ्लाइट एआई 102 को संभावित तकनीकी ▶▶ शेष पेज 5 पर

धार भोजशाला: हाई कोर्ट का बड़ा फैसला

### जज खुद करेंगे मुआयना, 2 अप्रैल से पहले होगा दौरा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ इंदौर/धार



इस दौरान कोई भी पक्ष वहां मौजूद नहीं रह पाएगा

मध्य प्रदेश हाई कोर्ट की इंदौर बेंच ने धार जिले के अति-संवेदनशील भोजशाला मामले में एक अहम टिप्पणी की है। जस्टिस विजय कुमार शुक्ला और जस्टिस आलोक अवस्थी की बेंच ने कहा कि मामले से जुड़े कई विवादों को देखते हुए वे 2 अप्रैल की अगली सुनवाई से पहले स्वयं परिसर का मुआयना करेंगे। जस्टिस विजय कुमार शुक्ला और जस्टिस आलोक ▶▶ शेष पेज 5 पर

चुनाव की दस्तक के बीच बंगाल में ईडी का बड़ा प्रहार

### अवैध कॉल सेंटर्स के जरिए अंतरराष्ट्रीय ठगी का पर्दाफाश



एजेंसी ▶▶ कोलकाता

पश्चिम बंगाल में विधानसभा चुनावों की तारीखों के ऐलान के साथ ही प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) पूरी तरह एक्शन मोड में आ गया है। सोमवार की सुबह ईडी की टीम ने राज्य के 10 से अधिक ठिकानों पर एक साथ छापेमारी की। यह पूरी कार्रवाई अवैध कॉल सेंटर्स के जरिए करोड़ों रुपये की मनी लॉन्ड्रिंग से जुड़ी है। जांच में सामने आया है कि ये कॉल सेंटर्स तकनीकी सहायता देने के नाम पर विदेशी नागरिकों, विशेषकर अमेरिकियों को अपना निशाना बनाते थे। धोखाधड़ी से कमाए गए इस पैसे को क्रिप्टोकरेंसी और हवाला के जरिए भारत लाया जाता था। सिलीगुड़ी, हावड़ा, बिधाननगर और दुर्गापुर जैसे शहरों में सुबह से ही छापेमारी जारी है। ईडी के रडार पर सुश्री कर, सम्राट घोष और सुभजीत चक्रवर्ती जैसे नाम हैं, जिनके परिसरों की तलाशी ली गई है। अधिकारियों का मानना है कि इस नेटवर्क के तार बहुत गहरे जुड़े हैं और तलाशी के दौरान कई महत्वपूर्ण डिजिटल सबूत और वित्तीय दस्तावेज हाथ लग सकते हैं। राज्य में चुनावी माहौल होने के कारण इस कार्रवाई ने राजनीतिक हलचल भी बढ़ा दी है। हालांकि, ईडी सूत्रों का कहना है कि यह एक विशुद्ध कानूनी कार्रवाई है जो लंबे समय से चल रही जांच का हिस्सा है। फिलहाल छापेमारी की प्रक्रिया जारी है और जल्द ही जब्त की गई संपत्ति का आधिकारिक ब्यौरा साझा किया जा सकता है।

प्रियंका चोपड़ा 2016 के बाद फिर एक बार ऑस्कर अवॉर्ड प्रेजेंटर बनीं

# माइकल बी. जॉर्डन बने बेस्ट एक्टर, जेसी बकले को बेस्ट एक्ट्रेस अवॉर्ड

एजेंसी ▶▶ लॉस एंजिल्स

98वीं ऑस्कर अवॉर्ड सेरेमनी लॉस एंजिल्स के डॉल्बी थिएटर में हुई। लियोनार्डो डिकैप्रियो की फिल्म 'वन बैटल आफ्टर अनदर' बेस्ट फिल्म रही। फिल्म ने इस साल सबसे ज्यादा 6 अवॉर्ड हासिल किए।

फिल्म सिनर्स के लिए माइकल बी.जॉर्डन को बेस्ट एक्टर का अवॉर्ड मिला। 'हेमनेट' के लिए जेसी बकले बेस्ट एक्ट्रेस रहीं। जेसी ने इस फिल्म में मशहूर राइटर विलियम शेक्सपियर की पत्नी एग्नेस का किरदार निभाया। वे 11 साल के बेटे हेमनेट की मौत की ट्रैजडी से उबरने की कोशिश करती हैं। इस साल किसी भी भारतीय फिल्म को नॉमिनेशन नहीं मिला था। भारतीय मूल की फिल्ममेकर गीता गंदबीर की 2 डॉक्यूमेंट्री फिल्मों को नॉमिनेशन मिला था, हालांकि दोनों अवॉर्ड जीतने से चूक गईं। प्रियंका चोपड़ा 2016 के बाद फिर एक बार ऑस्कर अवॉर्ड प्रेजेंटर बनीं। 2 बार प्रेजेंटर बनने वाली वे इकलौती भारतीय हैं। ऑस्कर के रेड कार्पेट पर प्रियंका पति निक जोनस के साथ पहुंचीं। अमेरिकन फिल्म सिनर्स ने इस साल 16 नॉमिनेशन हासिल करते हुए रिकॉर्ड कायम किया है।

**लॉस एंजिल्स में 98वीं ऑस्कर अवॉर्ड सेरेमनी**

▶▶ लियोनार्डो की 'वन बैटल आफ्टर अनदर' को बेस्ट फिल्म समेत 6 पुरस्कार

▶▶ इस साल किसी भी भारतीय फिल्म को नॉमिनेशन नहीं मिला



माइकल बी.जॉर्डन



जेसी बकले

### विजेताओं की सूची

- बेस्ट फिल्म - वन बैटल आफ्टर अनदर
- बेस्ट एक्टर - माइकल बी जॉर्डन (सिनर्स)
- बेस्ट एक्ट्रेस - जेसी बकले (हैमनेट)
- बेस्ट डायरेक्टर - पॉल थॉमस एंडरसन (वन बैटल आफ्टर अनदर)
- बेस्ट सपोर्टिंग एक्टर - शॉन पेन (वन बैटल आफ्टर अनदर)
- बेस्ट सपोर्टिंग एक्ट्रेस - एमी मैडिगन (वेपन्स)
- बेस्ट इंटरनेशनल फीचर फिल्म - सेंटीमेंटल वैल्यू

डीटीसी और क्लस्टर बसों में ट्रांसजेंडर समुदाय के लोग कर सकेंगे मुफ्त यात्रा

# रेखा सरकार का बड़ा कदम, ट्रांसजेंडर्स को मिला 'पिंक कार्ड' का अधिकार

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता के नेतृत्व में दिल्ली सरकार ने सार्वजनिक परिवहन को अधिक समावेशी और सभी के लिए सुलभ बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण निर्णय लिया है। अब दिल्ली में रहने वाले ट्रांसजेंडर समुदाय के लोग भी डीटीसी और परिवहन विभाग द्वारा संचालित सभी बसों में मुफ्त यात्रा की सुविधा का लाभ उठा सकेंगे। यह फैसला सोमवार को दिल्ली सचिवालय में मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता की अध्यक्षता में हुई कैबिनेट बैठक में लिया गया। मुख्यमंत्री ने बताया कि सरकार ने ट्रांसजेंडर यात्रियों को डीटीसी और क्लस्टर बसों के सभी रूटों पर मुफ्त यात्रा योजना में शामिल करने के प्रस्ताव को मंजूरी दे दी है। यह सुविधा उसी प्रकार लागू की जाएगी, जिस तरह दिल्ली की बसों में महिलाओं को मुफ्त यात्रा की सुविधा दी जा रही है। उन्होंने कहा कि इस योजना के तहत दिल्ली में रहने वाले पात्र ट्रांसजेंडर व्यक्ति डीटीसी और क्लस्टर बसों में मुफ्त यात्रा कर सकेंगे। इसके लिए लाभार्थी का दिल्ली का निवासी होना आवश्यक होगा और उसके पास संबंधित जिला मजिस्ट्रेट (डीएम) द्वारा जारी वैध 'सर्टिफिकेट ऑफ आइडेंटिटी' होना चाहिए। यह प्रमाणपत्र ट्रांसजेंडर पर्सन्स (प्रोटेक्शन ऑफ राइट्स) एक्ट 2019 की धारा 5 और 6 के तहत जारी किया जाता है।

मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने जानकारी दी कि ट्रांसजेंडर व्यक्ति अपनी पहचान के प्रमाणपत्र के लिए जिला मजिस्ट्रेट के पास आवेदन कर सकता है। आवेदन निर्धारित फॉर्म और आवश्यक दस्तावेजों के साथ करना होगा। यदि



आवेदक नाबालिग है तो उसके लिए आवेदन उसके माता-पिता या अभिभावक द्वारा किया जाएगा।

उन्होंने बताया कि निर्धारित प्रक्रिया पूरी होने के बाद जिला मजिस्ट्रेट आवेदक को ट्रांसजेंडर के रूप में पहचान का प्रमाणपत्र जारी करेंगे। इस प्रमाणपत्र में व्यक्ति का जेंडर ट्रांसजेंडर के रूप में दर्ज होगा और इसी आधार पर उसके सभी आधिकारिक दस्तावेजों में भी जेंडर दर्ज किया जाएगा। यह प्रमाणपत्र उस व्यक्ति की ट्रांसजेंडर पहचान की आधिकारिक मान्यता और अधिकारों का प्रमाण होगा। मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने कहा कि दिल्ली सरकार का यह निर्णय ट्रांसजेंडर समुदाय के लिए सार्वजनिक परिवहन को अधिक सुलभ, सुरक्षित और सम्मानजनक बनाने की दिशा में एक ठोस कदम है। उन्होंने कहा कि जब सरकार किसी समुदाय को उसकी गरिमा के साथ स्वीकार करती है और उसे समान सुविधाएं उपलब्ध कराती है, तभी सही अर्थों में समावेशी शासन स्थापित होता है। यह पहल ट्रांसजेंडर समुदाय को मुख्यधारा से और मजबूती से जोड़ने में मदद करेगी तथा उन्हें रोजमर्रा के जीवन में आने वाली व्यावहारिक कठिनाइयों को कम करने में सहायक होगी।

### ट्रांसजेंडर को ऐसे मिलेगा पिंक कार्ड

योजना के अनुसार ट्रांसजेंडर समुदाय के लोगों को पिंक कार्ड प्राप्त करने के लिए पहले जिला मजिस्ट्रेट से ट्रांसजेंडर पहचान का सर्टिफिकेट बनवाना होगा। इसके बाद वे जिला मजिस्ट्रेट, एसडीएम कार्यालयों या डीटीसी के चयनित केंद्रों सहित लगभग 50 निर्धारित केंद्रों पर पिंक कार्ड के लिए आवेदन कर सकेंगे। कार्ड न्यूनतम दस्तावेजों के आधार पर जारी किया जाएगा और इसे लाभार्थी के मोबाइल नंबर व आधार से लिंक किया जाएगा। आधार के माध्यम से आयु (5 वर्ष से अधिक) और दिल्ली निवास की पुष्टि की जाएगी, ताकि पात्रता सुनिश्चित हो और डुप्लिकेशन रोका जा सके। पिंक कार्ड मिलने के बाद ट्रांसजेंडर व्यक्ति डीटीसी बसों में महिलाओं की तरह मुफ्त यात्रा कर सकेंगे, जबकि इसी स्मार्ट कार्ड का उपयोग दिल्ली मेट्रो, आरआरटीएस और अन्य सार्वजनिक परिवहन सेवाओं में भुगतान कर यात्रा के लिए भी किया जा सकेगा।

# सिलेंडर जमाखोरी रैकेट का भंडाफोड़, 610 सिलेंडर बरामद

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

अपराध शाखा की एंटी-एक्सटॉर्शन एंड किडनैपिंग सेल (एईकेसी) टीम ने अवैध एलपीजी सिलेंडर जमाखोरी रैकेट का भंडाफोड़ किया है। मुंडका के एक गोदाम से 610 सिलेंडर बरामद किये गये। सिलेंडर वैधानिक सुरक्षा मानदंडों और सरकारी नियमों का उल्लंघन करते हुए जमा किये गये थे।

डीसीपी संजीव कुमार यादव के अनुसार मुंडका में खसरा संख्या 111/22 और 111, प्लॉट संख्या 9 पर स्थित 'गुरुजी इंडेन गैस सर्विस' पर छापा मारा गया था। परिसर के निरीक्षण पर पाया गया कि इंडेन, भारत गैस और एचपी गैस सहित विभिन्न कंपनियों के कमर्शियल एलपीजी सिलेंडरों को गोदाम के अंदर अवैध रूप से एक साथ जमा किया गया था। यह एलपीजी आपूर्ति और वितरण का विनियमन आदेश और आवश्यक वस्तु अधिनियम, 1955 के प्रावधानों का स्पष्ट उल्लंघन है। प्रारंभिक जांच से पता चला कि 'गुरुजी इंडेन गैस सर्विस' केवल इंडेन कंपनी के कमर्शियल एलपीजी सिलेंडरों का अधिकृत वितरक है। परिसर की तलाशी के दौरान पुलिस ने विभिन्न कंपनियों के कुल 610 एलपीजी सिलेंडर (भरे हुए और खाली दोनों) बरामद किए। साथ ही इंडेन सिलेंडरों के 26 लोट भी मिले। आगे की जांच में स्टॉक रिकॉर्ड में एक बड़ी गड़बड़ी का भी पता चला। आईओसी के अधिकारियों से मिली जानकारी के अनुसार 10 मार्च 2025 तक डिस्ट्रीब्यूटर के पास इंडेन के कमर्शियल सिलेंडरों का स्टॉक 'शून्य' होना चाहिए था, जबकि परिसर में इंडेन के 133 भरे हुए कमर्शियल सिलेंडर पाए गए। यह स्टॉक प्रबंधन में संभावित अनियमितताओं और अनाधिकृत भंडारण का संकेत देता है।

### अवैध एलपीजी सिलेंडर भरता एक गिरफ्तार

नई दिल्ली। रोहिणी जिले की विजय विहार पुलिस ने एलपीजी गैस की अवैध रिफिलिंग



करते हुए एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया है। उसके पास से दो भरे हुए कमर्शियल और 15 घरेलू एलपीजी सिलेंडर जब्त किये गये। सिलेंडरों का वजन करने के लिए इस्तेमाल की जाने वाली चार वजन मशीनें भी बरामद हुई। इसके अलावा एक सिलेंडर से दूसरे सिलेंडर में गैस ट्रांसफर करने के लिए इस्तेमाल किए जाने वाले चार रिफिलिंग पाइप भी बरामद किये गये।

## खबर संक्षेप

### वजीरपुर में मिला अज्ञात युवक का शव

नई दिल्ली। वजीरपुर जेजे कालोनी इलाके में रविवार शाम एक युवक का संदिग्ध परिस्थितियों में शव पाया गया। मृतक की अभी तक शिनाख्त नहीं हो सकी है। शव को मोर्चरी में सुरक्षित रखवाया गया है। पुलिस आसपास के इलाके के लोगों से पूछताछ के साथ ही कैमरों की मदद भी ले रही है। मिली सूचना के अनुसार रविवार शाम स्थानीय लोगों ने जेजे कालोनी के एक खाली स्थान पर युवक को संदिग्ध हालत में पड़ा देखा। युवक काफी देर तक वहीं पड़ा रहा और कोई हलचल नहीं होने पर लोगों को शक हुआ। इसके बाद पुलिस को सूचना दी गई। सूचना मिलते ही पुलिस की टीम मौके पर पहुंची और शव को अस्पताल भिजवाया गया। अस्पताल में डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। प्रारंभिक जांच में मृतक की उम्र करीब 35 वर्ष बताई गई है। फिलहाल मृतक के पास से कोई ऐसा कागज नहीं मिला, जिससे उसकी शिनाख्त हो सकती। पुलिस हत्या समेत विभिन्न पहलुओं से मामले की जांच कर रही है।

### ढींगरा गिरोह से जुड़ा वांछित अपराधी गिरफ्तार

नई दिल्ली। जहांगीर पुरी में सक्रिय शेख फिरोज उर्फ सैफुल उर्फ ढींगरा गिरोह से जुड़े 29 वर्षीय एक वांछित अपराधी को गिरफ्तार किया है। अपराधी का नाम जहांगीर पुरी निवासी जावेद उर्फ कल्लू दादा बताया गया है। वह इलाके में सशस्त्र हमले से संबंधित आरोपों के तहत दर्ज एक मामले में वांछित था। पुलिस के अनुसार जावेद का आपराधिक रिकॉर्ड रहा है और वह पहले भी लूट हत्या और हत्या के प्रयास के मामलों में शामिल था। जहांगीर पुरी थाने में 2015 में दर्ज लूट व हत्या के एक मामले में उसे दोषी ठहराया गया था और 10 साल की कैद की सजा सुनाई गई थी। वह ढींगरा गिरोह का एक सक्रिय बदमाश है और हालिया मामले में काफी समय से गिरफ्तारी से बचता आ रहा था। आरोपी को जहांगीर पुरी से गिरफ्तार किया गया।

### आठ वर्षीय मासूम का किया यौन उत्पीड़न

नई दिल्ली। साउथ ईस्ट जिले के ओखला औद्योगिक क्षेत्र थाना इलाके में एक आठ वर्षीय मासूम के साथ तीन नाबालिग लड़कों द्वारा यौन उत्पीड़न का मामला सामने आया। आरोपियों ने वारदात को अंजाम पीड़िता के घर के पास ही मौजूद एक गोदाम ने दिया। शिकायत के बाद पुलिस ने बच्ची का मेडिकल कराया। मेडिकल में यौन उत्पीड़न की पुष्टि होने के बाद केस दर्ज किया गया। इसके बाद पुलिस ने तीनों आरोपियों को पकड़ लिया है। पुलिस के अनुसार गत 14 मार्च को ओखला औद्योगिक क्षेत्र थाना पुलिस को आठ वर्षीय मासूम के साथ नाबालिग लड़कों द्वारा यौन उत्पीड़न के संबंध में एक पीसीआर कॉल मिली। सूचना मिलते ही एसआई दिनेश के नेतृत्व में एक विशेष टीम तुरंत मौके पर पहुंची। पुलिस टीम मासूम को लेकर एम्स अस्पताल पहुंची।

# गीता कॉलोनी थाने का एएसआई रिश्वत के आरोप में गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

विजिलेंस ब्रांच ने शाहदरा जिले के गीता कॉलोनी थाने में तैनात एक एएसआई को 20 हजार रुपये की रिश्वत लेने के आरोप में रंगे हाथ गिरफ्तार किया है। पकड़े गए आरोपी का नाम रोहताश कुमार बताया गया। उसके पास से रिश्वत की रकम भी बरामद कर ली गई।

डीसीपी (विजिलेंस) अंकित सिंह के अनुसार भ्रष्टाचार के खिलाफ शुरू की गई पुलिस कमिश्नर की



मुहिम को आगे बढ़ाते हुए विजिलेंस यूनिट ने एएसआई रोहताश कुमार को एक शिकायतकर्ता से 20 हजार रुपये की रिश्वत लेते हुए रंगे हाथों गिरफ्तार किया। शिकायतकर्ता ने विजिलेंस यूनिट से संपर्क कर आरोप लगाया था कि उसकी पत्नी ने गीता कॉलोनी थाने में उसके खिलाफ दहेज उत्पीड़न का एक मामला दर्ज कराया था। इस मामले एएसआई रोहताश कुमार एफआईआर में नामजद उसके परिवार के अन्य सदस्यों को सख्त कार्रवाई की धमकी देकर परेशान कर रहा है। उसकी 40 हजार की डिमांड है। बाद में बातचीत के बाद सौदा 20 हजार में तय हुआ। शिकायत के बाद विजिलेंस यूनिट ने रिश्वत के भुगतान के लिए तय समय पर एक जाल बिछाया और आरोपी एएसआई रोहताश कुमार को गिरफ्तार कर लिया।

# डिवाइडर से टकराकर पलटा ट्रक, चालक की मौत

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

- दो बाइक सवार भी हुये घायल

दक्षिण पूर्वी दिल्ली के ओखला औद्योगिक क्षेत्र में एक ट्रक के डिवाइडर से टकरा कर पलट जाने से उसके 32 वर्षीय चालक की मौत हो गई। पुलिस ने बताया कि ट्रक चालक मोटरसाइकिल को टक्कर मारने के बाद भागने की कोशिश कर रहा था। यह हादसा रविवार देर रात करीब एक बजे ओखला औद्योगिक क्षेत्र में एसआईएस प्रोसेगर भवन के पास हुई।



पुलिस के अनुसार दुर्घटना की जानकारी पुलिस नियंत्रण कक्ष (पीसीआर) को मिलने पर एक टीम मौके पर पहुंची और पाया कि ओखला अंडरपास के पास एक ट्रक डिवाइडर से टकराने के बाद पलट गया था। वाहन के पास एक व्यक्ति बेहोश पड़ा मिला, जिसे तुरंत अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान के ट्रॉमा सेंटर ले जाया गया, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

मृतक की पहचान उत्तर प्रदेश के कासगंज निवासी लोकेंद्र के रूप में हुई। पुलिस ने बताया कि दुर्घटना से कुछ ही समय पहले ट्रक ने सरिता विहार में एक पेट्रोल पंप के पास एक मोटरसाइकिल को टक्कर मारी थी। टक्कर में मोटरसाइकिल सवार दो लोग घायल हो हुये थे और उन्हें पास के अस्पताल ले जाया गया, जहां उनकी हालत स्थिर बताई जा रही है। मोटरसाइकिल से टक्कर के बाद ट्रक चालक कथित तौर पर घटनास्थल से भाग गया और ट्रक पर नियंत्रण खोने के बाद ओखला अंडरपास के पास डिवाइडर से टकरा गया।

# प्रवेश ने फ्लड कंट्रोल मॉनिटरिंग सेंटर का किया शिलान्यास



हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

दिल्ली में मानसून से पहले बाढ़ प्रबंधन की तैयारियों को और मजबूत करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए दिल्ली सरकार के सिंचाई एवं बाढ़ नियंत्रण मंत्री प्रवेश साहिब सिंह वर्मा ने सोमवार को शास्त्री नगर स्थित एल.एम. बंड ऑफिस कॉम्प्लेक्स में नए फ्लड कंट्रोल मॉनिटरिंग सेंटर का शिलान्यास किया।

इस अवसर पर विभाग के वरिष्ठ अधिकारी और इंजीनियर भी उपस्थित रहे। इस परियोजना के तहत एक समर्पित भवन का निर्माण किया जाएगा, जो सिंचाई एवं बाढ़ नियंत्रण विभाग के लिए केंद्रीय फ्लड कंट्रोल मॉनिटरिंग सेंटर के रूप में कार्य करेगा। इस परियोजना की अनुमानित लागत 355 लाख 72 हजार रुपए है और इसे 15 जून 2026 तक पूरा करने का लक्ष्य रखा गया है, ताकि मानसून के चरम समय से पहले यह पूरी तरह कार्यात्मक हो सके। भवन के भूतल (ग्राउंड फ्लोर) पर मुख्य फ्लड कंट्रोल रूम बनाया जाएगा, जहां से यमुना नदी के जलस्तर की निगरानी, विभिन्न इलाकों से आने वाली फील्ड रिपोर्ट की समीक्षा और बाढ़ से जुड़ी आपात स्थितियों में त्वरित समन्वय किया जा सकेगा। वहीं पहली मंजिल पर लगभग 50 लोगों की क्षमता वाला कॉन्फ्रेंस एवं कोऑर्डिनेशन हॉल बनाया जाएगा, जहां अधिकारी, इंजीनियर और फील्ड टीमें महत्वपूर्ण समीक्षा बैठकें और रणनीतिक चर्चाएं कर सकेंगी। शिलान्यास के बाद मंत्री प्रवेश साहिब सिंह ने कहा कि दिल्ली सरकार विभागों की संस्थागत क्षमता को मजबूत करने पर विशेष ध्यान दे रही है, ताकि आपात स्थितियों में तेजी और बेहतर समन्वय के साथ काम किया जा सके।

### डीयू ने अंतर-विश्वविद्यालय राष्ट्रीय युवा महोत्सव में जीते तीन प्रथम पुरस्कार

नई दिल्ली। दिल्ली विश्वविद्यालय के विद्यार्थियों ने चेन्नई स्थित सत्यभामा विश्वविद्यालय में आयोजित 39वें एआईयू अंतर-विश्वविद्यालय राष्ट्रीय युवा महोत्सव 2025-26 में तीन प्रथम पुरस्कार प्राप्त कर के विश्वविद्यालय का नाम रोशन किया है। 'समग्र साहित्यिक' श्रेणी में भी दिल्ली विश्वविद्यालय ने प्रथम स्थान प्राप्त किया है। डीयू कल्चर काउंसिल के चेयरपर्सन अनूप लाठर ने इस संबंध में जानकारी देते हुए बताया कि इस युवा महोत्सव का आयोजन 10 से 14 मार्च तक चेन्नई में किया गया था। उन्होंने बताया कि डीयू के विद्यार्थियों ने दस श्रेणियों में प्रतिस्पर्धा करते हुए उत्कृष्ट प्रदर्शन किया और प्रत्येक श्रेणी में स्वर्ण/रजत/कांस्य पदक हासिल किए हैं। उन्होंने बताया कि चेन्नई गए डीयू के विद्यार्थियों के साथ टीम प्रभारी डॉ. रिगज़नि कांग और डॉ. सुकन्या टिकदार तथा संकाय समन्वयक डॉ. मुनेश कुमारी और डॉ. देबाशीष पराशर भी उपस्थित थे। चेयरपर्सन अनूप लाठर ने कहा कि यह सब डीयू कुलपति प्रो. योगेश सिंह के निर्देशन और निरंतर मार्गदर्शन व संरक्षण में संभव हो रहा है, इसके लिए कल्चर काउंसिल उनकी अत्यंत आभारी है। उन्होंने कहा कि कल्चर काउंसिल के डीन प्रो. रविंदर कुमार के गतिशील मार्गदर्शन और संयुक्त-डीन डॉ. हेमंत वर्मा के समन्वित प्रयासों के कारण कल्चर काउंसिल नई ऊंचाइयों को छू रही है। इस अवसर पर डीयू कल्चर काउंसिल के डीन प्रो. रविंदर कुमार ने बताया कि वाद-विवाद (अंग्रेजी), वाद-विवाद (हिंदी) और कार्टूनिंग में डीयू के विद्यार्थियों ने प्रथम प्राप्त किये हैं। क्विज़, शास्त्रीय वाद्य (नॉन प्रेक्यूशन) एकल और पाश्चात्य गायन एकल में द्वितीय स्थान प्राप्त किये हैं। उन्होंने बताया कि एलुकेशन (अंग्रेजी), समूह गान (भारतीय), शास्त्रीय वाद्य (प्रेक्यूशन) एकल और शास्त्रीय गायन एकल में डीयू के विद्यार्थियों ने तृतीय स्थान प्राप्त किये हैं।

# 'खूंखार कुत्तों का आतंक: शिकायतों के बावजूद नहीं जाग रहा निगम'

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली में एक ओर जहां दिल्ली नगर निगम (एमसीडी) आवारा कुत्तों पर नियंत्रण के बड़े-बड़े दावे करता है, वहीं जमीनी स्तर पर स्थिति इसके बिल्कुल विपरीत दिखाई दे रही है। शाहदरा उत्तरी जोन के सबोली वार्ड स्थित प्रताप नगर की गली नंबर 4 में इन दिनों खुंखार कुत्तों का आतंक बना हुआ है। स्थानीय निवासी डर और दहशत के साये में जीने को मजबूर हैं, जबकि निगम प्रशासन और जनप्रतिनिधियों की कार्रवाई केवल कागजों तक सीमित नजर आ रही है।

बता दें कि निगम के सदन, स्थायी समिति और वार्ड बैठकों में आवारा कुत्तों के नियंत्रण को लेकर बार-बार चर्चा और कार्रवाई का दावा किया जाता है, लेकिन जमीनी स्तर पर कोई ठोस कदम नहीं उठाया जा रहा। इसका खामियाजा क्षेत्र के मासूम बच्चों, बुजुर्गों, महिलाओं आदि को भुगतना पड़ रहा है। वहीं, निगम प्रशासन का कहना है कि उनके संज्ञान में शिकायत आई और इसका समाधान किया जाएगा।



- दो मासूमों सहित कई को बना चुके हैं शिकार
- शाहदरा दक्षिणी जोन के सबोली वार्ड में बढ़ता खतरा
- कागजों में कार्रवाई का दावा-जमीनी स्तर पर हालात जस के तस

### छोटे बच्चों को गली में घूम रहे कुत्तों ने काट लिया

एक पीड़ति निवासी ने बताया कि बीते लगभग दो महीनों के भीतर ही उनके दो छोटे बच्चों को गली में घूम रहे कुत्तों ने काट लिया। घटना के बाद उन्होंने शिकायत भी की, लेकिन अब तक कोई प्रभावी कार्रवाई नहीं हुई। उनका कहना है कि शिकायत के बाद भी न तो कुत्तों को पकड़ने की टीम आई और न ही इलाके में कोई निरीक्षण किया गया।

### झुंड बनाकर घूमते रहते है गली में कई आक्रामक कुत्ते

स्थानीय निवासियों का कहना है कि गली में कई आक्रामक कुत्ते झुंड बनाकर घूमते हैं, जिससे बच्चों का बाहर निकलना तक मुश्किल हो गया है। स्कूल जाने वाले बच्चे, बुजुर्ग और महिलाएं हर समय हमले के डर में रहते हैं। लोगों का कहना है कि यदि समय रहते निगम प्रशासन ने ठोस कदम नहीं उठाए तो कोई बड़ी घटना भी हो सकती है।

### समस्या का किया जाए स्थायी समाधान

क्षेत्रवासियों ने नगर निगम प्रशासन से मांग की है कि इलाके में तुरंत डॉग कंट्रोल टीम भेजकर आक्रामक कुत्तों को पकड़ा जाए और इस समस्या का स्थायी समाधान किया जाए, ताकि लोगों को भयमुक्त वातावरण मिल सके। स्थानीय लोगों का सवाल है कि जब शिकायतों के बावजूद कार्रवाई नहीं हो रही, तो आखिर निगम प्रशासन की जिम्मेदारी किसके प्रति है - कागजों के प्रति या आम नागरिकों की सुरक्षा के प्रति?

अंजुमन सैर-ए-गुल फरोशां के सदस्यों ने मुख्यमंत्री का किया अभिनंदन

# 'फूल वालों की सैर' दिल्ली की साझा सांस्कृतिक विरासत और सद्भाव की है अद्भुत मिसाल: रेखा

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

फूल वालों की सैर केवल एक उत्सव नहीं, बल्कि दिल्ली की साझा सांस्कृतिक विरासत और सद्भाव की अद्भुत मिसाल है। यह परंपरा हमें याद दिलाती है कि विविधताओं से भरी हमारी संस्कृति में एकता और भाईचारे की भावना सदैव सर्वोपरि रही है। यह बातें सोमवार को दिल्ली सचिवालय में 'फूल वालों की सैर' के अंतर्गत आयोजित विशेष कार्यक्रम में मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने कही। इस अवसर पर दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता को पारंपरिक शहनाई की गूंज के बीच 'अंजुमन सैर-ए-गुल फरोशां' के सदस्यों द्वारा पारंपरिक रूप से शहनाई वादन के साथ फूलों के पंखे भेंट कर सम्मानित किया गया। शहनाई की मधुर धुनों के बीच आयोजित इस समारोह ने दिल्ली की सांस्कृतिक विरासत और सामाजिक सौहार्द्र की भावना को पुनः जीवंत कर दिया। इस अवसर पर दिल्ली सरकार के कैबिनेट मंत्री कपिल मिश्रा सहित अन्य गणमान्य भी उपस्थित थे। कार्यक्रम के दौरान मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने कहा कि कहा कि दिल्ली सरकार राजधानी की ऐतिहासिक परंपराओं और सांस्कृतिक आयोजनों को संरक्षित और प्रोत्साहित करने के लिए प्रतिबद्ध है। ऐसे आयोजन नई पीढ़ी को अपनी सांस्कृतिक जड़ों से जोड़ते हैं और समाज में आपसी सम्मान और सौहार्द्र की भावना को मजबूत करते हैं।




### यह कार्यक्रम दिल्ली की संस्कृति और परंपराओं को नई पीढ़ी तक पहुंचाने का अवसर देगा : कपिल

मंत्री कपिल मिश्रा ने कहा कि फूल वालों की सैर का यह उत्सव हमारी साझा सांस्कृतिक विरासत को मजबूत करने का काम करता है। यह आयोजन समाज में सद्भाव, एकता और भाईचारे का संदेश देने वाली ऐतिहासिक परंपरा है। इससे दिल्ली की समृद्ध संस्कृति और परंपराओं को नई पीढ़ी तक पहुंचाने का अवसर मिलता है। इस वर्ष 'फूल वालों की सैर 2026' का आयोजन 15 मार्च से 21 मार्च 2026 तक किया जा रहा है, जिसके दौरान विभिन्न सांस्कृतिक, धार्मिक और सामाजिक कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं।

### तीन दिवसीय सांस्कृतिक महोत्सव महक 2026 का आगाज

नई दिल्ली। दिल्ली विश्वविद्यालय से संबद्ध श्री अरबिंदो कॉलेज के तत्वावधान में तीन दिवसीय सांस्कृतिक महोत्सव (कल्चर फेस्ट) महक -2026 का विधिवत उद्घाटन सोमवार को सेमिनार हॉल में किया गया। इस अवसर पर कॉलेज प्राचार्य प्रोफेसर अरुण चौधरी ने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। कार्यक्रम के पहले दिन नुक्कड़ नाटकों के मंचन की धूम रही। इस बार की थीम विश्वविद्यालय / कॉलेज परिसरों में शांति, प्रेम और सद्भावना पैदा करना है। कॉलेज के प्राचार्य प्रोफेसर अरुण चौधरी ने अपने उद्बोधन में नुक्कड़ नाटक प्रतियोगिता में आई टीमों को संबोधित करते हुए कहा कि समाज को जागरूक करने के लिए नुक्कड़ नाटकों का खेला जाना वर्तमान समय की आवश्यकता है। शिक्षा, स्वास्थ्य और पर्यावरण पर सरकारी व गैर सरकारी संस्थाएँ नुक्कड़ नाटकों के माध्यम से लोगों को जागरूक करती है।

### दिल्ली विधानसभा का बजट सत्र 23 से 25 मार्च तक

नई दिल्ली। दिल्ली विधानसभा का आगामी बजट सत्र 23 मार्च से आयोजित किया जाएगा। मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता की अध्यक्षता में सोमवार को दिल्ली सचिवालय में आयोजित कैबिनेट की बैठक में यह महत्वपूर्ण निर्णय लिया गया। कैबिनेट के निर्णय अनुसार 23 मार्च को सदन के पटल पर 'आर्थिक सर्वेक्षण' (इकोनॉमिक सर्वे) की रिपोर्ट रखी जाएगी। अगले दिन यानी 24 मार्च को दिल्ली सरकार अपना बजट पेश करेगी।

## मयूर विहार से एम्स तक का सफर होगा सिग्नल फ्री : रेखा

# दिल्ली कैबिनेट ने दी बारापुला फेज-3 और एमबी रोड एलिवेटेड कॉरिडोर को मंजूरी

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

मयूर विहार से एम्स तक का सफर सिग्नल फ्री होगा। इसके लिए दिल्ली कैबिनेट ने बारापुला फेज-III एलिवेटेड कॉरिडोर और एमबी रोड पर 6-लेन एलिवेटेड कॉरिडोर व अंडरपास परियोजना को स्वीकृति दे दी है। इस बात की जानकारी सोमवार को मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने दी है। मुख्यमंत्री ने कहा कि इन परियोजनाओं से लाखों लोगों को राहत मिलेगी और दिल्ली की सड़क व्यवस्था अधिक आधुनिक और सुगम बनेगी।

ये परियोजनाएं 'विकसित दिल्ली' के निर्माण की दिशा में महत्वपूर्ण कदम हैं और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 'विकसित भारत' के विजन को साकार करने में भी योगदान देंगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि सराय काले खां से मयूर विहार तक बारापुला नाले के ऊपर एलिवेटेड रोड (फेज-तीन) के निर्माण के लिए संशोधित लागत 1635 करोड़ 3 लाख रुपए रुपये मंजूर की गई है। यह परियोजना मौजूदा बारापुला एलिवेटेड कॉरिडोर का विस्तार है और इसके पूरा होने पर पूर्वी दिल्ली के मयूर विहार से दक्षिण दिल्ली में एम्स तक बिना सिग्नल के सीधी कनेक्टिविटी मिल सकेगी। उन्होंने कहा कि इससे पूर्वी और दक्षिणी दिल्ली के बीच रोज यात्रा करने वाले लाखों लोगों का यात्रा समय काफी कम होगा और सराय काले खां, रिंग रोड, डीएनडी फ्लाईवे तथा एनएच-24 के आसपास होने वाला ट्रैफिक जाम भी कम होगा। इस परियोजना का निर्माण कार्य 30 जून 2026 तक पूरा करने का लक्ष्य रखा गया है।



### पिछली सरकार की देरी की होगी जांच

मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने कहा कि पिछली सरकार के समय इस परियोजना में हुई अनावश्यक देरी को सरकार ने गंभीरता से लिया है। उन्होंने स्पष्ट किया कि पूरे मामले को एंटी-करप्शन ब्रांच को विस्तृत जांच के लिए भेज दिया गया है ताकि यह पता लगाया जा सके कि देरी क्यों हुई और इसके लिए जिम्मेदार कौन है। मौजूदा सरकार परियोजना को स्पष्ट वित्तीय व्यवस्था और जवाबदेही के साथ आगे बढ़ा रही है। मुख्यमंत्री ने बताया कि कैबिनेट ने साकेत जी-ब्लॉक से पुल प्रह्लादपुर तक एमबी रोड पर 6-लेन एलिवेटेड रोड और अंडरपास बनाने की परियोजना को भी मंजूरी दे दी है। इस परियोजना की अनुमानित लागत 1471 करोड़ 14 लाख करोड़ रुपये है और इसे दिल्ली मेट्रो रेल कॉरपोरेशन (डीएमआरसी) द्वारा बनाया जाएगा।

मुख्यमंत्री रेखा गुप्त ने कहा कि यह परियोजना दो हिस्सों में लागू की जाएगी। पहले हिस्से में साकेत जी-ब्लॉक से संगम विहार तक डबल-डेकर इंटीग्रेटेड स्ट्रक्चर बनाया जाएगा, जिसमें 6-लेन एलिवेटेड फ्लाईओवर, साकेत जी-ब्लॉक पर 6-लेन अंडरपास, बीआरटी कॉरिडोर से फ्लाईओवर तक एलिवेटेड रैंप और एमबी रोड को बीआरटी कॉरिडोर से जोड़ने वाला दो लेन अंडरपास बनाया जाएगा। परियोजना के दूसरे हिस्से में मां आनंदमयी मार्ग से पुल प्रह्लादपुर तक लगभग 2.48 किलोमीटर लंबा 6-लेन एलिवेटेड फ्लाईओवर बनाया जाएगा, जो दिल्ली मेट्रो की टनल के ऊपर तैयार किया जाएगा।

### दक्षिण दिल्ली में ट्रैफिक जाम से मिलेगी राहत

मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने कहा कि एमबी रोड दक्षिण दिल्ली की सबसे व्यस्त सड़कों में से एक है, जहां लंबे समय से ट्रैफिक जाम की समस्या बनी रहती है। यह परियोजना बनने के बाद साकेत, आंबेडकर नगर, खानपुर, संगम विहार और पुल प्रह्लादपुर के बीच यातायात सुगम होगा, ट्रैफिक जाम कम होगा और लोगों का सफर समय काफी घटेगा। उन्होंने बताया कि कैबिनेट ने लोक निर्माण विभाग (पीडब्ल्यूडी) को यह भी निर्देश दिया है कि एमबी रोड के बचे हुए हिस्सों का अलाइनमेंट भी जल्द तय किया जाए, जिसमें संगम विहार से मां आनंदमयी मार्ग और पुल प्रह्लादपुर से बदरपुर तक का हिस्सा शामिल है। इससे साकेत जी-ब्लॉक से बदरपुर तक पूरी एमबी रोड पर यातायात व्यवस्था बेहतर हो सकेगी।




# कुतुबगढ़ आरोग्य मंदिर को अस्पताल बनाने पर विचार करेगी एमसीडी : सत्या

## स्थायी समिति की अध्यक्ष ने नरेला जोन का किया निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

दिल्ली देहात के बवाना विधानसभा स्थित कुतुबगढ़ गांव का आयुष्मान आरोग्य मंदिर काफी बड़े परिसर में स्थित है और यहां पर्याप्त कमरे, ओपीडी स्पेस तथा स्टाफ क्वार्टर्स उपलब्ध हैं, इसलिए भविष्य में इसे आरोग्य मंदिर के बजाय अस्पताल, मैटरनिटी होम या मातृ-शिशु केंद्र के रूप में विकसित करने की संभावनाओं पर विचार किया जाना चाहिए। दिल्ली नगर निगम (एमसीडी) स्थायी समिति की अध्यक्ष सत्या शर्मा ने सोमवार को नरेला जोन के कुतुबगढ़ गांव स्थित आयुष्मान आरोग्य मंदिर परिसर का निरीक्षण करने के मौके पर यह बात कही।

उन्हें यहां निरीक्षण के दौरान जोन में सफाई व्यवस्था संतोषजनक मिली। उन्होंने संबंधित अधिकारियों द्वारा किए जा रहे स्वच्छता कार्यों की सराहना करते हुए निर्देश दिया कि इसी प्रकार नियमित सफाई, कूड़ा उठान तथा सार्वजनिक स्थलों की स्वच्छता बनाए रखने के प्रयास निरंतर जारी रखे जाएं, ताकि क्षेत्र में स्वच्छ और स्वस्थ वातावरण सुनिश्चित किया जा सके। निगम प्रशासन से मिली जानकारी के अनुसार स्थायी समिति की अध्यक्ष ने विभिन्न वार्डों का निरीक्षण किया। इस अवसर पर नरेला जोन वार्ड समिति की अध्यक्ष बबीता डबास, क्षेत्रीय उपायुक्त राघवेंद्र मीणा तथा संबंधित विभागों के अधिकारी भी उपस्थित रहे।



नरेला ज़ोन वार्ड समिति की अध्यक्ष बबीता डबास ने कहा कि क्षेत्र में विकास कार्यों को गति देने के लिए लगातार प्रयास किए जा रहे हैं। स्थानीय निवासियों की समस्याओं को प्राथमिकता के आधार पर हल करने तथा स्वच्छता, स्वास्थ्य और शिक्षा से जुड़ी सुविधाओं को और बेहतर बनाने के लिए निगम के सभी विभाग समन्वय के साथ कार्य कर रहे हैं।

### बख्तावरपुर गांव से ताजपुर गांव तक के मार्ग का हुआ नामकरण

नई दिल्ली। दिल्ली के महापौर सरदार राजा इकबाल सिंह ने सोमवार को बख्तावरपुर वार्ड नं. 5 में स्वर्गीय चौधरी सुखराम पहलवान की स्मृति में बख्तावरपुर से ताजपुर जाने वाले मार्ग का नामकरण कर इसका विधिवत उद्घाटन किया। इस अवसर पर उत्तर पश्चिम दिल्ली के सांसद योगेंद्र चंदोलिया, नरेला के विधायक राजकरण खत्री, निगम की ग्रामीण समिति के अध्यक्ष योगेश राणा, निगम पार्षद दिनेश भारद्वाज, श्वेता खत्री, रितु, मनोनीत पार्षद लक्ष्मण आर्य तथा बख्तावरपुर वार्ड की पार्षद एवं नरेला ज़ोन की उपाध्यक्ष जनता देवी भी उपस्थिति रही। महापौर सरदार राजा इकबाल सिंह ने इस अवसर पर कहा कि स्वर्गीय चौधरी सुखराम पहलवान ने समाज सेवा और क्षेत्र के विकास में महत्वपूर्ण योगदान दिया। उनके नाम पर इस मार्ग का नामकरण क्षेत्रवासियों की श्रद्धांजलि और उनके प्रति सम्मान का प्रतीक है।

# एनडीएमसी ने बिजली आपूर्ति नेटवर्क के उन्नयन कार्य का किया शिलान्यास

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

नई दिल्ली के लोधी कॉलोनी इलाके में बिजली आपूर्ति आधारभूत ढांचे को मजबूत और आधुनिक बनाने के मकसद से, दिल्ली सरकार के मंत्री प्रवेश साहिब सिंह और सांसद बांसुरी स्वराज ने लोधी कॉलोनी में बिजली आपूर्ति नेटवर्क के उन्नयन की परियोजना का शिलान्यास किया। इस अवसर पर एनडीएमसी सदस्य अनिल वाल्मीकि, सरिता तोमर के साथ वरिष्ठ अधिकारी और स्थानीय निवासी भी मौजूद रहे।

एनडीएमसी प्रशासन ने बताया कि यह परियोजना एनडीएमसी के सिविक इंफ्रास्ट्रक्चर को आधुनिक बनाने, स्मार्ट टेक्नोलॉजी अपनाने, और कुशल और नागरिक-केंद्रित शहरी शासन के विजन के अनुसार निवासियों को भरोसेमंद नागरिक सेवाएं देने के प्रतिबद्धता को दिखाता है। एनडीएमसी हमेशा बढ़ती मांग को पूरा करने और अपने अधिकार क्षेत्र में सभी निवासियों के लिए बेहतर गुणवत्तापूर्ण जीवन शैली को सुनिश्चित करने के लिए जरूरी सेवाओं को लगातार अपग्रेड करने के लिए समर्पित है।



### 12 दिनों में एक लाख से अधिक पिंक कार्ड हुए जारी

नई दिल्ली। दिल्ली सरकार द्वारा शुरू की गई सहेली पिंक स्मार्ट कार्ड योजना के तहत 12 दिनों में एक लाख से अधिक महिलाओं को कार्ड जारी हो चुके हैं। इस बाबत दिल्ली सरकार ने कहा कि सिर्फ 12 दिनों में 1 लाख से अधिक कार्ड जारी होना महिलाओं के बढ़ते विश्वास को दर्शाता है। सरकार का कहना है कि मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता के नेतृत्व में शुरू हुई सहेली पिंक स्मार्ट कार्ड योजना महिलाओं के सुरक्षित और सुलभ सफर की दिशा में महत्वपूर्ण पहल बन रही है। उल्लेखनीय है कि दिल्ली सरकार ने 2 मार्च 2026 को महिलाओं और ट्रांसजेंडर्स के लिए 'पिंक सहेली स्मार्ट कार्ड' योजना शुरू की थी। इसके एक दिन बाद 3 मार्च 2026 से 50 केंद्रों पर कार्ड का वितरण शुरू हो गया था। इस योजना के तहत डीटीसी और क्लस्टर बसों में मुफ्त यात्रा अब पुराने कागज के टिकट की जगह इन पिंक कार्ड से होगी। इस स्मार्ट कार्ड का उद्देश्य सफर को डिजिटल, सुरक्षित और पारदर्शी बनाना है।

### एयरपोर्ट एक्सप्रेस लाइन पर मेट्रो ने किया यात्रियों को परेशान

नई दिल्ली। दिल्ली मेट्रो रेल निगम (डीएमआरसी) की एयरपोर्ट एक्सप्रेस मेट्रो लाइन पर सोमवार को आई तकनीकी खराबी ने यात्रियों की मुसीबत बढ़ा दी। यह लाइन अहम इसलिए भी है क्योंकि इससे अधिकांश रूप से हवाई यात्री आवागमन करते है। ऐसे में मेट्रो में आई खराबी कई यात्रियों के लिए परेशानी का सबब बन सकती है। खराबी को लेकर डीएमआरसी ने सबसे पहले सुबह 11.34 बजे अपने अधिकृत सोशल मीडिया मंच एक्स पर पोस्ट करते हुए लिखा सेवा अपडेट, तकनीकी खराबी के कारण नई दिल्ली और यशोभूमि द्वारका सेक्टर-25 मेट्रो स्टेशनों के बीच एयरपोर्ट एक्सप्रेस लाइन पर ट्रेन सेवाओं में देरी। डीएमआरसी ने लिखा कि बाकी अन्य सभी लाइनों पर मेट्रो सेवाएं पूरी तरह से सामान्य हैं। वहीं दूसरी तरफ कई यात्रियों ने एक्स पर ही डीएमआरसी को खरी खोटी सुनाई। श्रीवास्तव जी नामक व्यक्ति ने लिखा की टेक्निकल इश्यू के अलावा कोई और शब्द भी इस्तेमाल कर लिया करो, हर लाइन पर टेक्निकल फाल्ट लिख देते हो।

# तुगलकाबाद रेलवे स्टेशन को दी जाएं मॉडर्न सुविधाएं: बिधूड़ी

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

दक्षिण दिल्ली से भाजपा सांसद रामवीर सिंह बिधूड़ी ने लोकसभा में मांग की है कि तुगलकाबाद रेलवे स्टेशन को मॉडर्न रेलवे स्टेशन के रूप में सभी सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएं। उन्होंने सोंगरिया सुपरफास्ट ट्रेन और जनशताब्दी एक्सप्रेस ट्रेन के तुगलकाबाद स्टेशन पर और पिंक सिटी एक्सप्रेस और अजमेर जन शताब्दी चेतक एक्सप्रेस के पालम स्टेशन पर ठहराव फिर से शुरू करने की मांग की है। इससे लाखों श्रद्धालुओं को खाटू श्यामजी के दर्शनों के लिए जाने पर भारी असुविधा का सामना करना पड़ रहा है। उन्होंने अनुरोध किया कि खाटू श्याम जी जाने वाले श्रद्धालुओं के लिए दिल्ली से जालोर के लिए नई रेल सेवा शुरू की जाए जो रेवाड़ी से चलकर वाया अटेली, नारनौल होते हुए रींगस पहुंचे। लोकसभा में सोमवार को रेल मंत्रालय की अनुदान मांगों पर चर्चा के दौरान बिधूड़ी ने दिल्ली को रेल सुविधाएं उपलब्ध कराने के लिए 28 गुना अधिक राशि के प्रावधान के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के प्रति आभार जताया। दिल्ली के लिए इस साल के लिए बजट में 2711 करोड़ रुपए का आवंटन किया गया है जोकि 2009

# डीटीसी जल्द ही 17 अंतरराज्यीय मार्गों पर चलाएगी 50 पर्यावरण अनुकूल एसी बसें

## श्रद्धालुओं के लिए प्रमुख धार्मिक स्थलों तक सुगम यात्रा सुनिश्चित करना हमारी प्राथमिकता : डॉ. पंकज

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

दिल्ली परिवहन निगम (डीटीसी) अंतरराज्यीय कनेक्टिविटी को और अधिक मजबूत करने के लिए जल्द ही 17 मार्गों पर 50 पर्यावरण अनुकूल एसी 12 मीटर बसों को चलाने की तैयारी कर रहा है। इन बसों का संचालन 'एसोसिएशन ऑफ स्टेट रोड ट्रांसपोर्ट अंडरटेकिंग्स' (एएसआरटीयू) द्वारा निर्धारित बेंचमार्क दरों के आधार पर किया जाएगा। इस बात की घोषणा सोमवार को दिल्ली के परिवहन मंत्री डॉ. पंकज कुमार सिंह ने दी है। उन्होंने कहा



कि अंतरराज्यीय परिवहन सेवाओं के विस्तार के तहत डीटीसी पहले ही दिल्ली से बड़ौत (उत्तर प्रदेश), दिल्ली से सोनीपत (हरियाणा), दिल्ली से धारूहेड़ा (हरियाणा) और दिल्ली से पानीपत (हरियाणा) जैसे प्रमुख मार्गों पर इलेक्ट्रिक बसों का परिचालन शुरू कर दिया है, जिससे राजधानी दिल्ली और आसपास के इलाके के बीच कनेक्टिविटी और ज्यादा बेहतर हुई है। इसके अलावा इंटर-स्टेट रूट को और मजबूत बनाने के लिए नानकसर-दिल्ली–गाज़ियाबाद बस टर्मिनल, दिल्ली–रेवाड़ी, दिल्ली–करनाल, दिल्ली–रोहतक, दिल्ली–अलवर और दिल्ली–जेवर जैसे रूटों पर भी बस सेवाएं शुरू करने की योजना है। जिससे इन रूट पर रोजाना सफर करने वाले दैनिक यात्रियों के साथ क्षेत्रीय यात्रियों को बेहतर सुविधाएं मिलने में आसानी होगी। मंत्री डॉ. पंकज कुमार सिंह ने कहा कि हमारी यह पहल दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता के कुशल नेतृत्व में सार्वजनिक परिवहन के बुनियादी ढांचे को और मजबूत करने, अंतरराज्यीय आवागमन का विस्तार करने और नागरिकों को विश्वसनीय और किफायती यात्रा विकल्प उपलब्ध कराने के व्यापक प्रयासों का एक हिस्सा है।

### बेहतर बस कनेक्टिविटी से धार्मिक पर्यटन को बढ़ावा दे रही है सरकार

दिल्ली के परिवहन मंत्री डॉक्टर पंकज कुमार सिंह ने कहा कि हमारी सरकार बेहतर बस कनेक्टिविटी के माध्यम से धार्मिक पर्यटन को बढ़ावा देने की दिशा में तेजी से काम कर रही है। इसी पहल के तहत दिल्ली से कटरा (वैष्णो देवी), खाटू श्याम और अयोध्या जैसे प्रमुख धार्मिक स्थलों के लिए नई बस सेवा शुरू करने की भी योजना बनाई जा रही है, जिससे श्रद्धालुओं को सुरक्षित और सुविधाजनक यात्रा की सुविधा उपलब्ध हो सकें।

## इंद्राज ने पर्पल फेस्ट में दिव्यांगजनों की प्रतिभा और आत्मविश्वास को सराहा

# दिव्यांगजनों के सम्मान के लिए दिल्ली सरकार पूरी तरह प्रतिबद्ध

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

दिल्ली सरकार दिव्यांगजनों के सम्मान, समान अवसर और सशक्तिकरण के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है। दिल्ली का समाज कल्याण विभाग पूरी प्रतिबद्धता के साथ कार्य कर रहा है ताकि दिव्यांगजनों को शिक्षा, कौशल विकास, रोजगार और आत्मनिर्भरता के अवसर प्रदान किए जा सकें।

आप एक कदम आगे बढ़ाइए, दिल्ली सरकार आपके साथ चार कदम चलने के लिए पूरी तरह तैयार है। यह बातें सोमवार को दिल्ली के समाज कल्याण विभाग मंत्री रविंद्र इंद्राज सिंह ने पर्पल फेस्ट में उपस्थित अधिकारियों, सामाजिक संस्थाओं और दिव्यांगजनों को संबोधित करते हुए कही। उन्होंने कहा कि यह आयोजन केवल एक सांस्कृतिक कार्यक्रम नहीं बल्कि समावेशी समाज, समान अवसर और सम्मानजनक भागीदारी के संकल्प का उत्सव है। उन्होंने कहा कि इस प्रकार के आयोजन समाज में सकारात्मक सोच को मजबूत करते हैं और यह संदेश देते हैं कि दिव्यांगजन समाज की मुख्यधारा का अभिन्न हिस्सा हैं। उन्होंने मंच से उपस्थित स्पेशल डायरेक्टर एवं स्पेशल सेक्रेटरी विपुल पाठक, डायरेक्टर एस. चौधरी, राहुल, दरियानी सहित सभी अधिकारियों, सामाजिक संस्थाओं और एनजीओज़ का स्वागत एवं अभिनंदन किया। मंत्री इंद्राज ने कहाक पर्पल फेस्ट जैसा भव्य और प्रेरणादायक आयोजन दिल्ली में एक नई शुरुआत है।



उन्होंने कहा कि समाज में बड़े परिवर्तन छोटे-छोटे प्रयासों से ही शुरू होते हैं और यह पहल दिव्यांगजनों के सम्मान और सशक्तिकरण की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। उन्होंने कहा कि देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा दिया गया 'विकलांग से दिव्यांग' का संदेश केवल शब्दों का परिवर्तन नहीं बल्कि समाज की सोच में सकारात्मक बदलाव का प्रतीक है। यह विचार हमें यह सिखाता है कि दिव्यांगजन किसी भी प्रकार से कमजोर नहीं हैं, बल्कि उनमें विशेष क्षमताएं और असाधारण प्रतिभा होती है।

मंत्री इंद्राज ने कहा कि भारत का लोकतंत्र प्रत्येक नागरिक को समान अवसर और समान अधिकार प्रदान करता है। आज अनेक दिव्यांग खिलाड़ी, कलाकार और युवा विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए देश का गौरव बढ़ा रहे हैं। अंतरराष्ट्रीय मंचों पर पदक जीतकर वे पूरे देश के लिए प्रेरणा का स्रोत बनते हैं। मंत्री इंद्राज ने कहा कि दिल्ली सरकार, मुख्यमंत्री श्रीमती रेखा गुप्ता के नेतृत्व में समाज के प्रत्येक वर्ग के सशक्तिकरण के लिए प्रतिबद्ध है। इसी दिशा में ट्रांसजेंडर समुदाय को सार्वजनिक परिवहन में फ्री पिंक कार्ड की सुविधा प्रदान करने का निर्णय लिया गया है, जो समानता और सम्मान की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल है।

### दिव्यांगजनों को दी जा रही है प्रतिमाह 6 हजार रुपए की आर्थिक सहायता

मंत्री इंद्राज ने बताया कि दिव्यांगजनों के परिवारों को सहयोग प्रदान करने के उद्देश्य से सरकार द्वारा दिव्यांगजनों के अटेंडेंट के लिए 6 हजार रुपए प्रति माह की आर्थिक सहायता उपलब्ध कराई जा रही है। उन्होंने कहा कि यह पहल केवल आर्थिक सहयोग नहीं बल्कि परिवारों को सशक्त बनाने और उन्हें आत्मविश्वास देने का प्रयास है।

### अपनी मांगों के समर्थन में ऑटो टैक्सी चालकों ने की चक्का जाम की घोषणा

नई दिल्ली। ऑटो टैक्सी चालकों ने अपनी विभिन्न मांगों के समर्थन में तीन दिवसीय चक्का जाम हड़ताल करने की घोषणा की है। इस बारे में ऑल दिल्ली ऑटो टैक्सी ट्रांसपोर्ट कांग्रेस यूनियन के अध्यक्ष किशन वर्मा ने बताया कि गैर कानूनी ओला उबर रैपिडो मोबाइल ऐप बेस सेवाओं को रोकने व चालकों की जान बचाने के लिए हड़ताल करनी पड़ रही है। उन्होंने बताया कि दिल्ली के ऑटो टैक्सी चालकों की जान हमेशा खतरे में रहती है। कई बार यात्री बनकर असामाजिक तत्व चालकों को जान से मारकर लूटपाट तक कर देते है। ऐसे में चालको की जान का लेकर उनका परिवार हमेशा खौफ के साए में जीता है। ऐसे में संगठन ने सरकार से कई बार चालकों की सुरक्षा को लेकर लिखित व मौखिक बातचीत की, लेकिन कोई हल नहीं निकला। वर्मा ने बताया अब संगठन ने चालकों की राय से फैसला लिया है कि आने वाली 21-23 मार्च, तीन दिन शांतिपूर्ण चक्का जाम हड़ताल की जाएगी। उन्होंने बताया कि संगठन द्वारा चालको की मांग है कि सभी यात्रियों का केवाईसी होना चाहिए, चालक की सुरक्षा की गारंटी दी जाए, आपातकालीन हेल्प सिस्टम मजबूत किया जाए, सभी मोबाइल बेस्ड ऐप कंपनियां की पूर्ण जवाबदेही तय की जाए और कम से कम 25 किलोमीटर तक न्यूनतम किराया तय किया जाए।

# एनडीबी की अध्यक्ष ने किया नमो भारत कॉरिडोर का दौरा, 'नेटवर्क ऑफ नेटवर्क्स' को सराहा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गाजियाबाद


इस मौके पर एनसीआरटीसी के वरिष्ठ अधिकारी मौजूद रहें

न्यू डेवलपमेंट बैंक (एनडीबी) की अध्यक्ष डिल्मा रूसेफ़ ने सोमवार को एनडीबी के वरिष्ठ अधिकारियों के एक प्रतिनिधिमंडल के साथ दिल्ली-गाजियाबाद-मेरठ नमो भारत कॉरिडोर का दौरा किया। उनका स्वागत एनसीआरटीसी की निदेशक/वित्त, नमिता मेहरोत्रा ने किया। साथ ही एनसीआरटीसी के अन्य वरिष्ठ अधिकारीगण भी मौजूद रहे। इस दौरे की शुरुआत सराय काले खां नमो भारत स्टेशन से हुई, जो इस कॉरिडोर का प्रारंभिक स्टेशन है। प्रतिनिधिमंडल को सिस्टम (आरआरटीएस) यानी नमो भारत की समग्र परिकल्पना, परियोजना में प्रमुख नवाचारों के बारे में जानकारी दी गई जो क्षेत्रीय गतिशीलता के क्षेत्र में एक नया मानक स्थापित कर रहे हैं। सराय काले खां नमो भारत स्टेशन, दिल्ली मेट्रो, भारतीय रेलवे स्टेशन, आइएसबीटी, सिटी बस सेवाओं और रिंग रोड के साथ सहज कनेक्टिविटी प्रदान कर एक प्रमुख मल्टी-मोडल ट्रांजिट हब के रूप में विकसित हो रहा है। प्रतिनिधिमंडल ने स्टेशन के एकीकृत डिजाइन और सार्वजनिक परिवहन के विभिन्न साधनों के बीच यात्रियों के सरल एवं निर्बाध आवागमन का प्रत्यक्ष अनुभव किया। सुश्री रूसेफ़ को यह भी अवगत कराया गया कि फेज-1 के तीनों प्राथमिकता वाले नमो भारत कॉरिडोर सराय काले खां पर एकीकृत होंगे और इंटरऑपरेबल होंगे। मल्टी-मॉडल इंटीग्रेशन (एमएमआई) इस परियोजना का प्रमुख सिद्धांत रहा है। नमो भारत स्टेशनों को इस प्रकार डिजाइन किया गया है कि जहाँ भी संभव हो, उन्हें मौजूदा सार्वजनिक परिवहन प्रणालियों के साथ एकीकृत किया जा सके। इससे भविष्य में एक विशाल "नेटवर्क ऑफ नेटवर्क्स" का निर्माण होगा, जिससे यात्रियों को विभिन्न परिवहन प्रणालियों के बीच निर्बाध आवाजाही की सुविधा मिलेगी और उन्हें निजी वाहनों के बजाए सार्वजनिक परिवहन अपनाने के लिए प्रोत्साहित किया जा सकेगा।

### सुश्री रूसेफ़ ने दोनों के समावेशी डिजाइन की सराहना की

प्रतिनिधिमंडल ने सराय काले खां से आनंद विहार और वहां से वापसी की यात्रा नमो भारत ट्रेन में की, और ट्रेनों के यात्री-केंद्रित डिजाइन और स्टेशनों पर उपलब्ध यात्री सुविधाओं का प्रत्यक्ष अनुभव किया। आनंद विहार स्टेशन पर उन्होंने स्वयं देखा कि मल्टी-मोडल इंटीग्रेशन (एमएमआई) के प्रयास किस प्रकार दैनिक यात्रियों को लाभ पहुंचा रहे हैं। सुश्री रूसेफ़ ने ट्रेनों और स्टेशनों दोनों के समावेशी डिजाइन की सराहना की और इस बात की भी प्रशंसा की कि पूरे सिस्टम में सार्वभौमिक पहुँच सुनिश्चित करने पर विशेष ध्यान दिया गया है।

## खबर संक्षेप

### अवैध नशा बेचने वाले 2 आरोपी गिरफ्तार



फरीदाबाद। फरीदाबाद पुलिस की अलग-अलग अपराध शाखाओं की टीमों ने कार्रवाई करते हुए अवैध नशा बेचने के दो मामलों में दो आरोपियों को गिरफ्तार कर कुल 1600 ग्राम गांजा बरामद किया है। पुलिस ने जानकारी देते हुए बताया कि शाखा बॉर्डर की टीम ने कार्रवाई करते हुए आरोपी निवासी मीठापुर दिल्ली को शनि बाजार पल्ला फरीदाबाद से 1300 ग्राम गांजा सहित गिरफ्तार किया है।

### अवैध हथियार रखने वाले 3 आरोपी काबू



फरीदाबाद। फरीदाबाद पुलिस की विभिन्न अपराध शाखाओं की टीमों ने अलग-अलग स्थानों पर कार्रवाई करते हुए 3 आरोपियों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से 3 देसी कट्टे बरामद किए हैं। पुलिस ने 15 मार्च 2026 को क्राइम ब्रांच एनआईटी की टीम ने गुप्त सूचना के आधार पर कार्रवाई करते हुए मुस्तकीम उर्फ मऊ निवासी रूबड़ मोहल्ला, धौज को पाली क्षेत्र से एक देसी कट्टा सहित गिरफ्तार किया।

### ठगी के मामले में महिला सहित 2 पकड़ाएं



फरीदाबाद। साइबर थाना बल्लभगढ़ की टीम ने 15 मार्च को 12.32 लाख रुपए की साइबर ठगी के एक मामले में महिला सहित दो आरोपियों को जयपुर से गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार पुरुष की पहचान राहुल जयपुर राजस्थान के रूप में हुई है। लायंस पेट्रोप्लास्ट प्राइवेट लिमिटेड सेक्टर-11 फरीदाबाद के एक कर्मचारी द्वारा साइबर थाना बल्लभगढ़ में दी गई।

### डीसी ने सुनी जनता की समस्याएं, मौके पर ही दिए समाधान के निर्देश

# आमजन की समस्याओं का त्वरित समाधान प्रशासन की प्राथमिकता: डीसी आयुष सिन्हा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फरीदाबाद



हरियाणा सरकार की पहल पर प्रदेशभर में आमजन की समस्याओं के त्वरित समाधान हेतु आयोजित किए जा रहे समाधान शिविर अभियान के तहत सोमवार को फरीदाबाद के सेक्टर-12 स्थित लघु सचिवालय के सभागार में समाधान शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर की अध्यक्षता उपायुक्त आयुष सिन्हा ने की।

जिला उपायुक्त आयुष सिन्हा ने बताया कि प्रशासन द्वारा आयोजित समाधान शिविर आम जनता की समस्याओं के त्वरित और प्रभावी समाधान का सशक्त माध्यम बनते जा रहे हैं। इन शिविरों के माध्यम से नागरिकों को विभिन्न सरकारी एवं प्रशासनिक विभागों से जुड़ी सेवाएं एक ही स्थान पर उपलब्ध कराई जा रही हैं जिससे उन्हें बार-बार कार्यालयों के चक्कर नहीं लगाने पड़ते। उन्होंने बताया कि समाधान शिविरों में विशेष रूप से स्वास्थ्य सेवाएं, शिक्षा से संबंधित कार्य, प्रॉपर्टी आईडी, परिवार पहचान पत्र, भूमि पंजीकरण, सामाजिक सुरक्षा पेंशन, राशन कार्ड, नगर निकायों से नो.ड्यूज प्रमाण पत्र, भवन नक्शा पास कराना, बिजली, सिंचाई, जन स्वास्थ्य सेवाएं तथा आपराधिक शिकायतों से संबंधित मामलों का समाधान प्राथमिकता के आधार पर किया जा रहा है। संबंधित विभागों के अधिकारी मौके पर मौजूद रहकर समस्याओं का निपटारा कर रहे हैं, जिससे लोगों को शीघ्र राहत मिल रही है। इस अवसर पर डीसी आयुष सिन्हा ने सभी विभागों के अधिकारियों की उपस्थिति में एक-एक आवेदक की बात गंभीरता से सुनी और मौके पर मौजूद संबंधित विभागों के अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए। अधिकारियों को समस्याओं के शीघ्र, पारदर्शी एवं प्रभावी समाधान के लिए तत्परता से कार्य करने को कहा। डीसी आयुष सिन्हा ने बताया कि जिला प्रशासन हर सोमवार और वीरवार को सुबह 10 से 12 बजे तक लघु सचिवालय में जनता की समस्याएं सुनकर त्वरित समाधान सुनिश्चित कर रहा है। उन्होंने जिले के सभी नागरिकों से अपील की कि यदि उन्हें सरकारी योजनाओं से जुड़ी सेवाओं में किसी भी प्रकार की असुविधा या परेशानी है तो वे बिना किसी संकोच के नजदीकी समाधान शिविर में पहुंचकर अपनी शिकायत दर्ज करवाएं। प्रशासन का उद्देश्य है कि प्रत्येक नागरिक को पारदर्शी, सरल और समयबद्ध सेवाएं उपलब्ध कराई जाए।

# जागरूक उपभोक्ता ही सुरक्षित उपभोक्ता: कविता सिंह परिहार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फरीदाबाद



जिला खाद्य नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता मामले नियंत्रक, फरीदाबाद कार्यालय द्वारा विश्व उपभोक्ता अधिकार दिवस मनाया गया। इस अवसर पर जिला खाद्य नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता मामले नियंत्रक कविता सिंह परिहार, अखिल भारतीय ग्राहक पंचायत फरीदाबाद के कार्यकारिणी सदस्य ऋषि शर्मा, जितेन्द्र कश्यप व अजित सिंह सहायक खाद्य नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता मामले अधिकारी, ओल्ड फरीदाबाद उपस्थित रहे। इस अवसर पर जिला खाद्य नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता मामले नियन्त्रक कविता सिंह परिहार ने उपभोक्ताओं को विश्व उपभोक्ता अधिकार दिवस के बारे जानकारी देते हुए बताया कि वे अपने अधिकारों विशेषतः सुरक्षा का अधिकार, चुनने का अधिकार, सूचना का अधिकार, सुनवाई का अधिकार व उपभोक्ता शिक्षा का अधिकार आदि के बारे में सजग रहें। कोई भी वस्तु खरीदते समय उसकी कीमत गुणवत्ता व एक्सपायरी आदि के बारे में सचेत रहे तथा माल खरीदकर उसका कैश मेमो अवश्य लें।

### बधिर एसोसिएशन की जिला इकाई का चुनाव संपन्न

# पार्षद नीरज गोयल पांचवीं बार निर्विरोध अध्यक्ष चुने



हरिभूमि न्यूज ▶▶ गाजियाबाद

गाजियाबाद बधिर एसोसिएशन की गाजियाबाद जिले की इकाई का चुनाव चुनाव अधिकारी विपिन चंद्र गुप्ता के नेतृत्व मेंसम्पन्न हुआ। चुनाव में पार्षद नीरज गोयल को पांचवीं बार सर्वसम्मति से निर्विरोध अध्यक्ष चुना गया। इस अवसर पर संस्था की नई कार्यकारिणी का भी गठन किया गया। जिसमें चेयरमैन के रूप में अजय मदान (सामान्य), वाइस चेयरमैन राजीव कंबोज (बधिर), उपाध्यक्ष सर्वेश वर्मा (सामान्य), सलाहकार जसबीर सिंह (सामान्य), उपाध्यक्ष धर्मवीर शर्मा (बधिर), महासचिव प्रदीप कुमार (बधिर), कोषाध्यक्ष अश्वनी गुप्ता (बधिर), संयुक्त सचिव नरेंद्र कुमार कपिल (बधिर) तथा खेल सचिव के रूप में विकास तोमर (बधिर) को चुना गया।

### सैकड़ों सदस्यों ने दी बधाई

कार्यकारिणी सदस्य के रूप में हिमांशु शर्मा (बधिर), कुलदीप सिंह (बधिर), पंकज खन्ना (बधिर), सुरेश कुमार (बधिर) तथा अंजू श्रीवास्तव (बधिर) को नवनिर्वाचित किया गया। चुनाव के दौरान संस्था के सैकड़ों सदस्य उपस्थित रहे और सभी ने नवगठित टीम को शुभकामनाएं दीं।

नवनिर्वाचित अध्यक्ष पार्षद नीरज गोयल ने कहा कि हम सभी को मूक-बधिर लोगों के साथ सरल और संवेदनशील व्यवहार रखना चाहिए। मूक-बधिर समाज का कोई भी व्यक्ति हमारे ही परिवारों और समाज का हिस्सा होता है। उन्होंने कहा कि वे पहले भी मूक-बधिर समाज के लिए लगातार प्रयास करते रहे हैं और आगे भी उनके हितों के लिए सदैव कार्य करते रहेंगे।

### घटना सीसीटीवी कैमरे में कैद, अवकाश को लेकर हुआ था विवाद

# पंजाब एंड सिंध बैंक के मैनेजर की दिन दहाड़े छाती में गोली मारकर हत्या, आरोपी सुरक्षागार्ड फरार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गाजियाबाद






लोनी बॉर्डर थाना क्षेत्र के बलराम नगर कॉलोनी स्थित पंजाब एंड सिंध बैंक के मैनेजर की छाती में गोली मारकर हत्या कर दी। आरोपी बैंक में ही सुरक्षा गार्ड है। वारदात के समय उसका साथी दोस्त भी मौजूद था। पुलिस का कहना है कि गार्ड कई दिनों से अवकाश मांग रहा था। इसी को लेकर उसका मैनेजर से विवाद हो गया।

इसी दौरान गार्ड ने तैश में आकर गोली मार दी और साथी समेत फरार हो गया। घटना सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई। एसीपी अंकुर विहार ज्ञान प्रकाश राय ने बताया कि पुलिस को सूचना मिली कि पंजाब एंड सिंध बैंक के मैनेजर अभिषेक शर्मा को गोली मारने की सूचना मिली है। जांच में पाया कि उसी के बैंक के गार्ड ने साथी के साथ मिलकर गोली मारी। गोली मारने के बाद दोनों आरोपी पैदल बैंक से बाहर जाते हुए नजर आए। मैनेजर को दिल्ली के जीटीबी अस्पताल में रेफर किया गया। जहां उसे मृत घोषित कर दिया गया। सूचना मिलने के बाद पुलिस मौके पर पहुंची। डीपी ग्रामीण एस एन तिवारी ने भी घटना का मौका मुआवजा किया। उनका कहना है कि मामले की गंभीरता से जांच की जा रही है और मृतक के परिजनों को सूचना दे दी गई है। साथ ही आरोपी गार्ड की गिरफ्तारी के लिए पुलिस के तेजतर्रार अधिकारियों की टीम भी गठित की गई है। जानकारी के मुताबिक, सोमवार की दोपहर 1:45 बजे बैंक के गार्ड रवींद्र हुड्डा मैनेजर के केबिन में पहुंचा। इसी बीच अवकाश को लेकर विवाद हो गया।

### सरकार के खिलाफ नारेबाजी की

# कालाबाजारी को लेकर कांग्रेस नेताओं ने भाजपा सरकार के खिलाफ प्रदर्शन किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फरीदाबाद

फरीदाबाद में गैस की किल्लत व कालाबाजारी को लेकर आज तिगांव विधानसभा क्षेत्र के अन्तर्गत आने वाले सराय ख्वाजा ब्लॉक कांग्रेस कमेटी द्वारा पल्ला पावर हाऊस कालोनी सैक्टर-35 में प्रदर्शन किया गया। प्रदर्शन का आयोजन वरिष्ठ कांग्रेस नेता अशोक रावल, बाबूलाल रवि, नरेश गोयल व दिनेश कौशिक ने संयुक्त रूप से किया। मुख्य रूप से जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष बलजीत कौशिक व तिगांव विधानसभा क्षेत्र के पूर्व कांग्रेस प्रत्याशी एवं युवा कांग्रेस के प्रदेश प्रवक्ता रोहित नागर मौजूद रहे। इस अवसर पर सभी कांग्रेसियों ने खाली सिलेण्डर लेकर भाजपा सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। कांग्रेस अध्यक्ष बलजीत कौशिक ने रसोई गैस की कमी को लेकर केंद्र और प्रदेश की भाजपा सरकार पर निशाना साधा है। जिसके कारण लोगों को रसोई गैस के लिए लंबी लाइनों में खड़ा होना पड़ रहा है। उन्होंने कहा कि आज अमेरिका और ईरान के बीच तनाव से काफी समय से चल रहा था। यदि केंद्र सरकार समय रहते उचित कदम उठाती और पर्याप्त मात्रा में रसोई गैस का स्टॉक करती, तो आम लोगों को इस तरह की परेशानी का सामना नहीं करना पड़ता।

## सार्वजनिक सूचना

ICICI Bank

पंजीकृत कार्यालय : आईसीआईसीआई बैंक टावर, निकट चाकली सर्कल, पुराना पाडरा रोड, वडोदरा-390007
कार्पोरेट कार्यालय : आईसीआईसीआई बैंक टावर्स, बांद्रा-कुर्ला कॉम्पलैक्स, मुम्बई 400051

### स्वर्ण नीलामी एवं आमंत्रण सूचना

नीचे वर्णित कर्जदार(ों) को आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड से स्वर्ण आभूषणों के तहत प्राप्त किए गए ऋण के तहत बकाया देय राशि का भुगतान करने के लिये एक सूचना जारी की गई थी। देय राशि के पुनर्भुगतान में विफल रहने की वजह से, गिरवीकृत स्वर्ण आभूषणों की नीलामी 16 अप्रैल 2026 को आयोजित की जाएगी। मृतक कर्जदार के मामले में, सभी नियम व शर्तें सम्बन्धित कानूनी वारिस(ों) के लिये लागू होंगी।

| ऋण अकाउंट नम्बर | कर्जदार(ों) के नाम | नीलामी शाखा पता / पते |
|---|---|---|
| शाखा का नाम : फरीदाबाद - सेक्टर-35 | | आईसीआईसीआई बैंक लि., एससीएफ 8910, अशोका एंक्लेव-2, सेक्टर-35, फरीदाबाद, हरियाणा-121003 |
| 085705003515 | हरीश चन्द्र ठाकुर | |
| शाखा का नाम : गुड़गांव - हुडा मार्केट सेक्टर-14 | | आईसीआईसीआई बैंक लि., एससीएफ-94, भू-तल, हुडा मार्केट, सेक्टर-14, गुरूग्राम, हरियाणा-122001 |
| 589757000006 | रवि प्रकाश | |
| शाखा का नाम : जीन्द | | आईसीआईसीआई बैंक लि., एससीओ नं. 10, डिस्ट्रिक्ट शॉपिंग सेंटर, जीन्द, हरियाणा-126102 |
| 050362004308 | अतिलाश कुमार | |

नीलामी ऊपर तालिका में वर्णित पते/पतों पर और तिथि/तिथियों को आयोजित की जाएगी। समय : अप. 3.00 बजे - अप. 6.00 बजे।
कृपया ध्यान दें कि आईसीआईसीआई बैंक बिना किसी पूर्व सूचना के नीलामी की तिथि/स्थान/नीलामी का मोड परिवर्तित करने का अधिकार सुरक्षित रखता है।
इच्छुक पार्टियां नीलामी के विस्तृत नियम एवं शर्तों हेतु उपरोक्त शाखा/शाखाओं में पधार सकते हैं।

दिनांक : 17.03.2026
स्थान : फरीदाबाद, गुरूग्राम, जीन्द

भवदीय, हस्ता/- प्राधिकृत हस्ताक्षरी
कृते आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड

## अभियुक्त की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा

**धारा 82 Cr.P.C. देखिए**

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **1. विक्रम उर्फ विक्की, पुत्र:** जीत सिंह, **निवासी:** गांव परनाला, वार्ड नं. 09, निजामपुर रोड के पास, बहादुरगढ़, हरियाणा, **2. प्रदीप उर्फ भोलू, पुत्र:** दीपचंद, **निवासी:** गांव परनाला, वाल्मीकि मोहल्ला, बहादुरगढ़, हरियाणा ने मुकदमा **FIR No. 346/2020 U/s 392/394/411/34 IPC, थाना: मुण्डका, दिल्ली** के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उन्होनें किया है), और उन पर जारी किए गए गिरफ्तारी के वारण्ट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **1. विक्रम उर्फ विक्की** व **2. प्रदीप उर्फ भोलू** मिल नहीं रहे हैं और मुझे समाधानप्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **1. विक्रम उर्फ विक्की** व **2. प्रदीप उर्फ भोलू** फरार हो गये हैं (या उक्त वारण्ट की तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रहे हैं)।

इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि मुकदमा **FIR No. 346/2020 U/s 392/394/411/34 IPC, थाना: मुण्डका, दिल्ली** के उक्त अभियुक्त **1. विक्रम उर्फ विक्की** व **2. प्रदीप उर्फ भोलू** से अपेक्षा की जाती है कि वे इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **17.04.2026** को या इससे पहले हाजिर हों।

आदेशानुसार
श्री गौरव सिंगल
न्यायिक दंडाधिकारी प्रथम श्रेणी–06 (पश्चिम)
कमरा नं. 355, तीस हजारी कोर्ट, दिल्ली

DP/3336/OD/2026
(Court Matter)

### पुलिस मामले की जांच में जुटी

# दो साल की बेटी संग 23वीं मंजिल से कूदा स्कूल संचालक, मौत

धर्मेंद्र कौशिक ▶▶ गुरुग्राम

बेटी को पार्क में खिलाने ले गए स्कूल संचालक द्वारा सेक्टर-102 की जॉय विले सोसाइटी की 23वीं मंजिल से कूदकर आत्महत्या किए जाने का मामला सामने आया है। नीचे गिरने की आवाज सुनकर सिक्योरिटी गार्ड व आसपास रहने वाले लोग मौके पर आए जिन्होंने स्कूल संचालक व उसकी दो साल की मासूम बेटी को निजी अस्पताल पहुंचाया जहां डॉक्टरों ने जांच के उपरांत दोनों को ही मृत घोषित कर दिया। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और शव कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिए। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है। मामले में परिजनों ने किसी पर भी कोई शक नहीं जताया है। हालांकि जिस टावर में स्कूल संचालक रहता था उसने उस टावर से नहीं बल्कि दूसरी टावर की 23वीं मंजिल से कूदकर आत्महत्या की है। ऐसे में मामला संदेहजनक लग रहा है।

पुलिस के मुताबिक, मृतक के भाई अमित विजयरण ने बताया कि उनका भाई राहुल विजयरण अपनी पत्नी नीतू दहिया और 2 साल की बेटी वामिका के साथ गुरुग्राम की सेक्टर-102 जॉय विले सोसाइटी की टावर-9 के फ्लैट नंबर 305 में रहते थे और वह अपनी पत्नी के साथ दिल्ली के गांव किराड़ी में जे एस पब्लिक स्कूल चलाते हैं। अमित ने पुलिस को बताया कि उनके भाई की कोरोना में आंखें खराब हो गई थी जिसमें एक आंख से उसे दिखाई देना बंद हो गया था जबकि दूसरी आंख से उसे कम दिखाई देता था। इसको लेकर वह काफी परेशान रहता था।

### देहरादून में पढ़ती है 11 साल की बेटी

अमित ने पुलिस को बताया कि उनके भाई राहुल विजयरण की शादी साल 2014 में हुई थी। उनकी एक 11 साल की बेटी देहरादून में पढ़ाई करती है और वहां हॉस्टल में रहती है। वहीं, वामिका दो साल की थी और जब राहुल व नीतू दिल्ली स्कूल जाते थे तो वामिका को अपने ससुराल छोड़ जाते थे जहां उसकी देखरेख होती थी।

### परिजनों ने नहीं जताया किसी पर शक

अमित ने पुलिस को बताया कि कोरोना में बीमार होने के बाद से ही राहुल काफी परेशान रहता था। बीमारी से व मानसिक रूप से परेशान होकर उसने यह कदम उठाया है। वहीं, मामले में चौकी प्रभारी जगमाल की मानें तो परिजनों ने शिकायत देकर कार्रवाई करने से मना कर दिया है। वहीं, मामले में पुलिस जांच कर रही है कि आखिर टावर 9 में रहने वाला राहुल टावर 5 में क्यों गया और अगर वह अपनी बीमारी से परेशान था तो वह बेटी को साथ लेकर क्यों कूदा। पुलिस की मानें तो यह मामला थोड़ा संदिग्ध लग रहा है। मामले की जांच की जा रही है।

# गैस की किल्लत बरकरार: कांग्रेसियों ने एजेंसी पर जाकर जानी हक़ीक़त, बुकिंग के लिए जनता हो रही परेशान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गाजियाबाद

जिला कांग्रेस कमेटी गाजियाबाद के कार्यकर्ता जिला अध्यक्ष सतीश शर्मा ने जिले में हो रही एलपीजी गैस की कीमत और बुकिंग में परेशानी के लिए ग्राउंड जीरो पर वास्तविक स्थिति जानी और गैस की एजेंसी पर पहुंचकर जनता को मदद की और उनकी परेशानी को साझा किया। उसी के तहत जिला सतीश शर्मा नगर अध्यक्ष डासना अकबर कुरेशी और अन्य बहुत से कार्यकर्ताओं के साथ डासना गैस की एजेंसी पहुंचे। सतीश शर्मा ने बताया कि वास्तविकता यह है कि जनता को परेशान किया जा रहा है बुकिंग के माध्यम से पहले बुकिंग नॉर्मल रजिस्टर्ड फोन से हो जाती थी लेकिन अब सबसे ज्यादा बुकिंग के लिए जनता परेशान हो रही है बुकिंग के भी लगभग चार माध्यम बना दिए गए हैं मिस कॉल बुकिंग ऑनलाइन गैस बुकिंग बुकिंग लेकिन इन माध्यमों से भी बुकिंग स्वीकार नहीं की जा रही सर्वर डाउन आता है।

## अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा

**(धारा 82(2) (ii) Cr.P.C./84 BNSS देखिए)**

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **गैंदा लाल पुत्र रति राम निवासी म. नं. ई–2/3, नंद नगरी, दिल्ली** ने केस **एफआईआर नं. 185/2019, अन्तर्गत धारा 33 दिल्ली एक्स. अधिनियम, थाना नंद नगरी, दिल्ली** के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है) और उस पर जारी किए गए गिरफ्तारी के वारंट को यह लिखकर लौटा दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **गैंदा लाल** मिल नहीं रहा/रही है, और मुझे समाधानप्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **गैंदा लाल** फरार हो गया/गयी है (या उक्त वारंट की तामील से बचने के लिए अपने आपको छिपा रहा/रही है) इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि केस **एफआईआर नं. 185/2019, अन्तर्गत धारा 33 दिल्ली एक्स. अधिनियम, थाना नंद नगरी, दिल्ली** के उक्त अभियुक्त **गैंदा लाल** से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **23.04.2026** को या उससे पहले हाजिर हो।

आदेशानुसार
**दीपाक्षी राणा**
एलडी. महानगर दण्डाधिकारी–03
कमरा नं. 19, उत्तर–पूर्व जिला
कड़कड़डूमा न्यायालय, दिल्ली

**DP/3276/NE/2026**
**(Court Matter)**

विज्ञापन संख्या: 02/2026

## केंद्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय

संसद के अधिनियम द्वारा स्थापित
56-57, संस्थानिक क्षेत्र, जनकपुरी, नई दिल्ली-110058
वेबसाइट: www.sanskrit.nic.in

### भर्ती की अधिसूचना

केंद्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय, दिल्ली के द्वारा विभिन्न **गैर-शैक्षणिक (Non-Teaching)** पदों [**कुलसचिव-01, सहायक कुलसचिव-02. सिस्टम एनालिस्ट-03, अनुभाग अधिकारी-11, नर्सिंग ऑफिसर-03, सहायक-10, गेस्ट हाउस मैनेजर-03, कनिष्ठ अभियंता-03. निजी सहायक-03, प्रोफेशनल असिस्टेंट-04, तकनीकी सहायक (शिक्षाशास्त्र/एडुकेशन लैब)-03, तकनीकी सहायक (कंप्यूटर लैब)-04, आशुलिपिक-08, उच्च श्रेणी लिपिक-16. पुस्तकालय सहायक-01, कनिष्ठ श्रेणी लिपिक-35, चालक-01. मल्टी-टास्किंग स्टाफ-22, पुस्तकालय परिचारक-08 तथा मेडिकल अटेंडेंट ड्रेसर-03**] पर भर्ती के लिए भारतीय नागरिकों से आवेदन पत्र आमंत्रित करता है। उक्त पदों के लिए शैक्षणिक योग्यता, आयु सीमा, भर्ती प्रक्रिया, रिक्तियों का विवरण, आवेदन प्रक्रिया, परीक्षा योजना, चयन प्रक्रिया और अन्य आवश्यक विस्तृत विवरण विज्ञापन संख्या 02/2026 में उपलब्ध हैं जो विश्वविद्यालय की वेबसाइट **www.sanskrit.nic.in** पर **"Recruitment/Notification"** शीर्षक के अंतर्गत 16.03.2026 में देखा जा सकता है। सभी इच्छुक उम्मीदवारों को सख्त सलाह दी जाती है कि वे आवेदन भरने से पहले विस्तृत विज्ञापन को ध्यानपूर्वक पढ़ें।

दिनांक: 16.03.2026
CBC 21212/12/0007/2526

हस्ता./-
कुलसचिव (प्रभारी)

## खबर संक्षेप

### बीडीएस डिग्री धारक हारिश निकला संदिग्ध आतंकी



**अलीगढ़।** उत्तर प्रदेश आतंकवाद निरोधी दस्ते ने बड़ी कार्रवाई करते हुए आतंकी संगठन आईएस के ऑनलाइन मॉड्यूल से जुड़े एक संदिग्ध को गिरफ्तार किया है। आरोपी की पहचान हारिश अली के रूप में हुई है, जिसने अलीगढ़ मुस्लिम विश्वविद्यालय से बीडीएस की पढ़ाई पूरी की थी। एटीएस के अनुसार हारिश कट्टरपंथी विचारधारा को बढ़ावा देने व नए लोगों को संगठन में भर्ती करने के लिए सक्रिय था।

### 27 के रण में सुभासपा 62 सीटों पर ठोंकेगी दावा



**लखनऊ।** यूपी में 2027 में होने वाले विधानसभा चुनाव को लेकर राजनीतिक दल तैयारियों में जुट गए हैं। सुहेलदेव भारतीय समाज पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष व योगी सरकार में कैबिनेट मंत्री ओमप्रकाश राजभर ने 27 के रण में एनडीए गठबंधन में प्रदेश की 62 सीटों पर अपनी पार्टी का दावा ठोंकने के संकेत दिए हैं। कहा कि उनकी पार्टी इस बार विधानसभा चुनाव में 62 सीटों पर तैयारी कर रही है।

### मुठभेड़ में प्रिंस खान के 2 गुर्गों को लगी गोली



**धनबाद।** वासेपुर के कुख्यात प्रिंस खान गिरोह के खिलाफ पुलिस की सख्ती जारी है। सोमवार की सुबह धनबाद व रांची की स्पेशल पुलिस टीम ने मुठभेड़ में प्रिंस खान के दो गुर्गों के पैर में गोली मारी। तीसरे आरोपी की भागने के दौरान पैर टूट गई। केंदुआडीह भगाबांध चानक के पास हुई मुठभेड़ में प्रिंस खान गिरोह के करकेंद श्याम कोठी और अमन सिंह को पैर में गोली लगी।

## जौहर वीरांगनाओं को किया नमन

# रत्नेश्वर महादेव मंदिर पहुंचे यूपी सीएम योगी आदित्यनाथ, कहा- संग्रह की भावना छोड़कर दूसरों तक पहुंचाने का भाव अपनाएं

एजेंसी ▸▸ लखनऊ

यूपी के सीएम योगी आदित्यनाथ दो दिवसीय दौरे पर जालौर में हैं। यहां उन्होंने सिरे धाम में रत्नेश्वर महादेव मंदिर की 375वीं वर्षगांठ के उपलक्ष्य में आयोजित धार्मिक कार्यक्रमों में भाग लिया। इस अवसर पर आयोजित महायज्ञ में उन्होंने पूर्णाहुति दी और बाद में सिरे मंदिर के कन्यागिरि प्रांगण में आयोजित विशाल धर्मसभा को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि योगी राज बाबा जालंधरनाथ जी की पावन साधना स्थली पर उपस्थित होना उनके लिए सौभाग्य की बात है।उन्होंने नाथ परंपरा के वर्तमान अधिपति महंत पीर गंगानाथ जी महाराज का अभिनंदन करते हुए कहा कि उनके सानिध्य में रत्नेश्वर महादेव मंदिर की 375 वर्ष पुरानी परंपरा को भव्य रूप से मनाया जा रहा है।



### नाथ संप्रदाय से जुड़े संतों और महंतों का उल्लेख

उन्होंने कहा कि इस आयोजन के माध्यम से श्रद्धालुओं को महायज्ञ में सहभागी बनने और पुण्य अर्जित करने का अवसर मिला है। योगी आदित्यनाथ ने नाथ संप्रदाय से जुड़े विभिन्न संतों और महंतों का भी सम्मानपूर्वक उल्लेख करते हुए कहा कि इन संतों की साधना और मार्गदर्शन समाज को आध्यात्मिक शक्ति प्रदान करता है। उन्होंने कहा कि भारत की पहचान उसकी आध्यात्मिक परंपरा से है। यहां के पर्व, त्योहार, ऋषि-मुनि, संत-महात्मा, किसान, सैनिक, युवा और मातृ शक्ति-इन सभी के योगदान से भारत महान बना है। उन्होंने महाभारत का उल्लेख करते हुए कहा कि भारत में जन्म लेना दुर्लभ है और मनुष्य रूप में जन्म लेना उससे भी अधिक दुर्लभ है। दुनिया में दो सौ से अधिक देश हैं, लेकिन भारत जैसा देश कहीं नहीं है।

### बंदरों के चौराहे का किया विशेष उल्लेख

अपने संबोधन में योगी आदित्यनाथ ने मंदिर परिसर में बने बंदरों के चौराहे का विशेष उल्लेख किया। उन्होंने बताया कि मंदिर परिसर में बंदरों के लिए अलग से एक स्थान बनाया गया है, जिसे चौराहा कहा जाता है। उन्होंने कहा कि जब वे वहां पहुंचे तो अनेक बंदर वहां एकत्र हो गए। योगी ने बताया कि उन्होंने एक बंदर को रोटी दी। बंदर ने उसे शांतिपूर्वक बैठकर खाना शुरू किया। योगी आदित्यनाथ ने कहा कि यह संतों की साधना और आध्यात्मिक वातावरण का प्रभाव है। उन्होंने कहा कि यदि मनुष्य भी अपने जीवन में लोभ और संग्रह की भावना छोड़कर दूसरों तक पहुंचाने का भाव अपनाए, तो समाज में अशांति और अराजकता समाप्त हो सकती है। उन्होंने कहा कि लोभ को नियंत्रित करना भी एक प्रकार की साधना है और यह साधना जीवन में अपनाई जानी चाहिए।

## सस्ता सामान और सुविधाएं भी मिलेंगी

**वकील-डॉक्टर-शिक्षक और पत्रकार को भी आवास**

# सीएम योगी ने 92 हजार लोगों को घर बनाने के लिए भेजी पहली किस्त

सीएम योगी ने सभी जिलों और नगर विकास विभाग के अफसरों को निर्देश दिया कि लाभार्थियों को घर बनाने के लिए सस्ते में अच्छी क्वालिटी का सामान मिल सके इसकी भी व्यवस्था कराएं। मकान के साथ-साथ शौचालय भी बनना चाहिए। बिजली का कनेक्शन भी फ्री में मिलना चाहिए। नल से जल की सुविधा का लाभ भी दिलाएं।

एजेंसी ▸▸ लखनऊ

मुख्यमंत्री योगी ने सोमवार को प्रदेश के 92 हजार से अधिक शहरी लाभार्थियों को 'प्रधानमंत्री आवास योजना-शहरी 2.0' के तहत आवास निर्माण की पहली किस्त के रूप में 900 करोड़ रुपए की धनराशि सीधे उनके बैंक खातों में ट्रांसफर की। इस मौके पर लखनऊ के इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान में भव्य आयोजन किया गया था।

उन्होंने जिलों व नगर विकास विभाग के अफसरों को निर्देश दिया कि पीएम आवास के लाभार्थियों को घर बनाने के लिए सस्ते में अच्छी क्वालिटी का सामान मिल सके इसकी भी व्यवस्था कराएं। मकान के साथ-साथ शौचालय भी बनना चाहिए। बिजली कनेक्शन फ्री व नल से जल की सुविधा का लाभ भी इन्हें मिले। इस मौके पर उन्होंने गरीबों के साथ-साथ प्रदेश के वकीलों, डॉक्टरों, शिक्षकों व पत्रकारों के लिए भी आवास उपलब्ध करने की बात की।

**खास बातें**

- 900 करोड़ रुपए की धनराशि सीधे उनके बैंक खातों में ट्रांसफर
- सस्ती व अच्छी क्वालिटी का सामान लोगों को घर बनाने के लिए मिलना चाहिए



**घर का काम 75% पूरा होते ही दूसरी किस्त के लिए डिमांड करें**

सीएम योगी ने लाभार्थियों से कहा कि घर का काम 75 प्रतिशत पूरा होते ही दूसरी किस्त के लिए डिमांड करें और जिम्मेदार अधिकारी इसे तत्काल दिया जाना सुनिश्चित करें ताकि मकान का काम तेजी से आगे बढ़ सके। सीएम योगी ने कहा कि अपना घर हर व्यक्ति का सपना होता है। उत्तर प्रदेश जैसे राज्य में अब तक हम करीब 62 लाख परिवारों को एक-एक आवास उपलब्ध कराने की इस योजना से लाभान्वित कर चुके हैं। 2017 से पहले प्रदेश सरकार इसका लाभ नहीं दे पा रही थी। इच्छा शक्ति ही नहीं थी। स्वयं का स्वार्थ हावी था। सिर्फ अपने और अपने परिवार के बारे में चिंता थी।

### यूपी में प्रीपेड स्मार्ट मीटर उपभोक्ताओं को राहत देगी योगी सरकार

यूपी में प्रीपेड स्मार्ट मीटर बिजली उपभोक्ताओं को योगी सरकार कुछ राहत देने जा रही है। ऐसे उपभोक्ता जिनका माइनस बैलेंस से बिजली कनेक्टशन कट गया है, इनको लेकर यूपीपीसीएल ने बड़ी घोषणा की है। जानकारी के अनुसार यह फैसला इसलिए लिया गया है क्योंकि बड़ी संख्या में उपभोक्ता अभी भी प्रीपेड स्मार्ट मीटरिंग प्रणाली को समझने की प्रक्रिया में हैं, जिसमें बिजली उपयोग करने के लिए पहले से रिचार्ज कराना अनिवार्य होता है।

- यूपीपीसीएल ने कर दी घोषणा

## संभल में नमाज और नमाजियों को लेकर

# जिला प्रशासन को इलाहाबाद हाई कोर्ट ने दिया बड़ा आदेश



एजेंसी ▸▸ प्रयागराज

इलाहाबाद हाईकोर्ट ने संभल जिले की एक मस्जिद के मामले में सुनवाई करते हुए अहम निर्देश दिए हैं। कोर्ट ने ये निर्देश उस समय दिए, जब वह मस्जिद में नमाजियों की संख्या सीमित करने वाले प्रशासनिक आदेश के मामले को सुन रहा था। कोर्ट ने इस दौरान साफ कहा कि नमाज के दौरान सुरक्षा व्यवस्था पक्की की जाए और अगर उस दौरान कोई वाधा डाले तो उसके खिलाफ कानूनी कार्रवाई की जाए।

### प्रशासन ने नमाज पढ़ने वालों की संख्या सीमित करने का दिया था निर्देश

उल्लेखनीय है कि संभल के रहने वाले मुनाजिर खान ने हाईकोर्ट में याचिका दायर की थी। इस याचिका में उन्होंने संभल जिला प्रशासन के उस आदेश को चुनौती दी थी, जिसमें मस्जिद में नमाज पढ़ने वालों की संख्या सीमित करने का निर्देश दिया गया था। इस याचिका की सुनवाई के दौरान हाईकोर्ट की तरफ से कुछ अहम निर्देश जारी किए गए हैं। याचिका पर सुनवाई के दौरान जस्टिस अतुल श्रीधरन और जस्टिस सिद्धार्थ नंदन की डिवीजन बेंच ने कहा, नमाज के दौरान सुरक्षा व्यवस्था पक्की की जाए, इसी के साथ कोर्ट ने जिला प्रशासन के उस आदेश को भी रद्द कर दिया, जिसमें नमाजियों की संख्या सीमित करने का जिक्र था।

### प्रशासन पर की कड़ी टिप्पणी

सुनवाई के दौरान हाईकोर्ट ने प्रशासन के रवैये को लेकर भी सख्त टिप्पणी की। कोर्ट ने साफ कहा कि कानून व्यवस्था बनाए रखना सरकार की जिम्मेदारी है। कोर्ट ने कहा कि अगर एसपी-कलेक्टर को लगता है कि नमाजियों की संख्या बढ़ने से कानून व्यवस्था खराब हो सकती है और वो उनकी संख्या सीमित करना चाहते हैं तो उन्हें अपने पदों से इस्तीफा दे देना चाहिए। इस दौरान कोर्ट ने ये भी कहा कि उन्हें संभल से अपना ट्रांसफर भी करवा लेना चाहिए।

## पेज एक का शेष

### बिहार में राज्यसभा की...

ने महागठबंधन के सभी विधायकों को पटना के होटल में ठहरने को कहा। चार विधायकों को छोड़ सभी होटल में आए। 16 मार्च को कांग्रेस के तीन और राजद के एक विधायक ने मतदान प्रक्रिया में भाग ही नहीं लिया। महागठबंधन को पांचवी सीट पर जीत के लिए 41 विधायकों की जरूरत थी। एआईएमआईएम और बसपा के दम पर तो महागठबंधन ने जीत का दावा कर दिया था लेकिन अंत में चार विधायकों ने खेला कर दिया। यह लोग मतदान के लिए ही नहीं पहुंचे। इस कारण महागठबंधन को हार का सामना करना पड़ा।

**नीतीश और नवीन को 44-44 वोट मिले :** जानकारी के अनुसार, चुनाव में बिहार के सीएम नीतीश कुमार और बीजेपी अध्यक्ष नितिन नवीन को 44-44 वोट मिले। वहीं रामनाथ ठाकुर और उपेंद्र कुशवाहा को 42-42 वोट मिले हैं। 5वीं सीट के लिए पहली वरीयता में बीजेपी कैंडिडेट शिवेश राम को 30 वोट मिले थे। हालांकि दूसरी वरीयता में शिवेश राम ने आरजेडी के एडी सिंह को हरा दिया है।एडी सिंह को 37 वोट मिले हैं। हालांकि, आरजेडी विधायक सर्वजीत ने दावा किया है कि उन्हें 38 वोट मिले हैं।

**चार विधायकों ने जनता को धोखा दिया:** महागठबंधन की ओर से राजद विधायक कुमार सर्वजीत ने चार विधायकों के नहीं पहुंचने व मतदान प्रक्रिया में भाग नहीं लेने को जनता के साथ धोखा करार दिया है। उनके ऊपर जिंदगी भर एक्स एमएलए का टैग लग जाएगा।

### महागठबंधन को ....

आरोपों पर संजय झा ने कहा कि अगर हमलोग 41 वोटों का ही बंटवारा करते थे तो भी शिवेश कुमार को 38 वोट और महागठबंधन के उम्मीदवार एडी सिंह को 37 वोट मिलता। विपक्ष के सारे आरोप बेबुनियाद है। सब कुछ पारदर्शी तरीके से हुआ है। जनता के सामने सारी बातें हैं। संजय झा ने कहा कि महागठबंधन को अपने विधायकों पर भरोसा नहीं था इसलिए सभी को होटल में रखा गया। कांग्रेस की कोई लीडरशिप नहीं है।

### शुभेंदु अधिकारी को...

लेकर सियासी हलचल तेज हो गई है। चुनाव की तारीखों के ऐलान के बाद भाजपा ने अपनी चुनावी रणनीति को आगे बढ़ाते हुए 144 उम्मीदवारों की पहली सूची जारी कर दी है। इस सूची में कई बड़े नेताओं को मैदान में उतारा गया है। खास बात यह है कि भाजपा ने इस बार नेता प्रतिपक्ष शुभेंदु अधिकारी को दो विधानसभा सीट नंदीग्राम और भवानीपुर से उम्मीदवार बनाया गया है। क्रिकेटर अशोक डिंडा को भाजपा ने फिर से मोयना विधानसभा सीट से मौका दिया है। इससे पहले भी डिंडा को भाजपा ने मोयना विधासभा से ही टिकट दिया था और उन्होंने 1260 वोटों से जीत दर्ज की थी। भाजपा की इस सूची में कई प्रमुख नेताओं को जगह दी गई है। भाजपा ने पूर्व प्रदेश अध्यक्ष दिलीप घोष को खड़गपुर सदर सीट से उम्मीदवार बनाया है। रेजिनगर से बापन घोष, डोमकल से नंद दुलाल पाल, करीमपुर से समरेंद्रनाथ घोष, नउदा से राणा मंडल,रघुनाथ गंज से सुरजीत पोद्दार, भाटपाड़ा से पवन कुमार सिंह, पाथर प्रतिमा से असित कुमार हल्दर को टिकट दी गई है। हावड़ा उत्तर से उमेश राय और अमता से अमित सामंत को टिकट दिया गया है।

**केरल में भाजपा के 47 उम्मीदवार घोषित, नेमोम से चुनाव लड़ेंगे राजीव चंद्रशेखरः** भारतीय जनता पार्टी ने केरल विधानसभा चुनाव के लिए सोमवार को 47 उम्मीदवारों की पहली सूची जारी कर दी। दो पूर्व केंद्रीय मंत्रियों को भी टिकट दिया गया है। इनमें राजीव चंद्रशेखर शामिल हैं, जो नेमोम से चुनाव लड़ेंगे। दूसरा नाम वी मुरलीधरन का है, जो कझाकूट्टम से चुनाव लड़ेंगे। पी सी जॉर्ज पूंजर विधानसभा सीट से उम्मीदवार बनाये गये हैं। पार्टी ने के चंद्रशेखरन को मंजेश्वर सीट से टिकट दी है। नव्या हरिदास को कोझिकोड उत्तर से मैदान में उतरा गया है। नव्या भाजपा महिला मोर्चा की नेता हैं। उन्होंने 2024 में केरल की वायनाड लोकसभा सीट पर कांग्रेस नेता प्रियंका गांधी के खिलाफ चुनाव लड़ा था। राहुल गांधी के सीट छोड़ने पर यहां उपचुनाव हुआ था। उपचुनाव में नव्या को हार का सामना करना पड़ा था। केरल देश का एकमात्र राज्य है, जहां लेफ्ट सत्ता में है। यहां हर 5 साल में सत्ता बदलने की परंपरा रही है, लेकिन 2021 में वाम मोर्चा (एलडीएफ) ने इस ट्रेंड को तोड़ते हुए लगातार दूसरी बार सरकार बनाई।

### होर्मुज जलडमरूमध्य...

दुनिया को लगभग 30% कच्चे तेल की सप्लाई होती है। ऐसे में कुछ देश अमेरिका की मदद करने के लिए प्रतिबद्ध हैं। लेकिन जब राइट से कुछ अन्य देशों के बारे में बताने के लिए कहा गया तो उन्होंने कहा कि एशियाई देशों जैसे भारत, जापान, चीन, थाईलैंड और दक्षिण-कोरिया सहित अन्य देशों की निर्भरता इलाके पर अधिक है। ऐसे में हमें उम्मीद है कि होर्मुज की खाड़ी को खोलने को लेकर पूरी दुनिया एकजुट होगी। साथ ही इस लक्ष्य की प्राप्ति में बाकी देशों का अमेरिका को समर्थन भी मिलेगा। मामले पर जब रणधीर से प्रश्न पूछा गया तो उसके जवाब में उन्होंने उक्त जानकारी देते हुए ये भी कहा कि इस विषय पर बहुत संभव है कि दुनिया के देशों के साथ संवाद चल रहा हो सकता है। लेकिन भारत इसका हिस्सा नहीं है।

### कुछ जहाज सुरक्षित...

नहीं हुआ है। ईरानी पक्ष के साथ भविष्य में भी संवाद जारी रहने की जयशंकर ने पुष्टि की है। उधर, जापान की प्रधानमंत्री सनाए ताकाइची ने संसद में कहा है कि होर्मुज की खाड़ी में तेल टैंकरों को सुरक्षा घेरा प्रदान करने के लिए जापानी नौसेना के जहाजों को भेजने की कोई योजना नहीं है।

**ईरान से 550 आर्मेनिया, 90 अजरबैजान पहुंचे :** रणधीर ने कहा, युद्ध के बीच ईरान से भारतीयों को सुरक्षित बाहर निकालने की कवायद चल रही है। जिसके तहत कई लोग जमीनी सीमा पार कर पड़ोस के देशों में पहुंच गए हैं। 550 लोग आर्मेनिया और 90 अजरबैजान पहुंचे हैं। यहां से इन्हें देश पहुंचाया जाएगा। 284 लोग तीर्थयात्रा के लिए ईरान गए हुए थे। जिनमें से कुछ की वतन वापसी हो चुकी है। जबकि बाकी जल्द ही लौटेंगे। 28 फरवरी जंग के आगाज से लेकर अब तक कुल 2 लाख 20 हजार भारतीयों की सुरक्षित देश वापस लौटे हैं। उन्होंने कहा कि भारत के छात्रों को सुरक्षा के तहत तेहरान के बाहर ईरान के कुछ अन्य शहरों की ओर स्थानांतरित किया गया है। वहीं, इन सबके बीच तेहरान में मौजूद भारतीय दूतावास अभी भी पूरी तरह से आपरेशनल है और वह जमीनी स्तर पर देश के लोगों को सहायता प्रदान करने के लिए जरूरी समन्वय कर रहा है। क्षेत्र में भारतीय मिशन, दूतावास 24 घंटे चलने वाली हेल्पलाइन के जरिए लोगों को सहायता प्रदान करने में लगे हुए हैं। भारत में मौजूद नियंत्रण कक्ष भी राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों के संपर्क में बना हुआ है। जिससे जरूरी सहायता प्रदान की जा सके।

### 45 फ्लाइट उड़ान के ...

पहुंचेगी। इसके लिए मस्कट में भारतीय मिशन स्थानीय अधिकारियों और मृतकों के परिजनों के साथ निकट संपर्क में बना हुआ है। वहीं हमले में घायल हुए लोगों के मामले में भी मिशन की कड़ी निगरानी बनी हुई है। वहीं, सेफसी विष्णु नामक जहाज के मामले में हमारे मिशन की टीम इराक के बसरा में डेरा डाले हुए है। जिसमें इनकी कोशिश चालक दल के 15 भारतीय सदस्यों को जल्द वापस देश भेजने को लेकर जारी है। फिलहाल इन लोगों को बसरा के एक होटल में ठहराया गया है। मिशन के लोग सभी को जल्द ही भारत पहुंचाने के लिए इराक के अधिकारियों से संपर्क बनाए हुए हैं। इन सबके बीच ईरान में देश के नाविकों और मछुआरों का समुदाय भी है। इसलिए हमारा अनुरोध है कि भारतीय दूतावासों द्वारा जारी किए जाने वाले सभी परामर्शों पर लगातार नजर बनाए रखें। देश के नागरिकों की देखभाल और भलाई के लिए सरकार पूरी तरह से प्रतिबद्ध है।

### एलपीजी संकट का ...

उसे यह भी पता था कि महत्वपूर्ण समुद्री मार्गों और ऊर्जा आपूर्ति पर असर पड़ सकता है। उन्होंने सवाल उठाया कि जब सरकार को संभावित संकट की जानकारी थी, तो अग्रिम योजना और वैकल्पिक व्यवस्था क्यों नहीं की गई? उन्होंने यह भी पूछा कि इस मुद्दे पर समन्वित प्रतिक्रिया देने एवं जनता की चिंता कम करने के लिए विपक्ष और देश को भरोसे में क्यों नहीं लिया गया? कांग्रेस अध्यक्ष ने कहा कि इस संकट का सबसे अधिक असर गरीब व मध्यम वर्गीय परिवारों, छोटे ढाबों, रेस्तरां, हॉस्टलों, छोटे एवं मध्यम उद्योगों तथा अन्य व्यावसायिक उपभोक्ताओं पर पड़ रहा है। एलपीजी सिलेंडर न मिलने से सामुदायिक रसोई और राम रसोई जैसी सेवाएं भी बंद हो रही हैं। कई प्रतिष्ठानों ने अपना परिचालन सीमित कर दिया है या उन्हें बंद करना पड़ा है। कालाबाजारी की ओर ध्यान दिलाते हुए उन्होंने कहा कि कुछ जगहों पर सिलेंडर पांच हजार रुपये से अधिक कीमत पर बिक रहे हैं। उन्होंने लोकसभा में पेट्रोलियम मंत्री के उस दावे पर भी सवाल उठाया, जिसमें कहा गया था कि देश में एलपीजी की कोई कमी नहीं है। कांग्रेस अध्यक्ष के अनुसार जमीनी हकीकत सरकारी दावों को गलत साबित कर रही है।

कांग्रेस अध्यक्ष ने बताया कि मौजूदा स्थिति में औद्योगिक उपभोक्ताओं को पिछले छह महीनों की औसत आपूर्ति का केवल 80 प्रतिशत ही मिलेगा, जबकि उर्वरक संयंत्रों की आपूर्ति 70 प्रतिशत तक सीमित कर दी गई है। रिफाइनरी और पेट्रोकेमिकल इकाइयों को भी कटौती का सामना करना पड़ रहा है। उन्होंने एलपीजी की कीमतों में हालिया बढ़ोतरी पर सवाल उठाते हुए कहा कि घरेलू सिलेंडर के दाम 60 रुपये और कॉमर्शियल सिलेंडर की कीमत 115 रुपये बढ़ाई गई है। खरगे ने कहा कि शहरों में एक सिलेंडर मिलने के बाद अगला सिलेंडर बुक करने की अवधि 21 दिन से बढ़ाकर 25 दिन कर दी गई है, जबकि ग्रामीण और दूरदराज के इलाकों में यह अवधि 25 से बढ़ाकर 45 दिन कर दी गई है। इससे पैनिक बुकिंग और जमाखोरी की स्थिति पैदा हो रही है। खरगे ने सरकार से मांग की कि कालाबाजारी और जमाखोरी रोकने के लिए सख्त कदम उठाए जाएं तथा आम लोगों और छोटे व्यापारियों को किफायती दामों पर एलपीजी सिलेंडर उपलब्ध कराए जाएं।

### न्यूयॉर्क से दिल्ली आ ...

समस्या के बाद शैनन, आयरलैंड की ओर डायवर्ट किया गया। एयरलाइन के अनुसार विमान ने स्थानीय समयानुसार सुबह 4:30 बजे शैनन एयरपोर्ट पर सुरक्षित लैंडिंग की और सभी यात्री व चालक दल सुरक्षित हैं। प्रवक्ता ने बताया कि विमान की स्थापित सुरक्षा मानकों के तहत विस्तृत तकनीकी जांच की जा रही है। एयर इंडिया ने कहा कि यात्रियों की सुरक्षा सर्वोच्च प्राथमिकता है और इसी के मद्देनजर यह ऐहतियाती फैसला लिया गया। विमान करीब छह घंटे तक हवा में रहने के बाद शैनन की ओर मोड़ा गया।

### जज खुद करेंगे मुआयना ...

अवस्थी की बेंच ने इस विवादित परिसर से जुड़ी याचिकाओं की नियमित सुनवाई के लिए 2 अप्रैल की तारीख तय की। बेंच ने अपनी मौखिक टिप्पणियों में कहा कि कई विवादों को देखते हुए हम इस परिसर का दौरा करना और उसका मुआयना करना चाहेंगे। बेंच ने यह भी साफ किया कि इस दौरे के दौरान मामले से जुड़ा कोई भी पक्ष विवादित जगह पर मौजूद नहीं रह पाएगा। लंबी दलीलें सुनने के बाद डिवीजन बेंच ने इस मामले में दायर अलग-अलग अंतरिम अर्जियों को स्वीकार कर लिया और कहा कि पक्ष इन अर्जियों से जुड़े दस्तावेज और हलफनामे कोर्ट में पेश कर सकते हैं।

### पीएनजी, एलपीजी दोनों ...

ज्यादा से ज्यादा लोगों को पीएनजी कनेक्शन दिए जा सकें।

**1100 जगहों पर हुए औचक निरीक्षण :** सुजाता ने कहा कि एलपीजी के मामले में खासतौर पर कालाबाजारी को रोकने में राज्य सरकारों और स्थानीय प्रशासन की अहम भूमिका होती है। राज्य सरकारों के स्तर पर बैठकें जारी हैं। स्थिति की निगरानी के लिए नियंत्रण कक्ष स्थापित किए गए हैं। हरियाणा, उत्तर-प्रदेश, मध्य-प्रदेश, आंध्र-प्रदेश, असम और मिजोरम में कई जगहों पर छापेमारी (रेड) की गई है। तेल कंपनियों की टीमों ने देश में कुल 1100 जगहों पर एलपीजी वितरकों और रिटेल आउटलेट्स पर जाकर औचक निरीक्षण किए हैं।

**तेल कंपनियों पर भरोसा बनाए रखें :** उन्होंने कहा कि मंत्रालय एक बार फिर से लोगों से यह अपील करना चाहता है कि गैस को लेकर केवल ऑनलाइन बुकिंग ही करें। सिलेंडर पहले की तरह आपके घर पर ही डिलीवर किया जाएगा। इसके लिए डिस्ट्रीब्यूटर के पास जाने की कोई आवश्यकता नहीं है। मामले पर तेल मार्केटिंग कंपनियों पर भरोसा बनाए रखें। जिन जगहों पर ऊर्जा के वैकल्पिक स्रोत मौजूद हैं, जैसे पीएनजी। उसके इस्तेमाल की ओर बढ़ें। तेल रिफाइनरियां अपनी पूरी क्षमता से काम कर रही हैं। देश में पेट्रोल, डीजल की पर्याप्त उपलब्धता है।

**22 जहाजों में सुरक्षित हैं 611 नाविक:** प्रेस वार्ता में केंद्रीय जहाजरानी मंत्रालय में विशेष सचिव राजेश कुमार सिन्हा ने कहा, फारसी की खाड़ी के पश्चिम में होर्मुज जलडमरूमध्य से होते हुए 45 हजार मीट्रिक टन एलपीजी की खेप लेकर शिवालिक जहाज 16 मार्च को गुजरात के मुंद्रा बंदरगाह पर पहुंच गया है। जहाज के आगमन से पूर्व ही दस्तावेजों की जांच, प्राथमिकता के आधार पर बर्थिंग और अन्य सभी व्यवस्थाएं पूरी कर ली गई थी। जिससे कॉर्गो को उतारने में किसी प्रकार की कोई देरी न हो। उन्होंने कहा कि फारस की खाड़ी के पश्चिम में मौजूद भारतीय ध्वज वाले कुल 22 जहाजों में कुल 611 नाविक सवार हैं। बीते 24 घंटे में इनके साथ कोई नकारात्मक घटना नहीं हुई है। इसके अलावा 14 मार्च को भारत के ध्वज वाला 'जग लाडकी' नामक एक अन्य जहाज संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) से 81 हजार टन मुर्बन कच्चा तेल लेकर सुरक्षित रूप से भारत आ रहा है। जिसके मंगलवार (17 मार्च) को स्वदेश पहुंचने की संभावना है। जहाज पर सवार सभी भारतीय नाविक सुरक्षित हैं। मंत्रालय जहाज मालिकों, भारतीयों की भर्ती करने सहित अन्य भागीदारों के साथ निकट संपर्क में बना हुआ है।

**खाड़ी से सुरक्षित पहुंचे 286 नाविक :** सिन्हा ने बताया कि जहाजरानी महानिदेशक द्वारा स्थापित नियंत्रण कक्ष के बीते 28 फरवरी को युद्ध की शुरुआत के साथ संचालित होने से लेकर बीते 48 घंटे में 310 कॉल और 600 ईमेल प्राप्त हुए हैं। पिछले 24 घंटे में 53 काल और 150 ईमेल मिली हैं। वहीं, अभी तक 286 नाविकों को खाड़ी क्षेत्र से सुरक्षित देश वापस लाया गया है। जिसमें 33 लोग गुजरे 24 घंटे में भारत पहुंचे हैं। इन लोगों की खाड़ी के विभिन्न स्थानों से वतन वापसी कराई गई है। उन्होंने कहा कि उभरते हुए हालातों के बीच मेजर पोर्ट्स ऑफ इंडिया गंभीरता से जहाजों, माल की आवाजाही की निगरानी कर रहा है। जिसमें प्रभावितों को हर संभव सहायता प्रदान की जा रही है। राहत से जुड़े कई कदम उठाए गए हैं। जिसमें सीमा शुल्क व अन्य भागीदारों से संपर्क कर रणनीतिक मुद्दे हल किए जा रहे हैं। जवाहरलाल नेहरू पोर्ट मध्य-पूर्व से आने वाले लेडन कंटेनरों को अस्थायी स्टोरेज दे रहा है। वर्तमान में देश के किसी बड़े बंदरगाह पर किसी तरह की कोई भीड़ भाड़ की सूचना नहीं मिली है। खाड़ी जाने वाले जहाजों को भी बंदरगाहों पर सुरक्षित जगह दी जा रही है।

**अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा**

**(धारा 84 BNSS देखिए)**

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **कृष्ण उर्फ चीकू पुत्र राम निवास निवासी मकान नं. 310, गली नं. 1, शालीमार गांव, दिल्ली** अन्य पताः **गांव बापी, थाना चंदन वापी, जिला दौसा, राजस्थान** ने एफआईआर नं./कोर्ट केस सं. **12/2020, अन्तर्गत धारा 25/54/59 शस्त्र अधिनियम, थाना शालीमार बाग, ज़िला उत्तर-पश्चिम, दिल्ली** के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है) और उस पर जारी किए गए गिरफ्तारी के वारंट को यह लिखकर लौटा दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **कृष्ण उर्फ चीकू** मिल नहीं रहा(रही) है, और मुझे समाधानप्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **कृष्ण उर्फ चीकू** फरार हो गया(गई) है (या उक्त वारंट की तामील से बचने के लिए अपने आपको छिपा रहा(रही) हैं) इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि एफआईआर नं. /कोर्ट केस सं. **12/2020, अन्तर्गत धारा 25/54/59 शस्त्र अधिनियम, थाना शालीमार बाग, ज़िला उत्तर-पश्चिम, दिल्ली** के उक्त अभियुक्त **कृष्ण उर्फ चीकू** से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **23.04.2026** को **प्रातः 10:00 बजे** या उससे पहले हाजिर हो।

आदेशानुसार
**श्री गौरव कटारिया**
न्यायिक दण्डाधिकारी प्रथम श्रेणी-7 (उ.-प.)
कोर्ट नं. 208, रोहिणी कोर्ट, दिल्ली

**DP/2948/NW/2026**
**(Court Matter)**

**अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा**

**(धारा 82(2) (ii) Cr.PC/84 BNSS देखिए)**

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **मनोज उर्फ काकू पुत्र बृजमोहन उर्फ दीना निवासी म. नं. 760, गली कुंडे वालान, अजमेरी गेट, दिल्ली** ने केस **एफआईआर नं. 297/2025 अन्तर्गत धारा 118(2)/3(5) भारतीय न्याय संहिता अधिनियम, थाना हौज़ काज़ी, दिल्ली** के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है) और उस पर जारी किए गए गिरफ्तारी के वारंट को यह लिखकर लौटा दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **मनोज उर्फ काकू** मिल नहीं रहा है, और मुझे सामाधानप्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **मनोज उर्फ काकू** फरार हो गया है (या उक्त वारंट की तामील से बचने के लिए अपने आपको छिपा रहा है) इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि केस **एफआईआर नं. 297/2025 अन्तर्गत धारा 118(2)/3(5) भारतीय न्याय संहिता अधिनियम, थाना हौज़ काज़ी, दिल्ली** के उक्त अभियुक्त **मनोज उर्फ काकू** से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **30.04.2026** को या उससे पहले हाजिर हो।

आदेशानुसार
**मानसी मलिक**
एसीजेएम–02, केन्द्रीय
कमरा नं. 296ए, दूसरा तल
तीस हजारी न्यायालय, दिल्ली

**DP/3260/CD/2026**
**(Court Matter)**



चैत्र नवरात्र का पर्व हम तब मनाते हैं, जब शीत ऋतु का प्रस्थान, ग्रीष्म ऋतु का आगमन हो रहा होता है। यह वसंत ऋतु का समय होता है, जब वृक्षों पर नव कोंपल आ रही होती हैं, बागों में फूल महक बिखेर रहे होते हैं। प्रकृति के इस नवीन वातावरण में हम मां शक्ति की नौ दिन पूरी आस्था के साथ पूजन करते हैं, अपने भीतर आध्यात्मिक चेतना जगाते हैं। यह समय मां शक्ति की उपासना करते हुए, स्त्री की सृजनशक्ति को मान देने का भाव जगाता है।

# मां शक्ति की उपासना के साथ नवजीवन का उत्सव

आवरण कथा
**डॉ. मोनिका शर्मा**

बदलाव की स्वीकार्यता, जीवन को सहज बना देती है। यह पाठ प्रकृति से ज्यादा और कौन पढ़ा सकता है? समय के साथ आगत के स्वागत का भाव एक ओर भावनाओं के मोर्चे पर सुकून देता है तो दूसरी ओर जीवन को गति। मानवीय अनुभूतियों को आस्था के भाव संग जोड़ने का संदेश देते चैत्र नवरात्र, नएपन के ऐसे ही स्वागत-सत्कार का संदेश देते हैं। वासंतिक नवरात्र का यह समय प्रकृति के आंगन में नई कोंपलों के फूटने और रंग-बिरंगे फूलों के खिलने का समय होता है। मां भगवती के अर्चन के इन दिनों में स्त्रियां नवीनता को सहजता से आत्मसात करने का आशीष भी मांगती हैं।

## समय के साथ चलने का सुख

आस्था और पूजन-अर्चन से जुड़ीं हमारी परंपराएं प्रकृति से भी गहराई से जुड़ी हैं। यही वजह है कि हर रीत समय के साथ चलने की प्यारी सीख देती है। आस्था की यह राह मन को साधने का भी काम करती है। नई कोंपलों के स्वागत के इस मौसम में मां भगवती की उपासना के नौ दिन आध्यात्मिक चेतना के साथ और शारीरिक नवीनीकरण के दिन होते हैं। नवरात्र में उपवास करने की बात हो या दिनचर्या में सहज बदलाव कर, मां दुर्गा के नौ रूपों की साधना करते हुए मन-जीवन में नयापन लाने के प्रयास, सब कुछ नकारात्मक ऊर्जा के घेरे को कम करने से जुड़ा है। यह समय चेतनामयी आभा को पोसने वाला है। यह चेतना और सकारात्मकता, नई बातों और हालातों को अपनाकर नई शुरुआत करने की मनःस्थिति बनाती है। आमतौर पर स्त्रियां नएपन को स्वीकारने में जरा झिझकती हैं। महिलाओं के लिए समय के साथ सहजता से ढलना-बदलना मुश्किल होता है, जबकि प्रकृति और परंपराओं के इन रंगों को सबसे अधिक स्त्रियां ही जीती, निभाती और मानती हैं। ऐसे में धरा के पोर-पोर में खिलते नएपन और उल्लास के बीच चैत्र नवरात्र में अपनी भीतरी ऊर्जा को जगाने की राह जरूर पकड़ें। सशक्त मन और सजग मस्तिष्क की धनी बन, मां आदिशक्ति से जीवन के हर पड़ाव पर सहजता से जीने और नएपन से जुड़ने का आशीष भी मांगें।



## मन को आधार देती आस्था

वैज्ञानिक अध्ययन भी बताते हैं कि रंग, रस और सुगंध में डूबे संपूर्ण पर्यावरण और परिवेश में इंसानी मन में भी नई ऊर्जा का संचार होता है। चैत्र प्रतिपदा से शुरू होने वाले वासंतिक नवरात्र को परिवर्तन का भी काल जाता है। इस दौरान प्रकृति नवीन हो जाती है। धरा का कोना-कोना महकता और सजा-धजा नजर आता है। कोयल की कूक से लेकर खिलते पलाश तक, सब कुछ नवजीवन का सुंदर संदेश देता-सा लगता है। बदलते मौसम के इसी पड़ाव पर मां शक्ति की उपासना से जुड़े श्रद्धा के भाव मन को नया आधार देते हैं। नववर्ष की इस दस्तक पर कई दूसरे सार्थक रिवाज निभाए जाते हैं। ईश्वरीय शक्ति में विश्वास के संग प्रकृति को सहेजना इन परंपराओं का हिस्सा है। नदियों में स्नान करने से लेकर बरगद, पीपल सींचने तक, प्रकृति से जोड़ने वाले कई प्रण नव वर्ष के अवसर पर लिए जाते हैं। इन रिवाजों को निभाने और धरती के सहेजने वाले प्रयासों संग हर स्त्री अपने जीवन में भी नई ऊर्जा उपार्जित कर सकती है। मन की शक्ति को साधते हुए अपने व्यक्तित्व को नए रंग में ढाल सकती है।



## श्रद्धा और सृजनशीलता का उत्सव

नवरात्र के नौ दिन एक अनुष्ठान के समान होते हैं। मानसिक ऊर्जा को सहेजने का संकल्प लेने के विशेष दिन। श्रद्धा भाव से जुड़ी यह शक्ति शारीरिक और मानसिक रूप से रिचार्ज करती है। नवसृजन की सोच को बल देती है। हर मन को नई ऊर्जा देने वाले इस मौसम में ऊर्जामयी प्रकृति से सीखते हुए आगे बढ़ने का प्रेरणादायी सूत्र आध्यात्मिक ही नहीं, व्यावहारिक जीवन की बेहतरी से भी जुड़ा है। यही वजह है कि मां दुर्गा की आराधना और धरती पर हर ओर फैले नएपन के उत्सव में शक्ति को साधने और मन जीवन को नई ऊर्जा देने की रीत घर-घर में रही है। यह समय धरती और मां शक्ति की उपासना करते हुए स्त्री की सृजनशक्ति को मान देने के भाव जगाता है। भारतीय संस्कृति में मातृशक्ति को ही प्राणशक्ति कहा गया है। हर घर में मां की भूमिका बहुत अहम होती है। जीवन देने वाली मां का स्थान सबसे ऊपर माना गया है। नवरात्र का आध्यात्मिक और पारंपरिक पर्व प्रभु श्रीराम द्वारा मां आदिशक्ति की उपासना कर बुराई से लड़ने की शक्ति पाने से भी जुड़ा है। स्त्रियों के लिए भी मां भगवती का पूजन-अर्चन अपने सामर्थ्य को पहचानने का उत्सव ही है। नवरात्र, मुसीबतों के आगे डट कर शक्ति का आह्वान करने का अनुष्ठान है। अपने व्यक्तित्व की प्रफुल्लता, स्फूर्ति और तेजस्विता को बल देते हुए सृजनशील रहने का भाव जगाने का अवसर भी है। ✿

# अपनाएं सही डाइट प्लान व्रत में नहीं बिगड़ेगी सेहत



डाइट सजेशन
**शीला सहरावत, डाइटीशियन**

आने वाले नवरात्र के दौरान आप अगर एक-दो दिन या पूरे नौ दिन व्रत रखने वाली हैं तो आपको अपने डाइट प्लान पर ध्यान देना चाहिए। इससे आप पूरे दिन एनर्जेटिक रहेंगी और आपकी तबियत भी नहीं बिगड़ेगी।

नवरात्र के दौरान आप भी जरूर व्रत रखेंगी। लेकिन इस दौरान अगर आप अपनी डाइट का ध्यान नहीं रखेंगी तो कुछ हेल्थ प्रॉब्लम्स हो सकती हैं। जैसे-कई महिलाओं को व्रत में अन्न और नमक न लेने से एनर्जी में कमी महसूस होने लगती है। शुगर या बीपी की पेशेंट्स भी समझ नहीं पातीं कि व्रत में क्या खाना सही रहेगा। इसलिए हम आपको ऐसा डाइट प्लान बता रहे हैं, जिससे व्रत के दौरान भी आप फिट रहेंगी और आपको कमजोरी या सुस्ती भी महसूस नहीं होगी।

## डाइट प्लान बनाएं ऐसा



- नीबू पानी और शहद मिला पानी पीने के साथ ही भिगोए हुए ड्राय फ्रूट्स से दिन की शुरुआत करें।
- लंच से पहले शरीर के टॉक्सिंस निकालने के लिए एक गिलास डिटॉक्स ड्रिंक जैसे नीबू पानी, छाछ या नारियल पानी को डाइट में अवश्य शामिल करें।
- रात के खाने में आप अंगूर, आम, अनानास जैसे खट्टे फल न खाएं। ये एसिडिटी की समस्या को बढ़ा सकते हैं।
- व्रत की डाइट में कार्ब्स, प्रोटीन, फाइबर और हेल्दी फैट का बैलेंस बनाएं।
- ज्यादा तेल या चीनी डाइट में न शामिल करें। ज्यादा चीनी वाले या क्रीमी डेजर्ट्स से भी बचें।
- कार्ब्स के लिए हल्के और कम कैलोरी वाले सामक के चावल शामिल करें।
- फाइबर से भरपूर कुट्टू की रोटी शामिल करें, इससे भूख कंट्रोल रहती है।
- फाइबर से भरपूर और कम कैलोरी वाली सब्जियां जैसे लौकी, कद्दू, शकरकंद, खीरा या टमाटर को अपनी डाइट में शामिल करें।
- फलों में नेचुरल शुगर देने वाले सेब, पपीता, अनार या केला शामिल करें।
- प्रोटीन के लिए राजगिरा का दलिया, लो फैट पनीर, दही या नट्स जैसे बादाम, अखरोट लें। ये भूख कंट्रोल करते हैं।
- फैट के लिए थोड़ा-सा घी या कोल्ड प्रेस्ड ऑयल में व्यंजन पकाएं।
- पूरे दिन में 2-3 सीजनल फ्रूट्स, थोड़ी सब्जी और दूध या दही जरूर खाएं।
- ज्यादा कैलोरी वाली तली हुई चीजों जैसे कुट्टू के पकौड़े, आलू के चिप्स या साबुदाना पापड़ से परहेज करें।
- फलाहार बनाने में सेंधा नमक ज्यादा न डालें क्योंकि यह पानी रिटेंशन बढ़ाता है और सूजन आती है।
- आलू ज्यादा न खाएं क्योंकि ये स्टार्च से भरपूर है और कैलोरी बढ़ाता है।
- पैकेज्ड फूड अवॉइड करें, क्योंकि उनमें चीनी और नमक ज्यादा होता है।
- व्रत के दौरान चाय-कॉफी ज्यादा न पिएं, इसके बजाय हर्बल टी लें।

## डायबिटिक-बीपी पेशेंट्स की डाइट

डायबिटीज और हाई बीपी (हाइपरटेंशन) के मरीजों को व्रत के दौरान विशेष सावधानी बरतनी चाहिए।

**क्या खाएं:** डायबिटीज और हाई ब्लड प्रेशर के मरीज, दिन में थोड़ा-थोड़ा खाकर, हाइड्रेटेड रहकर और तले-भुने से बचकर व्रत रख सकती हैं। कुट्टू, सिंघाड़े के आटे की रोटी, सामक के चावल, दही, मखाना, पनीर और लौकी, कद्दू की सब्जी का सेवन करें। भोजन में लो-फैट दही, छाछ, पनीर और दूध शामिल करें। स्नैक्स में भुने हुए मखाने, बादाम, अखरोट लें।

**क्या न खाएं:** डीप फ्राइड भोजन जैसे कुट्टू, सिंघाड़े के आटे की पूड़ी, पकौड़े खाने से परहेज करें। डायबिटीज के मरीज ज्यादा मीठे फल जैसे केला, लीची, चीकू, अनानास, सूखे खजूर (ड्राय डेट्स) और खोए की मिठाई न खाएं। हाई बीपी के मरीज सेंधा नमक भी कम मात्रा में लें। साबूदाना न खाएं क्योंकि इसमें हाई ग्लाइसेमिक इंडेक्स वाला पदार्थ होता है, जिसके कारण इसमें कार्ब्स ज्यादा और फाइबर कम होते हैं, जिससे शुगर बढ़ सकता है। डायबिटीज के मरीज पैक्ड फ्रूट्स जूस से दूरी बनाएं। ✿ **प्रस्तुतिः ललिता गोयल**

इस वर्ष विश्व जल दिवस की थीम-जल और लिंग, लैंगिक समानता, जल की कम उपलब्धता और उसकी अशुद्धता से महिलाओं के जीवन पर पड़ने वाले दुष्प्रभावों को प्रकट करता है। इस बारे में सही कदम उठाने की जरूरत है।

# जल की उपलब्धता से संवरेगा स्त्रियों का जीवन



जागरूकता
**अंजू जैन**

हर वर्ष की तरह इस बार भी 22 मार्च को विश्व जल दिवस मनाने की तैयारी की जा रही है। लेकिन इस वर्ष जल दिवस की थीम हमें एक ऐसे कड़वे सच से रूबरू कराती है, जिसे हम अकसर नजरअंदाज कर देते हैं। दुनिया भर में कई ऐसे देश, शहर और ग्रामीण क्षेत्र हैं, जहां जल संकट बहुत गंभीर रूप ले चुका है। यह जल संकट, महिलाओं के लिए भी एक गंभीर संकट बन चुका है। इस वर्ष विश्व जल दिवस की थीम हमें याद दिलाती है कि स्वच्छ जल कोई विलासिता नहीं, बल्कि स्त्री सशक्तिकरण की दिशा में पहली सीढ़ी की तरह है।



**पानी की कतार में थमती जिंदगीः** जल संकट को अकसर पर्यावरण या भूगोल के नजरिए से देखा जाता है, लेकिन यह गहराई से एक सामाजिक और आर्थिक मुद्दा भी है। जल संकट की कीमत महिलाओं को कई प्रकार से चुकानी पड़ती है। घर के लिए पानी जुटाने की जिम्मेदारी लगभग पूरी दुनिया में आज भी मुख्य रूप से महिलाओं के कंधों पर है। आंकड़ों के मुताबिक, दुनिया भर में महिलाएं और लड़कियां हर दिन 20 करोड़ घंटे सिर्फ पानी लाने में बिता देती हैं।

**पड़ते हैं कई दुष्प्रभावः** एक बेटी जब दूर से पानी लाने में अपनी मां की मदद करती है, तो वह स्कूल नहीं जा पाती, ठीक से पढ़ाई नहीं कर पाती और अनावश्यक श्रम करने के लिए मजबूर होती है। भारी भरकम मटके या बाल्टियां ढोने से होने वाली शारीरिक समस्याएं और असुरक्षित स्रोतों से मिलने वाला दूषित पानी उनके स्वास्थ्य पर बुरा प्रभाव डालता है। स्वच्छ जल और सैनिटेशन (सफाई) का सीधा संबंध महिलाओं के शारीरिक स्वास्थ्य और सम्मान से जुड़ा है। स्कूलों या कार्यस्थलों पर पानी और निजी शौचालय की कमी महिलाओं को घर में ही रहने पर मजबूर करती है। सुरक्षित प्रसव के लिए भी स्वच्छ जल अनिवार्य है। दूषित पानी और गंदगी के कारण होने वाले संक्रमण जच्चा-बच्चा दोनों के लिए जानलेवा साबित होते हैं। भारी वजन उठाकर मीलों चलने से महिलाओं में रीढ़ की हड्डी और गर्भाशय से जुड़ी गंभीर बीमारियां पनप सकती हैं।

**जल प्रबंधन है जरूरीः** संयुक्त राष्ट्र संघ द्वारा इस वर्ष यूनिसेफ के सहयोग से यह संदेश दिया जा रहा है कि जल प्रबंधन में महिलाओं की भागीदारी केवल सामाजिक कार्य नहीं, बल्कि 'मानवाधिकार' भी है। इनका कहना है कि यदि हम चाहते हैं कि समाज में लैंगिक समानता आए, तो हमें हर घर के नल तक पानी पहुंचाना होगा।

**जरूरी हैं कारगर प्रयासः** विश्व जल दिवस हमें याद दिलाता है कि जब हम एक महिला के लिए स्वच्छ जल की उपलब्धता सुनिश्चित करते हैं, तो हम उसे समय देते हैं, पढ़ने के लिए, कमाने के लिए और खुद को साबित करने के लिए। जरूरी है कि पूरी शिद्दत से जल उपलब्धता के लिए कुछ ठोस कदम उठाए जाएं। इस वर्ष जल दिवस की थीम यह मांग करती है कि जल समितियों, सिंचाई विभागों और सरकारी योजनाओं में महिलाओं को निर्णायक पदों पर रखा जाए। पानी की बर्बादी को रोकना केवल पर्यावरण के लिए नहीं, बल्कि उन करोड़ों महिलाओं के लिए भी जरूरी है, जो एक-एक बूंद के लिए मीलों पैदल चलती हैं। इसलिए ऐसी तकनीकों को बढ़ावा देना जरूरी है।

**हम सब करें प्रयासः** पानी बचाना केवल कर्तव्य नहीं, बल्कि उन महिलाओं के प्रति एकजुटता दिखाना है, जो पानी के लिए संघर्ष कर रही हैं। सब्जियों को बहते नल के बजाय एक बर्तन में पानी भरकर धोएं। उस पानी को पौधों में डालें। घर के काम-काज में जल-बचत वाली मशीनों और तकनीकों का उपयोग करें ताकि पानी और समय दोनों की बचत हो। अपने घर के नलों में वॉटर एयरेटर्स लगाएं, जो पानी का बहाव 50 प्रतिशत तक कम कर देते हैं। अपने क्षेत्र की जल समितियों में सुनिश्चित करें कि पानी की पाइपलाइन का नक्शा बनाते समय महिलाओं की सुविधा को ध्यान में रखा जाए। ✿

सलाह
**प्रतिभा अग्निहोत्री**

# भावनात्मक रूप से बनिए मजबूत



आज महिलाएं हर क्षेत्र में बड़ी कुशलता से काम कर रही हैं, देश के विकास में अपना योगदान दे रही हैं। वे घर-परिवार, करियर और अन्य जिम्मेदारियों को एक साथ निभा रही हैं। इन सभी जिम्मेदारियों के बीच अकसर उन्हें अनेक प्रकार के मानसिक-भावनात्मक दबाव का सामना करना पड़ता है। ऐसे में अगर महिलाएं भावनात्मक रूप से मजबूत होंगी तो वे हर परिस्थिति का सामना आसानी से कर सकेंगी, वहीं दूसरी ओर भावनात्मक रूप से कमजोर महिलाएं छोटी-छोटी बात पर घबरा जाएंगी। कई बार तो वे अंदर-अंदर घुटती रहती हैं, तनाव का शिकार हो जाती हैं, जिससे उनकी सेहत पर विपरीत प्रभाव पड़ता है। कभी-कभी वे अनेक बीमारियों का शिकार हो जाती हैं। इस दृष्टि से नवरात्र में आप नौ दिन माता की पूजा करें। अध्यात्म, इंसान की आत्मशक्ति को बढ़ाता है, भावनात्मक रूप से मजबूत बनाता है, इससे आप जीवन में आने वाली कठिनाइयों का मुकाबला आसानी से कर सकेंगी।

**अपनी भावनाओं को स्वीकार करेंः** हमारा समाज महिलाओं से दूसरों का ध्यान रखने और अपनी भावनाओं को दबाकर रखने की उम्मीद करता है। कई बार महिलाएं न चाहते हुए, मन मारकर थके शरीर से भी दूसरों के प्रति अपने कर्तव्यों का निर्वहन करती हैं, जिससे उनके स्वास्थ्य पर बुरा प्रभाव पड़ता है। इसलिए आप अपनी भावनाएं समझें और तनाव से बचें। यदि आवश्यकता हो तो किसी भरोसेमंद व्यक्ति से साझा करें ताकि आपका मन हल्का हो।

**बढ़ाएं आत्मविश्वासः** अकसर आत्मविश्वास के अभाव में महिलाएं सही निर्णय नहीं ले पातीं, उन्हें अपने आप पर भरोसा नहीं होता। इससे बचने के लिए आप अपने शौक, रुचि और क्षमता को पहचानकर उसका विकास करें। संभव है तो इसे अपना प्रोफेशन बनाएं। अपनी छोटी-छोटी उपलब्धियों पर गर्व करें, खुश हों।

**सोच सकारात्मक रखेंः** जीवन में सुख-दुःख आते-जाते रहते हैं। ऐसे में हर परिस्थिति में खुद को सकारात्मक रखकर आप बड़ी से बड़ी समस्या का समाधान निकाल सकती हैं। नकारात्मक सोच आपको भावनात्मक रूप से कमजोर बनाती है, वहीं सकारात्मक सोच आपके आत्मविश्वास में वृद्धि करती है।

**घर के सदस्यों से लें सहयोगः** घर-बाहर के सभी काम खुद ना करके परिवार के अन्य सदस्यों से उनकी क्षमता के अनुसार सहयोग लें। इससे उनकी कार्यक्षमता का तो विकास होगा, वहीं आपका काम आसान हो जाएगा। आप अपने लिए कुछ समय निकाल सकेंगी।

**मन का करेंः** लोग क्या कहेंगे, यह सोचकर अपने मन को बार-बार मारने की जगह अपने मन के काम भी जरूर करें। मन का पहनें, मन का खाएं अगर सिंगिंग, डांसिंग या राइटिंग का शौक हो तो अपने रूटीन में से समय निकालकर उसे पूरा करें। इससे शरीर में डोपामाइन हार्मोन रिलीज होगा और आप भावनात्मक रूप से मजबूत बनेंगी। ✿



स्किन केयर
**शहनाज हुसैन, कॉस्मेटोलॉजिस्ट**

गर्मी के मौसम में बढ़ते तापमान, धूप और पसीने की वजह से कई स्किन संबंधी समस्याएं हो सकती हैं। इनसे बचने के लिए स्किन का हाइड्रेटेड होना जरूरी है। जानिएं ऐसे तरीके, जिनसे आपकी स्किन हाइड्रेट रहेगी।

# गर्मी में भी स्किन बनी रहेगी हाइड्रेटेड

अब धीरे-धीरे तापमान बढ़ने के साथ गर्मी के मौसम का प्रभाव बढ़ने लगा है। इसका असर आपकी स्किन को भी नुकसान पहुंचा सकता है। धूप से होने वाली टैनिंग और सनबर्न से त्वचा काली पड़ने लगती है। गर्मियों में चिलचिलाती धूप, प्रदूषण, आद्रता और धूल-मिट्टी, चेहरे की नेचुरल ग्लो को खत्म कर देती है, जिससे त्वचा बेजान दिखाई देने लगती है। अगर आप चाहती हैं कि आने वाले दिनों में भी आपका चेहरा ग्लो करे और स्किन संबंधी समस्याएं नहीं हों तो यहां बताए जा रहे टिप्स अपनाने होंगे।



**सनस्क्रीनः** धूप में घर से बाहर जाने से पहले स्किन पर सनस्क्रीन का इस्तेमाल आपको सनबर्न से बचाएगा। तेज धूप में 30 एसपीएफ या इससे ऊपर वाली सनस्क्रीन का इस्तेमाल फायदेमंद होता है। चेहरे को ढंक कर तेज धूप में बाहर निकलना चाहिए। अगर संभव हो तो आने वाले दिनों में दोपहर 11 बजे से शाम 4 बजे तक घर से बाहर निकलने से परहेज करें, क्योंकि इस दौरान ज्यादा गर्मी और धूप होती है। सनस्क्रीन के साथ-साथ मॉयश्चराइजर का इस्तेमाल जरूर करें। दरअसल, इसका प्रयोग न करने से चेहरे की नमी खोने लगती है, इससे कील-मुंहासों संबंधी समस्याओं का खतरा बढ़ता है।

**ग्लिसरीन-शहद-कच्चा दूधः** एक चम्मच ग्लिसरीन, एक चम्मच शहद और एक चम्मच कच्चा दूध लेकर पेस्ट बना लें। इसे चेहरे पर लगाकर कुछ समय बाद ताजे साफ पानी से धो डालिए। इससे आपकी त्वचा कोमल और चमकदार बनी रहेगी।

**खीरा-पुदीना-डिस्टिल्ड वॉटरः** खीरे को 4 या 5 लंबे टुकड़ों में काट लें। डिस्टिल्ड वॉटर और पुदीने की पत्तियों के साथ एयर टाइट डिब्बे में पैक करके 1 घंटे के लिए फ्रिज में रख दें। इस पानी को छानकर अलग स्प्रे बॉटल में डाल लें। फ्रिज में स्टोर करें और स्किन पर इसे अप्लाई करें। यह मिस्ट स्प्रे गर्मी में स्किन को कूल और फ्रेश रखेगा। रैशेज से भी बचाएगा।



**खीरा और नारियल पानीः** खीरे को कद्दूकस कर उसका जूस निकाल लें। इसे ठंडा होने के लिए फ्रिज में 20-25 मिनट के लिए रख दें। इसके बाद इसमें 1 कप नारियल पानी मिलाएं और अच्छी तरह से मिक्स करके स्प्रे बॉटल में भर लें। यह मिस्ट स्किन टोनर का काम करेगा।

**गुलाब जल टोनरः** एक खीरे के जूस, एक चम्मच गुलाब जल को एक कप मिनरल वॉटर में डालकर स्किन टोनर बना लें। इसके उपयोग से स्किन टोनिंग के अलावा त्वचा मुलायम हो जाएगी।

**आइसिंग है कारगरः** गर्मी के मौसम में चेहरे पर बर्फ लगाने से स्किन को पोषण मिलता है, जिससे त्वचा फ्रेश नजर आती है। इससे रिंकल्स और फाइन लाइंस कम नजर आती हैं। कील मुंहासे कम होते हैं। आइसिंग करने से त्वचा को हाइड्रेटेड रहती है।

**मेकअप करें रिमूवः** सोने से पहले मेकअप उचित तरीके से हटाने से त्वचा स्वस्थ और चमकदार बनी रहती है। इससे मुंहासे और अन्य त्वचा संबंधी समस्याओं का खतरा कम हो जाता है। मेकअप हटाने के लिए आप नारियल तेल, ऑलिव ऑयल, एलोवेरा जैल, दूध या शहद का उपयोग कर सकती हैं। ✿

**अलग-अलग हिस्सों को तेज और आधुनिक सड़क नेटवर्क से जोड़ना मकसद**

# छह आर्थिक कॉरिडोर से बदलेगा मप्र का सड़क नेटवर्क, 3368 किमी के एक्सप्रेस वे और प्रगतिपथ से 55 जिले जुड़ेंगे, उद्योग-व्यापार व पर्यटन को मिलेगा बढ़ावा

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल



मध्यप्रदेश में सड़क और औद्योगिक विकास को नई रफ्तार देने के लिए राज्य सरकार छह बड़े आर्थिक कॉरिडोर विकसित करने जा रही है। इन कॉरिडोर की कुल लंबाई 3368 किलोमीटर होगी और इनके निर्माण पर करीब 36,483 करोड़ रुपए खर्च किए जाएंगे। इन परियोजनाओं का मकसद प्रदेश के अलग-अलग हिस्सों को तेज और आधुनिक सड़क नेटवर्क से जोड़ना है, जिससे उद्योग, व्यापार, पर्यटन और परिवहन गतिविधियों को बड़ा बढ़ावा मिलेगा। सरकार ने इन सभी परियोजनाओं को जून 2028 तक पूरा करने का लक्ष्य तय किया है। इन कॉरिडोर में नर्मदा प्रगतिपथ, विंध्य एक्सप्रेस-वे, मालवा-निमाड़ विकासपथ, अटल प्रगतिपथ, बुंदेलखंड विकासपथ और मध्यभारत विकासपथ शामिल हैं। इनमें से दो कॉरिडोर भोपाल से होकर गुजरेंगे। परियोजनाओं का अंतिम प्रारूप तैयार हो चुका है और इनके निर्माण का काम लोक निर्माण विभाग, राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण और मध्यप्रदेश सड़क विकास निगम मिलकर करेंगे। सरकार की योजना के अनुसार इन कॉरिडोर के जरिए प्रदेश को आठ हिस्सों में विभाजित करते हुए सड़क नेटवर्क को व्यवस्थित किया जाएगा।

### इन जिलों को होगा सीधा फायदा

इन आर्थिक कॉरिडोर के बनने से प्रदेश के सभी जिलों तक सड़क संपर्क बेहतर होगा। विंध्य एक्सप्रेस-वे बनने से भोपाल सीधे सिंगरौली से जुड़ जाएगा। इस मार्ग में भोपाल, सागर, दमोह, कटनी और रीवा सहित करीब दस जिले आएंगे। मालवा-निमाड़ विकासपथ के जरिए मंदसौर, उज्जैन, इंदौर, खंडवा और बुरहानपुर को बेहतर सड़क संपर्क मिलेगा। गरोठ-उज्जैन 136 किलोमीटर और इंदौर-बुरहानपुर 215 किलोमीटर खंड पर काम जारी है। अटल प्रगतिपथ पश्चिम में दिल्ली-मुंबई इंडस्ट्रियल कॉरिडोर से शुरू होकर बुंदेलखंड एक्सप्रेस-वे से जुड़ेगा। इससे श्योपुर, मुरैना और भिंड जैसे जिलों को फायदा होगा। बुंदेलखंड विकासपथ बनने से भोपाल, रायसेन, विदिशा, सागर और छतरपुर के बीच सीधा संपर्क मजबूत होगा। इस मार्ग के जरिए भोपाल से छतरपुर की दूरी और समय दोनों कम होंगे। मध्यभारत विकासपथ से भीमबैठिका, भोजपुर, सांची, उदयगिरी, चंदेरी, ओरछा और दतिया जैसे प्रमुख पर्यटन स्थल आपस में जुड़ेंगे। यह कॉरिडोर मुरैना से बैतूल तक सीधा मार्ग उपलब्ध कराएगा। वहीं नर्मदा प्रगतिपथ झाबुआ, धार, इंदौर, देवास, सीहोर, रायसेन, नरसिंहपुर, जबलपुर और डिंडोरी सहित करीब दस जिलों से होकर गुजरेगा। यह कॉरिडोर बिलासपुर-रायपुर से शुरू होकर गुजरात तक जुड़ेगा।

### ये हैं प्रस्तावित एक्सप्रेस-वे और प्रगतिपथ

- नर्मदा प्रगतिपथ – 867 किमी लंबाई, लागत 5,299 करोड़ रुपए, लक्ष्य जून 2028।
- विंध्य एक्सप्रेस-वे – 676 किमी लंबाई, लागत 3,809 करोड़ रुपए, लक्ष्य जून 2028।
- मालवा-निमाड़ विकासपथ – 450 किमी लंबाई, लागत 7,972 करोड़ रुपए, लक्ष्य दिसंबर 2027।
- अटल प्रगतिपथ – 299 किमी लंबाई, लागत 12,227 करोड़ रुपए, निर्माण जारी।
- बुंदेलखंड विकासपथ – 330 किमी लंबाई, लागत 3,357 करोड़ रुपए, लक्ष्य जून 2028।
- मध्यभारत विकासपथ – 746 किमी लंबाई, लागत 3,819 करोड़ रुपए, लक्ष्य जून 2028।

---

**ताप्ती नदी पर बनेगा उच्च स्तरीय पुल, असीरगढ़ के किले को पर्यटन केंद्र के रूप में करेंगे विकसित**

### किसानों की तकदीर बदल देगी नेपानगर की दो सिंचाई परियोजनाएं

# बुरहानपुर के एग्री एक्सपोर्ट और प्रोसेसिंग को हब बनाने की योजना

**डॉ. हेडगेवार स्मृति उद्यान बनाया जाएगा, बुरहानपुर महाविद्यालय में पढ़ाया जाएगा कृषि संकाय**

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि नेपानगर अद्भुत नगरी है। यह कृषि और उद्योग का बेजोड़ संगम है। बुरहानपुर जिला मप्र की सांस्कृतिक विविधता का जीवंत उदाहरण है। उन्होंने कहा कि बुरहानपुर के एग्री एक्सपोर्ट और प्रोसेसिंग का हब बनाने की ओर बढ़ रहे हैं। प्रदेश के जनजातीय वर्ग का समग्र विकास हमेशा से ही हमारी पहली प्राथमिकता रही है। जनजातीय समाज के समग्र कल्याण के लिए नए वित्त वर्ष 2026-27 के सालाना बजट में 26 प्रतिशत की वृद्धि कर 47 हजार 428 करोड़ रुपए का बजट प्रावधान रखा है, जिससे जनजातीय वर्ग के चहुंमुखी विकास और कल्याण में कोई कमी न रहे।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव रविवार को बुरहानपुर जिले के नेपानगर विधानसभा क्षेत्र में आयोजित जनजातीय सम्मेलन को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि केन्द्रीय पीएम जन-मन योजना और धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान के तहत कराए जा रहे कार्य प्रदेश में जनजातीय कल्याण का नया अध्याय लिख रहे हैं। उन्होंने कहा कि डॉ. हेगड़ेवार स्मृति उद्यान बनाया जाएगा। बुरहानपुर महाविद्यालय में कृषि संकाय की पढ़ाई होगी। इसीतरह ताप्ती नदी पर उच्च स्तरीय पुल बनाने तथा असीरगढ़ के किले को पर्यटन केंद्र के रूप में विकसित करने की घोषणा की।



मुख्यमंत्री का संबोधन।



**नेपानगर विस क्षेत्र में आयोजित जनजातीय सम्मेलन को संबोधित कर रहे थे मुख्यमंत्री**

**जनजातीय वर्ग के चहुंमुखी विकास और कल्याण में कोई कमी न रहे**

### प्रदेश के सभी नगरीय निकायों में बनेंगे गीता भवन

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि इंदौर और जबलपुर की तर्ज पर प्रदेश के सभी नगरीय निकायों में गीता भवन बनाएँ जा रहे हैं। गीता भवन के माध्यम से दार्शनिक वातावरण निर्मित करने का प्रयास है। इन केन्द्रों में युवा पीढ़ी को गीता के निष्काम कर्म और भारतीय मूल्यों से जोड़ने और शोधार्थियों के लिए विशेष संसाधन उपलब्ध कराना गीता भवन का मुख्य उद्देश्य है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि मप्र की सांस्कृतिक और आध्यात्मिक चेतना को विस्तार देने के लिए 'गीता भवन' परियोजना को अब वृहद स्वरूप प्रदान किया जा रहा है। प्रदेश के सभी 413 शहरों में गीता भवन निर्माण की योजना के लिए 5 वर्षीय कार्ययोजना के वर्ष 2026-27 के लिए 60 करोड़ का प्रावधान किया गया है।

#### 4 शहरों में प्रोजेक्ट्स स्वीकृत, 100 निकायों में भूमि चिन्हांकित

योजना के क्रियान्वयन की दिशा में महत्वपूर्ण प्रगति करते हुए विभाग ने चार प्रमुख शहरों में ब्राउनफील्ड प्रोजेक्ट्स को तकनीकी स्वीकृति प्रदान कर दी है। इनमें रीवा (5 करोड़ रुपए), छिंदवाड़ा (2.5 करोड़ रुपए), कटनी (2.4 करोड़ रुपये) तथा खंडवा (2 करोड़ रुपए) शामिल हैं। इसके अतिरिक्त, 6 नगर निगमों सहित 100 नगर पालिकाओं में 'ग्रीनफील्ड' प्रोजेक्ट्स के लिए भूमि की उपलब्धता सुनिश्चित हो चुकी है, जिनकी डीपीआर को अंतिम रूप दिया जा रहा है। शेष 313 नगरीय निकायों में भी भूमि का चिन्हांकन कर लिया गया है।

### सिंचाई परियोजनाएं 35 हजार किसान परिवारों की तकदीर और तस्वीर बदल देंगी

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने नेपानगर विधानसभा क्षेत्र में दो प्रमुख सिंचाई परियोजनाओं (झिरमिट्टी मध्यम सिंचाई परियोजना एवं नावथा वृहद सिंचाई परियोजना) को शासकीय मंजूरी मिलने की जानकारी देते हुए कहा कि यह सिंचाई परियोजनाएं इस क्षेत्र के 34 हजार 400 किसान परिवारों की तकदीर और तस्वीर बदल देंगी। कुल 2598.97 करोड़ रुपए की इन दोनों परियोजनाओं से जनजातीय बहुल क्षेत्र में 51800 हेक्टेयर कृषि रकबे में सिंचाई की सुविधा उपलब्ध होगी। इन परियोजनाओं से 132 गांव लाभान्वित होंगे। मुख्यमंत्री ने क्षेत्रीय किसानों से अपील करते हुए कहा कि वे किसी के भी अनर्गल प्रलाप से कतई प्रभावित न हों। इन परियोजनाओं के निर्माण में हमारी सरकार किसी भी व्यक्ति या किसान को घर से बेघर नहीं होने देगी। हम सबके हितों का बराबर ध्यान रखेंगे।

#### सिंचाई क्षमता में लगातार हो रही वृद्धि

बुरहानपुर जिले के प्रभारी मंत्री तुलसीराम सिलावट ने कहा कि ताप्ती बेसिन मेगा ग्राउंड वाटर रिचार्ज परियोजना भी मंजूर हो चुकी है। इससे बुरहानपुर जिले की सिंचाई क्षमता में भारी वृद्धि होगी। सांसद ज्ञानेश्वर पाटिल ने कहा कि नेपानगर क्षेत्र की अर्थव्यवस्था में यहां की नेपा मिल का अत्यंत महत्वपूर्ण योगदान है। विधायक बुरहानपुर एवं पूर्व मंत्री अर्चना चिटनिस ने कहा कि यह सरकार सामाजिक सरोकारों से जुड़ी है। सरकार के प्रयासों से प्रदेश की प्रति व्यक्ति आय भी निरंतर बढ़ रही है। नेपानगर विस की विधायक मंजू दादू ने सीएम को तीर कमान भेंट कर स्वागत किया। उन्होंने असीरगढ़ के प्राचीन किले का जीर्णोद्धार करवाने एवं यहां पर्यटन गतिविधियां विकसित करने का अनुरोध किया।

---

**तीसरे राउंड में सिर्फ 458 करोड़ की बोली**

## 11,498 करोड़ रुपए के शराब ठेकों पर मिला ठंडा रिस्पॉन्स



फाइल फोटो।

**नीलामी में ठेकेदारों की भागीदारी की उम्मीद रही काफी कम**

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

मध्यप्रदेश में वित्तीय वर्ष 2026-27 के लिए शराब दुकानों के ठेकों की नीलामी का तीसरा राउंड भी ठंडा रहा। आबकारी विभाग ने इस चरण में प्रदेश के 50 जिलों के 407 समूहों के लिए टेंडर जारी किए थे, जिनकी कुल रिजर्व प्राइस 11,498.68 करोड़ रुपए तय की गई थी। लेकिन नीलामी में ठेकेदारों की भागीदारी उम्मीद से काफी कम रही।

सूत्रों के अनुसार शनिवार को पूरे प्रदेश में सिर्फ 15 जिलों के 36 समूहों के लिए ही 60 टेंडर प्राप्त हुए। इन बोलीदाताओं ने कुल 458.38 करोड़ रुपए के ऑफर दिए, जो निर्धारित रिजर्व प्राइस का करीब 4 प्रतिशत ही है।

#### 35 जिलों में सन्नाटा

तीसरे राउंड में प्रदेश के 35 जिलों में एक भी टेंडर दाखिल नहीं हुआ। बड़े शहरों में भी नीलामी को लेकर ठेकेदारों की दिलचस्पी नहीं दिखी। भोपाल, जबलपुर, ग्वालियर, इंदौर, उज्जैन, छिंदवाड़ा, सागर और देवास जैसे प्रमुख जिलों में भी एक भी बोली नहीं आई।

सूत्रों का कहना है कि ठेकों की रिजर्व प्राइस बढ़ने के कारण कई ठेकेदारों ने बोली लगाने से दूरी बनाए रखी। आबकारी ने बदली रणनीति कमजोर रिस्पॉन्स को देखते हुए आबकारी विभाग अब नई रणनीति पर काम कर रहा है।

#### अगले चरण में शराब दुकानों के छोटे समूह बनाकर नीलामी कराई जाएगी

इसके तहत प्रत्येक समूह में न्यूनतम 2 और अधिकतम 3 दुकानें शामिल होंगी।

एकल दुकान को अलग समूह बनाकर नीलामी में नहीं रखा जाएगा।

बड़े समूह सिर्फ उन्हीं जिलों में बनाए जाएंगे, जहां पर्याप्त इच्छुक टेंडरदाता मौजूद हों।

#### ठेकेदारों की 'वेट एंड वॉच' की रणनीति

सूत्रों के मुताबिक कई जिलों में ठेकेदार फिलहाल 'वेट एंड वॉच' की रणनीति अपनाए हुए हैं। उनका मानना है कि शुरुआती चरण में सरकार ऊंची कीमतों पर ठेके देना चाहती है, लेकिन कमजोर रिस्पॉन्स के बाद शर्तों में ढील दी जा सकती है। ठेकेदारों की रणनीति ठेकों के भाव कम कराने की भी बताई जा रही है। इसी उम्मीद में कई बड़े ठेकेदार फिलहाल बोली से दूर हैं। कुछ जिलों में यह भी चर्चा है कि स्थानीय स्तर पर सीमित प्रतिस्पर्धा बनाए रखने की कोशिश की जा रही है, ताकि आगे के चरणों में कम बोलीदाताओं के बीच ठेके हासिल किए जा सकें। हालांकि आबकारी विभाग संगठित रणनीति की इन चर्चाओं से इनकार करता है। विभागीय सूत्रों के अनुसार पिछले वर्षों में भी यह देखा गया है कि सरकार एक अप्रैल से पहले कई बार ठेकों की रिजर्व प्राइस में कटौती कर देती है।

---

## जिलों में संगठन की पकड़ मजबूत करने की तैयारी, कांग्रेस के 71 जिला संगठन महामंत्रियों की भोपाल में ट्रेनिंग आज




पीसीसी

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

मध्यप्रदेश में कांग्रेस अपने संगठनात्मक ढांचे को मजबूत करने के लिए अब जिलों में संगठन महामंत्रियों को अधिक अधिकार देने की तैयारी कर रही है। इसी कड़ी में प्रदेश के 71 जिला संगठन महामंत्रियों का एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम सोमवार को भोपाल में आयोजित किया जाएगा। बैठक में जिला संगठन महामंत्रियों को उनके अधिकार, जिम्मेदारियां और संगठन में उनकी भूमिका को विस्तार से समझाया जाएगा। प्रशिक्षण के दौरान उन्हें एक फोल्डर भी दिया जाएगा, जिसमें उनके अधिकार क्षेत्र और कामकाज की रूपरेखा स्पष्ट की गई है। बैठक में प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी, प्रदेश संगठन महामंत्री संजय कामले और प्रशिक्षण प्रभारी महेंद्र जोशी मुख्य रूप से मार्गदर्शन देंगे।

#### जिलों में एआईसीसी मॉडल पर अधिकार

*सूत्रों के अनुसार जिस तरह एआईसीसी में संगठन महामंत्री के पास व्यापक अधिकार होते हैं, उसी तर्ज पर अब जिलों में भी संगठन महामंत्रियों को मजबूत भूमिका दी जाएगी। उन्हें जिला, ब्लॉक, उप-ब्लॉक और मंडल-सेक्टर स्तर पर संगठनात्मक नियुक्तियों से जुड़े आदेश जारी करने का अधिकार भी मिल सकता है।*

*जिला अध्यक्ष के सहयोगी के रूप में भूमिका*

*प्रशिक्षण में यह भी स्पष्ट किया जाएगा कि जिला अध्यक्ष और संगठन महामंत्री के बीच तालमेल कैसे बनाया जाए, ताकि संगठनात्मक कामों में टकराव की स्थिति न बने।*

#### मीडिया और सोशल मीडिया पर भी फोकस

बैठक में मीडिया और सोशल मीडिया विभाग भी प्रस्तुति देंगे। इसमें बताया जाएगा कि
* संगठनात्मक कार्यक्रमों को सार्वजनिक कैसे किया जाए
* नियुक्तियों और गतिविधियों को मीडिया तक कैसे पहुंचाया जाए
* सोशल मीडिया के जरिए संगठन को कैसे मजबूत बनाया जाए।

---

## वकालत न्याय, मानवता व जनसेवा का सशक्त दायित्व : मुख्यमंत्री

**चंडीगढ़।** मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि वकालत केवल आजीविका का माध्यम नहीं, बल्कि न्याय, मानवता और जनसेवा का सशक्त दायित्व है। उन्होंने कहा कि वकील लोकतंत्र की न्यायिक व्यवस्था के महत्वपूर्ण स्तंभ हैं, जो न केवल समाज के कमजोर, वंचित और जरूरतमंद वर्गों को न्याय दिलाने में अहम भूमिका निभाते हैं, बल्कि सामाजिक परिवर्तन, नैतिक मूल्यों की स्थापना और राष्ट्र निर्माण में भी अग्रणी योगदान देते हैं। मुख्यमंत्री रविवार देर शाम संत कबीर कुटीर पर चंडीगढ़ व पंजाब से लीगल सेल से जुड़े वकीलों को संबोधित कर रहे थे।



#### राष्ट्रसेवा का माध्यम बनाएं : नायब सैनी

मुख्यमंत्री ने कहा कि कानून का क्षेत्र केवल विधिक ज्ञान तक सीमित नहीं है, बल्कि यह समाज में न्याय, समानता और अधिकारों की रक्षा का माध्यम भी है। उन्होंने युवा वकीलों का आह्वान करते हुए कहा कि वे अपनी ऊर्जा, ज्ञान और उत्साह को समाजहित में समर्पित करें तथा अपने पेशे को केवल व्यक्तिगत सफलता तक सीमित न रखकर राष्ट्रसेवा का माध्यम बनाएं। मुख्यमंत्री ने कहा कि जब भी वे वकीलों के बीच होते हैं, तो स्वयं को मानवता के रक्षकों के बीच पाते हैं। उन्होंने कहा कि यह बड़े ही गर्व की बात है कि भारत के 53वें मुख्य न्यायाधीश, जस्टिस सूर्यकांत हरियाणा के रहने वाले हैं।

---

### गैस सिलेंडर की कोई कमी नहीं: सीएम

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ में गैस की किल्लत को लेकर प्रदेश के सीएम विष्णुदेव साय ने कहा कि सिलेंडर की कोई कमी नहीं है। एक दो दिन में गैस की आपर्ति पूरी तरह से सामान्य हो जाएगी। लोगों को किसी भी तरह की अफवाह पर ध्यान देने की जरूरत नहीं है। प्रदेश में गैस सिलेंडर की कोई वास्तविक कमी नहीं है। इस संबंध में फैल रही बातें पूरी तरह से अफवाह हैं। उन्होंने बताया कि दो जहाज ईरान से इंडिया के लिए रवाना हो चुके हैं। संभावना है कि वे एक-दो दिनों में पहुंच जाएंगे। इसके बाद आपूर्ति पूरी तरह सामान्य हो जाएगी। उन्होंने लोगों को विश्वास दिलाते हुए कहा कि सरकार किसी भी स्थिति में लोगों को परेशान नहीं होने देगी। यदि कहीं थोड़ी बहुत कमी दिखाई देती है, तो उसे जल्द ठीक कर लिया जायेगा।

---

**लाला पन्नालाल स्मृति व्याख्यानमाला**

## सुख बांटने से ही संतोष मिलता है, यही 'सर्वे भवन्तु सुखिनः' हैः साध्वी ऋतंभरा




**नई दिल्ली।** सनातन मूल्यों की प्रबल पैरवीकार एवं जन-जन तक भारतीय संस्कृति, सामाजिक मूल्यों के प्रति समग्र जागृति लाने के मिशन में जुटी संस्था 'चेतना' (सुरभि सनातन की) की ओर से रविवार, 15 मार्च को रोहिणी सेक्टर 25 में स्थित इस्कॉन मंदिर में लाला पन्नालाल सिंघल स्मृति व्याख्यान माला (10.0) के तहत 76 वें सेमिनार का आयोजन किया गया। मुख्य वक्ता के रूप में श्रीराम मंदिर निर्माण आंदोलन की अग्रणी ध्वजवाहक, नारी सशक्तिकरण की नई परिभाषा लिखने वाली, 'वात्सल्य ग्राम' की संस्थापक औरपद्मभूषण साध्वी ऋतंभरा रहीं। उन्होंने अपने भावपूर्ण, ओजपूर्ण संबोधन में सेमिनार की मुख्य थीम 'सर्वे भवन्तु सुखिनः' पर इतने धाराप्रवाह से अपनी बात रखी कि उपस्थित सभी गणमान्य अतिथि व दर्शक भावनाओं के सागर में गोते लगाते नजर आए। उन्होंने कहा कि सुख को बांटने से ही संतोष मिलता है, यही तो 'सर्वे भवन्तु सुखिनः' है। अकेले कभी सुख का अहसास नहीं होता। मंदिर का प्रसाद नारी शक्ति किस प्रकार ग्रहण करती है। वह अपने पल्लू में उसे बांध लेती है, फिर घर आकर प्रसाद का एक-एक दाना परिवार के सभी सदस्यों को वितरित करती है। यह दृश्य और अहसास कितना आनन्ददायक है, यही 'सर्वे भवन्तु सुखिनः'है।

---

**सरगुजा के उदयपुर थाना क्षेत्र की घटना**

## दोस्त की हत्या कर कीचड़ से भरी डभरी में फेंका शव

हरिभूमि न्यूज ⏭ सरगुजा



उदयपुर थाना क्षेत्र में हत्या का एक सनसनीखेज मामला सामने आया है। यहां एक युवक ने अपने ही मित्र की हत्या कर शव को गांव के पास स्थित कीचड़ से भरी डभरी में फेंक दिया। जानकारी मिलने के बाद पुलिस ने मौके पर पहुंचकर डभरी का पानी खाली कराया और शव को बाहर निकालकर कब्जे में लिया। जानकारी के अनुसार घटना बीती रात की बताई जा रही है। मृतक की पहचान शीतल, निवासी हनुमानगढ़, थाना उदयपुर के रूप में की गई है। बताया जा रहा है कि आरोपी युवक ने किसी कारणवश अपने मित्र शीतल की हत्या कर दी और उसका शव पोतका गांव के पास स्थित एक डभरी में फेंक दिया।

---

**संदिग्ध गतिविधि देख चलाया था तलाशी अभियान**

**एक इंसास राइफल, 15 जिंदा कारतूस और नक्सली साहित्य जब्त**

## कोहकाटोला जंगल में नक्सली कैंप ध्वस्त पुलिस, सीएएफ, डीआरजी की कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

मोहला मानपुर अंबागढ़ चौकी जिले में पुलिस बल को बड़ी सफलता मिली है। एक संयुक्त अभियान में औंधी थाना क्षेत्र के कोहकाटोला जंगल में नक्सली कैंप ध्वस्त किया गया। इस कार्रवाई में एक इंसास राइफल, 15 जिंदा कारतूस और बड़ी मात्रा में नक्सली साहित्य जब्त हुआ। जिला पुलिस बल, सीएएफ और डीआरजी की संयुक्त टीम ने कोहकाटोला जंगल में तलाशी अभियान चलाया। संदिग्ध गतिविधि दिखने पर पुलिस ने घेराबंदी की, पर नक्सली घने जंगल का फायदा उठाकर भाग निकले। तलाशी में टीम को एक



इंसास राइफल मिली, जिसकी मैगजीन में 15 जिंदा कारतूस थे। इसके अतिरिक्त, पावर बैंक, दवाइयां, खाद्य सामग्री और दैनिक उपयोग की अन्य वस्तुएं भी जब्त की गईं। पुलिस ने बड़ी मात्रा में नक्सली साहित्य भी बरामद किया।

#### दैनिक उपयोग की वस्तुएं भी पुलिस ने की बरामद

संयुक्त टीम ने नक्सली कैंप से महत्वपूर्ण सामग्री बरामद की। इसमें एक इंसास राइफल शामिल है, जिसमें 15 जिंदा कारतूस वाली मैगजीन लगी थी। नक्सलियों के दैनिक उपयोग की वस्तुएं जैसे पावर बैंक, दवाइयाँ, खाद्य सामग्री और बड़ी मात्रा में साहित्य भी मिला है। यह बरामदगी नक्सलियों की आपूर्ति श्रृंखला पर बड़ा प्रहार मानी जा रही है।

चिंतन

# वैश्विक अर्थव्यवस्था के लिए खतरा बनता जा रहा है युद्ध

दुनिया एक बार फिर ऐसे मोड़ पर खड़ी है, जहां युद्ध की लपटें केवल सीमाओं तक सीमित नहीं रह जातीं, बल्कि पूरी वैश्विक अर्थव्यवस्था को अपनी चपेट में ले लेती हैं। अमेरिका-इजराइल और ईरान के बीच बढ़ता तनाव अब केवल कूटनीतिक या सैन्य संघर्ष नहीं रह गया है, बल्कि इसका सीधा असर आम आदमी की जेब और रसोई तक पहुंच गया है। यह युद्ध वैश्विक अर्थव्यवस्था के लिए धीरे-धीरे एक बड़े खतरे का रूप लेता जा रहा है। इतिहास गवाह है कि जब भी मध्य-पूर्व में संघर्ष बढ़ता है, तो उसका पहला और सबसे बड़ा असर ऊर्जा बाजार पर पड़ता है। कच्चे तेल की कीमतों में तेजी इसका तात्कालिक परिणाम होती है। तेल महंगा होने का मतलब है परिवहन महंगा होना, उद्योगों की लागत बढ़ना और अंततः हर वस्तु की कीमत में वृद्धि। यही कारण है कि जैसे-जैसे इस युद्ध की आहट तेज हो रही है, वैश्विक बाजारों में अस्थिरता भी बढ़ती जा रही है। निवेशकों में घबराहट है, शेयर बाजार गिर रहे हैं और अर्थव्यवस्था की रफ्तार पर अनिश्चितता का साया गहरा रहा है। इस संकट का असर अब आम जनजीवन पर भी स्पष्ट दिखने लगा है। विमान किराए में अचानक बढ़ोतरी इसका एक उदाहरण है। इसी तरह रसोई गैस और कमर्शियल गैस सिलेंडर के दाम बढ़ने से घरेलू बजट पर अतिरिक्त बोझ पड़ रहा है। होटल और ढाबों में खाना भी महंगा हो गया है, क्योंकि कमर्शियल गैस की उपलब्धता कम हो रही है और कीमतें तेजी से बढ़ रही हैं। बाजार की स्थिति भी चिंता पैदा करने वाली है। शेयर बाजार में लगातार गिरावट से निवेशकों को भारी नुकसान उठाना पड़ रहा है। जिन लोगों ने अपनी बचत और पूंजी बाजार में लगाई थी, वे अनिश्चितता और अस्थिरता के दौर से गुजर रहे हैं। वैश्विक तनाव का असर केवल बड़े निवेशकों पर ही नहीं, बल्कि छोटे निवेशकों और मध्यम वर्ग पर भी पड़ रहा है। युद्ध का एक और बड़ा असर वैश्विक सप्लाई चेन पर पड़ता है। जब अंतरराष्ट्रीय व्यापार और परिवहन प्रभावित होते हैं, तो जरूरी सामानों की आपूर्ति बाधित हो जाती है। हाल के दिनों में इंडक्शन चूल्हों की मांग में 400 से 500 प्रतिशत तक बढ़ोतरी इसी का उदाहरण है। रसोई गैस की अनिश्चितता के कारण लोग वैकल्पिक साधनों की ओर तेजी से बढ़ रहे हैं, लेकिन इनकी आपूर्ति भी सीमित है। चीन से कच्चा माल आने में लगभग 45 दिन का समय लगने के कारण बाजार में इनकी उपलब्धता तुरंत बढ़ पाना संभव नहीं है। महंगाई का यह दबाव केवल घरेलू स्तर तक सीमित नहीं रहेगा। थोक महंगाई दर में वृद्धि होने पर उसका असर खुदरा बाजार में भी दिखाई देता है। यानी रोजमर्रा की जरूरत की चीजें खाद्य पदार्थ, परिवहन, बिजली और अन्य सेवाएं सब कुछ महंगा हो जाता है। इसका सबसे ज्यादा असर गरीब और मध्यम वर्ग पर पड़ता है, जिनकी आय सीमित होती है, लेकिन खर्च लगातार बढ़ता चला जाता है। ऐसे समय में वैश्विक शक्तियों की जिम्मेदारी और भी बढ़ जाती है। कूटनीति और संवाद के माध्यम से समाधान निकालना ही इस संकट से बाहर निकलने का एकमात्र रास्ता है। यदि यह संघर्ष लंबा खिंचता है, तो न केवल ऊर्जा संकट गहराएगा, बल्कि वैश्विक आर्थिक मंदी का खतरा भी बढ़ सकता है। इसका असर विकासशील देशों पर सबसे ज्यादा पड़ेगा, जहां पहले से ही महंगाई और बेरोजगारी जैसी चुनौतियां मौजूद हैं। आज जरूरत इस बात की है कि विश्व समुदाय मिलकर इस युद्ध को रोकने की दिशा में ठोस कदम उठाए। शांति और स्थिरता ही वह आधार है जिस पर वैश्विक अर्थव्यवस्था टिक सकती है।



चुनाव
राज कुमार सिंह

# राष्ट्रीय राजनीति भी तय करेंगे विस चुनाव

पांच राज्यों में विधानसभा चुनाव की रणभेरी बज गई है, लेकिन सबसे ज्यादा निगाहें पश्चिम बंगाल के चुनाव पर रहेंगी। कांग्रेस छोड़ अपनी अलग तृणमूल कांग्रेस बनाने वाली ममता बनर्जी वहां तीन बार से मुख्यमंत्री हैं। दिलचस्प समीकरण यह कि पहले सत्ता में रही कांग्रेस और फिर तीन दशक से भी ज्यादा सत्तारूढ़ रहा वाम मोर्चा अब बंगाल की राजनीति में हाशिये पर हैं, जबकि भाजपा मुख्य विपक्षी दल बन चुकी है। पिछले चुनाव में भी भाजपा ने बंगाल में बदलाव का माहौल तो बनाया था, लेकिन 294 सदस्यीय विधानसभा में 100 का आंकड़ा भी नहीं छू पाई, जबकि ममता की तृणमूल 215 सीटें जीत गई। दोनों दलों के मत प्रतिशत में भी 10 प्रतिशत का भारी अंतर रहा।

पश्चिम बंगाल, असम, तमिलनाडु, केरल और केंद्र शासित प्रदेश पुदुचेरी में विधानसभा चुनाव का बिगुल बज गया है। चुनाव परिणाम इन पांच राज्यों में भावी सरकार का फैसला ही नहीं करेंगे, बल्कि राष्ट्रीय राजनीति की दिशा भी बताएंगे। इन राज्यों का सत्ता संग्राम ज्यादा दिलचस्प इसलिए भी होगा, क्योंकि दो राज्यों में केंद्र में सत्तारूढ़ गठबंधन राजग की सरकारें हैं तो तीन में विपक्षी गठबंधन इंडिया की। सत्ता तो हर राज्य की महत्वपूर्ण होती है, पर सबसे ज्यादा निगाहें पश्चिम बंगाल के चुनाव पर रहेंगी। कांग्रेस छोड़ अपनी अलग तृणमूल कांग्रेस बनाने वाली ममता बनर्जी वहां तीन बार से मुख्यमंत्री हैं। दिलचस्प समीकरण यह कि पहले सत्ता में रही कांग्रेस और फिर तीन दशक से भी ज्यादा सत्तारूढ़ रहा वाम मोर्चा अब बंगाल की राजनीति में हाशिये पर हैं, जबकि भाजपा मुख्य विपक्षी दल बन चुकी है। पिछले चुनाव में भी भाजपा ने बंगाल में बदलाव का माहौल तो बनाया था, लेकिन 294 सदस्यीय विधानसभा में 100 का आंकड़ा भी नहीं छू पाई, जबकि ममता की तृणमूल 215 सीटें जीत गई। दोनों दलों के मत प्रतिशत में भी 10 प्रतिशत का भारी अंतर रहा।

बेशक तीन सीटों से 77 सीटों की छलांग कम चमत्कारिक नहीं, पर बहुमत का आंकड़ा 147 है। तमाम तिकड़मों के बावजूद भाजपा उसका आधा सफर ही तय कर पाई। दो सीटों से लड़ीं मुख्यमंत्री ममता बनर्जी को चर्चित नंदीग्राम सीट से शुभेंदु अधिकारी द्वारा हरा देना शायद भाजपा की सबसे बड़ी उपलब्धि रही। कभी कांग्रेस, फिर तृणमूल कांग्रेस में रहे शुभेंदु बंगाल में भाजपा के सबसे बड़े नेता हैं। लगातार तीन कार्यकाल के बाद ममता और तृणमूल के विरुद्ध सत्ता विरोधी भावना की संभावना से इनकार नहीं, पर उसका चुनावी लाभ उठाने के लिए स्वीकार्य विश्वसनीय चेहरा और मजबूत संगठन तो चाहिए।

विशाल अल्पसंख्यक वोट बैंक तृणमूल कांग्रेस की बड़ी चुनावी ताकत है। इसीलिए भाजपा हिंदू मतदाताओं को अपने पक्ष में गोलबंद करने की कवायद करती रहती है। इस कवायद और राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की सक्रियता से भाजपा अपने और तृणमूल के बीच के फासले को कितना तय कर पाएगी पश्चिम बंगाल का चुनाव परिणाम इस पर काफी निर्भर करेगा। पिछली बार मिल कर लड़े कांग्रेस और वाम मोर्चा इस बार अलग-अलग चुनाव मैदान में उतरेंगे। उनकी सीमित चुनावी भूमिका में यह देखना दिलचस्प रहेगा कि वे तृणमूल के अल्पसंख्यक वोट बैंक में सेंध लगाते हैं या फिर सत्ता विरोधी मतदाताओं में हिस्सा बंटा कर भाजपा को नुकसान पहुंचाते हैं। एक बात तय है कि यह चुनाव ममता और भाजपा, दोनों के लिए करो या मरो वाला रहेगा। ममता के लिए यह चुनाव सबसे चुनौतीपूर्ण होगा। इसलिए भाजपा के लिए बंगाल में सरकार बनाने का यह सबसे अनुकूल अवसर भी माना जा रहा है।

अगर ममता चौथी बार भी जनादेश पाने में सफल रहीं तो विपक्षी गठबंधन इंडिया के जरिये राष्ट्रीय राजनीति में उनकी भूमिका को नजरअंदाज करना कांग्रेस के लिए मुश्किल हो जाएगा। तमिलनाडु की राजनीति अरसे तक



द्रमुक और अन्नाद्रमुक के बीच दो ध्रुवीय रही, लेकिन जयललिता के निधन के बाद वह संतुलन गड़बड़ा गया है। अन्नाद्रमुक के एकीकरण और उससे गठबंधन के जरिये भाजपा वहां सत्ता परिवर्तन की संभावनाएं तलाश रही है, लेकिन एम के स्टालिन सरकार के कार्यकाल में रह-रह सनातन धर्म और हिंदी भाषा को ले कर उठते रहे विवादों के बावजूद यह आसान नहीं लगता। हां, टीवीके नामक दल बना कर फिल्म अभिनेता से राजनेता बने थलापति विजय अगर बड़ी ताकत बन कर उभरे तो तमाम समीकरण गड़बड़ा सकते हैं। राष्ट्रीय स्तर पर तो द्रमुक और कांग्रेस, इंडिया गठबंधन में शामिल हैं ही, तमिलनाडु में भी दोनों में पुराना गठबंधन है। अगर द्रमुक गठबंधन सत्ता बचाने में सफल रहा तो उससे राष्ट्रीय स्तर पर इंडिया गठबंधन का भी मनोबल बढ़ेगा ही। अन्य क्षत्रपों की तरह एम के स्टालिन भी अपने बेटे उदयनिधि की ताजपोशी करना चाहते हैं, लेकिन उनकी राष्ट्रीय राजनीतक महत्वाकांक्षाओं का कोई स्पष्ट संकेत नहीं मिला है। वैसे सनातन और हिंदी विरोधी छवि के मद्देनजर एम के स्टालिन के लिए राष्ट्रीय राजनीति की डगर आसान होगी भी नहीं। इंडिया गठबंधन भी उनसे जुड़े विवादों से बचना ही चाहेगा। अगर टीवीके की चुनावी मौजूदगी से गैर द्रमुक दलों की सत्ता संभावनाएं बनीं तो वह एक धुर दक्षिण भारतीय राज्य में भाजपा के लिए बिना टिकट खरीदे ही लॉटरी खुल जाने से कम नहीं होगा। पांच चुनावी राज्यों में भाजपा की जीत की सबसे बेहतर संभावनाएं असम में हैं। अरसे से घुसपैठ और जनसांख्यिकी परिवर्तन जैसे मुद्दों से घिरे रहे असम में लगातार दूसरी बार भाजपा सरकार है।

पूर्व कांग्रेसी हिमंत बिस्वा सरमा ने पूर्वोत्तर राज्यों में भाजपा का जैसा विस्तार करवाया, उसके पुरस्कार स्वरूप उन्हें पिछले चुनाव के बाद असम का मुख्यमंत्री बनाया गया। भाजपा के लाड़ले हिमंत इस समय कांग्रेस ही नहीं, राहुल गांधी के भी सबसे मुखर आलोचक हैं। पूर्व प्रदेश अध्यक्ष भूपेन बोरा को भाजपा में शामिल करवा कर हिमंत ने कांग्रेस को एक और बड़ा झटका चुनाव से ठीक पहले दिया। बेशक असम की राजनीति में गठबंधन आज भी निर्णायक भूमिका निभा सकते हैं। इसलिए यह देखना दिलचस्प होगा कि भाजपा और कांग्रेस में से कौन बेहतर ढंग से चुनावी गठबंधन को अंजाम दे पाता है। राहुल के करीबी गौरव गोगोई के राजनीतिक भविष्य का फैसला भी काफी हद तक ये चुनाव कर देंगे।

केरल की दो ध्रुवीय राजनीति में भाजपा के लिए ज्यादा संभावनाएं हैं नहीं। बेशक वहां से लोकसभा चुनाव जीते अभिनेता गोपी केंद्र में मंत्री बनाए गए। हाल ही में कांग्रेस सांसद शशि थरूर के निर्वाचन क्षेत्र में भाजपा अपना मेयर भी बनाने में सफल हो गई, लेकिन केरल की सत्ता की जंग अभी भी मुख्यतः वाम मोर्चा यानि एलडीएफ और कांग्रेसनीत मोर्चा यूडीएफ के बीच ही सिमटी है। कोई भी जीते, सत्ता इंडिया गठबंधन के पास ही रहेगी, लेकिन ध्यान रहे कि देश में केरल एकमात्र राज्य है, जहां वाम सत्ता बची हुई है। उस किले का ढ़हना वाम राजनीति पर विराम जैसा होगा। केंद्रशासित पुदुचेरी की राजनीति बहुत कुछ तमिलनाडु की तर्ज पर चलती है। पिछली बार पासा पलट गया, क्योंकि द्रमुक की दोस्त कांग्रेस का चुनावी प्रदर्शन बेहद लचर रहा। परिणामस्वरूप क्षेत्रीय दल एनआरकांग्रेस और भाजपा मिल कर सरकार बनाने में सफल हो गए। इस बार वहां गठबंधन की बिसात पर कौन कैसा प्रदर्शन करेगा, सत्ता का जनादेश उसी समीकरण पर निर्भर करेगा।

(लेखक स्वतंत्र पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया **haribhoomi@gmail.com** पर दे सकते हैं।

ग्लोबल वार्मिंग
ऋतुपर्ण दवे




# क्यों मार्च का यह महीना माथे पर ला रहा पसीना?

इस बार मार्च में होने वाली तपन का अहसास फरवरी से ही होने लगा था, लेकिन इस बात का अंदेशा जरूर नहीं था कि गर्मी कई इलाकों में रिकॉर्ड तोड़ेगी। इसके पीछे प्राकृतिक कारणों से ज्यादा मानवीय कारण हैं, जिसके चलते जलवायु परिवर्तन का असर साफ-साफ दिखने लगा है। ज्यों ही फरवरी का वैश्विक तापमान 1.49 डिग्री सेल्सियस अधिक दर्ज हुआ, मार्च को लेकर वैज्ञानिक चिंतित हो गए। हुआ भी वही। भारत के संदर्भ में देखें तो अभी से भीषण गर्मी की स्थिति मिश्रित जलवायु जोखिम की घटनाएं बन रही है। इसे कम्पाउंड क्लाइमेट रिस्क कहते हैं जो कई खतरनाक स्थितियों के चलते एक साथ, या एक के बाद एक लगातार उत्पन्न होती है। इसके ठीक उलट रात अपेक्षाकृत ठण्डी होती है और कई जगह दिन बहुत गर्म। यही सब मिलकर अत्याधिक विनाशकारी परिणामों का कारण बनते हैं। ऐसा लगता है कि अप्रैल-मई सा कहर अभी शेष बचे पखवाड़े में इसी मार्च दिखेगा। हालांकि भारत के मौसम विभाग (आईएमडी) ने मार्च के लिए अपने अनुमान में पहले ही साफ कर दिया था कि पश्चिमी हिमालय क्षेत्र, मध्य भारत और प्रायद्वीपीय में दिन का तापमान सामान्य से ज्यादा रह सकता है और गुजरात, मध्यप्रदेश व आंध्र प्रदेश में सामान्य से ज्यादा तेज गर्म हवाएं चलेंगी। दिल्ली में तो 7 मार्च को ही अधिकतम तापमान 35.7 डिग्री सेल्सियस जा पहुंचा जो बीते 50 वर्षों में पहली बार मार्च के पहले हफ्ते में इतना अधिक था, जबकि महानगर मुंबई भी बुरी तरह से गर्मी की चपेट में है यहां दिन का तापमान 40 डिग्री सेल्सियस के पार पहुंच रहा है और लोग गर्मी से इस कदर बेचैन हैं कि भारत मौसम विज्ञान विभाग को सचेत करते हुए वहां ऑरेंज और येलो अलर्ट जारी करना पड़ा। जबकि गुजरात के राजकोट और सुरेंद्रनगर में तापमान 41.6 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच गया, जो देश में सबसे अधिक था। भारत के कई क्षेत्रों विशेषकर उत्तर-पश्चिमी राज्यों में मार्च की शुरुआत में ही अच्छी खासी गर्मी महसूस होने लगी। कई जगहों पर तापमान सामान्य से 8 से 13 डिग्री सेल्सियस ज्यादा दर्ज किया गया। अमूमन ऐसी स्थिति को हीटवेव माना जाता है। हैरानी वाली बात यह है कि पहाड़ी ठंडे क्षेत्रों में पारा तेजी से बढ़ रहा है जो बेहद चिंताजनक है। इसी दौरान हिमाचल की राजधानी शिमला में भी तापमान 25 डिग्री सेल्सियस से ऊपर पहुंच गया। वहीं, राज्य के कांगड़ा, मंडी, कुल्लू और सोलन जिलों में जबरदस्त गर्मी की चेतावनी जारी की गई है, जबकि 15 मार्च तक बारिश का पूर्वानुमान है। बीता 8 मार्च पूरे राज्य में शुष्क मौसम के रूप में दर्ज हुआ, जबकि सुंदरनगर, धर्मशाला, सोलन और भुंतर में जबरदस्त गर्मी रही। अब प्रकृति का संतुलन कहें या बिगड़ा मिजाज दोनों देखने को मिल रहे हैं। उना की ऐसी ही मौसमी घटना चिंता बढ़ाने वाली है जहां दिन में तापमान 35 डिग्री सेल्सियस तक जा पहुंचा जबकि कुकुमसेरी (लाहौल-स्पीति) में रात का तापमान 2.2 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। अब यह गर्मी दुनिया भर में महज आंकड़े गिनाने तक सीमित नहीं रही बल्कि कई देशों में बाढ़, बारिश और भीषण तूफानों के रूप में भी लोगों के जीवन पर भारी पड़ रही है। जहां फरवरी में यूरोप और उत्तरी अफ्रीका के तमाम देशों में लगातार बारिश से शहर और गांव डूब गए वहीं ऑस्ट्रेलिया और अफ्रीका के कुछ हिस्सों में आई बाढ़ ने बड़ी जनसंख्या को बेघर कर दिया। फ्रांस, स्पेन, पुर्तगाल और मोरक्को में लगातार भारी बारिश से कई शहर और गांव डूब गए। सड़कों पर नदियां बहने लगीं, घरों में पानी भर गया और हजारों लोगों की जिंदगी और रोजी-रोजगार भी तबाह हो गए। इसकी वजह मौसम वैज्ञानिक बताते हैं कि सर्दियों में बारिश कम होती है तो पश्चिमी विक्षोभ यानी वेस्टर्न डिस्टरबेंस कम आते हैं जिससे जमीन सूखी रह जाती है और ऐसे हालातों में धूप जमीन पर पड़ते ही तेज गर्म होने लग जाती है। वहीं यदि बारिश होती तो जमीन नम रहती और भाप बनकर उड़ती जिस कारण गर्मी हौले-हौले बढ़ती, जो नहीं हुआ। मौसम के जानकार बताते हैं कि नवंबर 2025 से पर्याप्त वेस्टर्न डिस्टर्बेंस नहीं आए, जिसके चलते सर्दियों में बारिश-बर्फबारी कम हुई साथ ही समुद्र से नमीं लाने वाली हवाएं भी नहीं चलना, दूसरा बड़ा कारण बना। दरअसल, वेस्टर्न डिस्टर्बेंस वो मौसम तंत्र होते हैं, जो पश्चिम से पूर्व की ओर बढ़ते हुए बारिश या बर्फबारी लाते हैं। ये सिस्टम भारत के लिए ईरान के आसपास के क्षेत्रों में बनते हैं और भूमध्य सागर से नमी लेकर भारत तक आते हैं। अच्छा होता कि वक्त रहते सजग हो जाते और पर्यावरण को बिगाड़ने का खेल रोक पाते जिससे मानव के अस्तित्व पर आए संकट को टाला जा सकता है वरना धीरे-धीरे वो दिन करीब आ रहा है जब डायनासोर की तरह कभी धरती पर इंसान भी आबाद था की ओर बढ़ रहे हैं। काश, इतना समझ पाते?

(लेखक स्वतंत्र पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

## अहिंसा के प्रयोग



संकलित
दर्शन

हिंसा को किसी भी प्रकार से रोकना या इसके प्रभाव को कम करना, समाज का अनिवार्य कर्तव्य है। हिंसा अनेक तरह की हो सकती है। शारीरिक हिंसा के अतिरिक्त यह मानसिक, शाब्दिक या परोक्ष भी हो सकती है। ऐसी स्थितियां उत्पन्न कर देना, जिससे भय एवं आतंक की छाया में जीवन हर समय आशंकित हो, अव्यवस्थित हो-अप्रत्यक्ष हिंसा है। इसलिए प्रत्येक हिंसा का शमन ही मानव के लिए हितकारी है। हिंसा किसी पशु या अमानुष का विषय हो सकती है, परंतु मानव का धर्म कतई नहीं हो सकती। अहिंसा परमो धर्मः, यही सत्य वचन है। हिंसा किसी समस्या का हल नहीं है। अहिंसा सभी समस्याओं का हल है। लोगों के मन के भीतर प्रेम का बीज होता है, घृणा का फल नहीं। सावधानी से आदर्श व्यवहार का धैर्यपूर्वक पालन किया जाए तो विवाद की स्थिति नहीं आ सकती। किसी विवाद के उत्पन्न होने से शांति के लिए सदैव एक राह शेष रहती है, इस तथ्य को गांठ बांध लेना चाहिए। वार्ता से रास्ता निकलता है। संवेदनहीनता से मानवता का मार्ग अवरुद्ध होगा। आप भगवान को मानें या न मानें, इससे उन्हें कोई फर्क नहीं पड़ेगा, बल्कि इससे आपका महत्व अवश्य बढ़ेगा या घटेगा। इसी तरह प्रकृति के विषय में सार्थक सोच होना चाहिए। नैतिकता के पाठों में हिंसा का कोई स्थान नहीं है। हिंसा तो मानवता के लिए विष के समान है। अहिंसा का प्रयोग करने वाले व्यक्ति शांति के सच्चे नायक हैं। जीवन में अहिंसा का मूल मंत्र सबसे उपयोगी तंत्र बन सकता है, व्यवस्था और जनता दोनों के हित में यही कारगर उपाय भी है।

## कद्दू का तीर्थ स्नान



संकलित
प्रेरणा

एक बार तीर्थ यात्रा पे जाने वाले लोगो का संघ, संत तुकाराम जी के पास जाकर उनके साथ चलने की प्रार्थना की। तुकारामजी ने अपनी असमर्थता बताई। उन्होंने तीर्थयात्रियो को एक कड़वा कद्दू देते हुए कहा-मैं तो आप लोगो के साथ आ नहीं सकता लेकिन आप इस कद्दू को साथ ले जाईए और जहां-जहां भी स्नान करे, इसे भी पवित्र जल में स्नान करा लाये। लोगो ने उनके गूढार्थ पे गौर किये बिना ही वह कद्दू ले लिया और जहां-जहां गए, स्नान किया वहां-वहां स्नान करवाया। मंदिर में जाकर दर्शन किया तो उसे भी दर्शन करवाया। ऐसे यात्रा पूरी होते सब वापस आए और उन लोगो ने वह कद्दू संतजी को दिया। तुकारामजी ने सभी यात्रिओ को प्रीतिभोज पर आमंत्रित किया। तीर्थयात्रियों को विविध पकवान परोसे गए। तीर्थ में घूमकर आये हुए कद्दूकी सब्जी विशेष रूपसे बनवायी गयी थी। सभी यात्रियों ने खाना शुरू किया और सबने कहा कि यह सब्जी कड़वी है। तुकारामजी ने आश्चर्य बताते कहा कि यह तो उसी कद्दू से बनी है, जो तीर्थ स्नान कर आया है। बेशक यह तीर्थाटन के पूर्व कड़वा था, मगर तीर्थ दर्शन तथा स्नान के बाद भी इसी में कड़वाहट है! यह सुन सभी यात्रियों को बोध हो गया कि हमने तीर्थाटन किया है लेकिन अपने मन को एवं स्वभाव को सुधारा नहीं तो तीर्थयात्रा का अधिक मूल्य नहीं है। हम भी एक कड़वे कद्दू जैसे कड़वे रहकर वापस आए है।

## अंतर्मन




## आज की पाती

### जल संरक्षण के ठोस उपाय जरूरी

हर साल 22 मार्च को विश्व जल दिवस मनाया जाता है, जिसका उद्देश्य पूरी दुनिया को यह याद दिलाना है कि पानी केवल एक प्राकृतिक संसाधन नहीं, बल्कि जीवन की मूलभूत आवश्यकता है। पृथ्वी पर जीवन का अस्तित्व जल पर ही निर्भर है। फिर भी आज मानव गतिविधियों के कारण जल संकट तेजी से गंभीर होता जा रहा है। संयुक्त राष्ट्र द्वारा 1993 से शुरू किया गया यह दिवस दुनिया भर में मीठे पानी के महत्व को रेखांकित करने, जल संरक्षण के प्रति जागरूकता बढ़ाने और सतत जल प्रबंधन को प्रोत्साहित करने का एक वैश्विक प्रयास है। पृथ्वी की सतह का लगभग 71 प्रतिशत हिस्सा पानी से ढका हुआ है, लेकिन इसमें से केवल लगभग 2.5 प्रतिशत ही मीठा पानी है और उसमें भी बहुत कम मात्रा सीधे मानव उपयोग के लिए उपलब्ध है। जल संरक्षण निहायत ही जरूरी है।

*– रविंद्र जोशी, बिलासपुर*

## ट्रेंड

### जन्मदिन की शुभकामनाएं



केन्द्रीय जल शक्ति मंत्री सीआर पाटिल को जन्मदिन की हार्दिक शुभकामनाएं। मोदी जी के नेतृत्व में आप जल संसाधनों के संरक्षण, प्रबंधन और हर घर तक स्वच्छ पेयजल उपलब्ध कराने की दिशा में सराहनीय कार्य कर रहे हैं। ईश्वर से आपके उत्तम स्वास्थ्य एवं दीर्घायु की कामना करता हूँ। -**अमित शाह**, केंद्रीय गृह मंत्री

### ईरान से पूर्व निधारित समझौता नहीं



होर्मुज जलडमरूमध्य से भारतीय ध्वज वाले जहाजों के पारगमन के लिए भारत का ईरान के साथ कोई "पूर्व निर्धारित समझौता" नहीं है और प्रत्येक जहाज की आवाजाही एक अलग घटना है। भारत व तेहरान के बीच हुई बातचीत के बाद भारतीय ध्वज वाले दो टैंकर इस महत्वपूर्ण मार्ग से गुजर सके हैं। -**एस जयशंकर**, विदेश मंत्री

### जमीनी हकीकत अलग



पेट्रोलियम मंत्री ने लोकसभा में दावा किया कि एलपीजी की कमी नहीं है, लेकिन जमीनी हकीकत सरकारी दावों को गलत साबित कर रही है। अगर सरकार समय रहते इंतजाम कर लेती, तो हालात इतने खराब नहीं होते। -**मल्लिकार्जुन खरगे**, कांग्रेस, अध्यक्ष

### देश में ईंधन संकट का डर



प्रधानमंत्री और विदेश मंत्री को स्ट्रेट ऑफ होर्मुज पर पैदा हो रहे संकट की पहले से जानकारी थी। इसके बावजूद सरकार ने ईरान के साथ अपने संबंधों को मजबूत नहीं रखा, जिसकी वजह से अब देश में एलपीजी की कमी और ईंधन संकट का डर पैदा हो गया है। -**संजय सिंह**, सांसद आप

## करंट अफेयर

### किम ने बेटी के साथ रॉकेट प्रक्षेपण प्रणालियां देखी



उत्तर कोरिया के नेता किम जोंग उन ने अपनी बेटी के साथ बहु रॉकेट प्रक्षेपण प्रणालियों के परीक्षण का निरीक्षण किया। सरकारी मीडिया ने यह जानकारी दी। इसे अमेरिका और दक्षिण कोरिया के जारी सैन्य प्रशिक्षण के संभावित जवाब के रूप में देखा जा रहा है। उत्तर कोरिया ने अमेरिका और दक्षिण कोरिया के संयुक्त सैन्य अभ्यासों का जवाब देने की हाल में धमकी दी थी। अमेरिका और दक्षिण कोरिया के बीच 'फ्रीडम शील्ड' सैन्य अभ्यास जारी है। दोनों देश के संयुक्त सैन्य अभ्यासों को उत्तर कोरिया अपने ऊपर आक्रमण की तैयारी बताता रहा है। सरकारी 'कोरियाई सेंट्रल न्यूज एजेंसी' (केसीएनए) ने बताया कि किम ने शनिवार को उत्तर कोरिया के पूर्वी तट के पास 12 अति-सटीक 600 मिमी कैलिबर के रॉकेट प्रक्षेपकों के परीक्षण को देखा। दक्षिण कोरिया की सेना ने शनिवार को जानकारी दी थी कि उत्तर कोरिया ने शनिवार को पूर्वी सागर की ओर लगभग 10 बैलिस्टिक मिसाइल दागीं। दक्षिण कोरिया की राष्ट्रीय सुरक्षा परिषद ने इन प्रक्षेपणों को ऐसा उकसावे वाला कदम बताया जो उत्तर कोरिया की किसी भी बैलिस्टिक गतिविधि पर रोक लगाने संबंधी संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद के प्रस्तावों का उल्लंघन करता है।

## ऑफ बीट

### पार्किंसंस के लक्षण मर्दों व औरतों में अलग होते हैं



पार्किंसंस एक लगातार बढ़ने वाली बीमारी है जिसमें मस्तिष्क के 'सबस्टैंशिया नाइग्रा' नामक भाग में डोपामाइन नामक रासायनिक संदेशवाहक का उत्पादन करने वाली कोशिकाएं मरने लगती हैं। इसके साथ ही मस्तिष्क में कई अन्य परिवर्तन भी होते हैं। आमतौर पर इसे गति विकार माना जाता है। सामान्य मोटर लक्षणों में आराम की स्थिति में कंपन, धीमी गति (ब्रैडीकाइनेसिया), मांसपेशियों में अकड़न और संतुलन संबंधी समस्याएं शामिल हैं। लेकिन पार्किंसंस रोग में कई कम ज्ञात गैर-गतिशील लक्षण भी शामिल होते हैं। इनमें निम्नलिखित हो सकते हैं- मनोदशा में परिवर्तन स्मृति और संज्ञानात्मक क्षमता में कठिनाई (जिसमें धीमी गति से सोचना, योजना बनाने या एक साथ कई कार्य करने में चुनौतियां और ध्यान केंद्रित करने में कठिनाई शामिल है) नींद संबंधी विकार स्वायत्त तंत्रिका तंत्र की शिथिलता (जैसे कब्ज, निम्न रक्तचाप और मूत्र संबंधी समस्याएं)। हालांकि इन्हें कभी-कभी पार्किंसंस के 'अदृश्य' लक्षण कहा जाता है, लेकिन ये अक्सर गति विकार लक्षणों की तुलना में जीवन की गुणवत्ता पर अधिक नकारात्मक प्रभाव डालते हैं। अध्ययन ने इस बात की पुष्टि की कि गैर-गतिशील लक्षण कितने आम हैं।

## अपने विचार

**हरिभूमि कार्यालय**

टिकरापारा, रायपुर में पत्र के माध्यम से या फैक्स : 0771-4242222, 23 पर या सीधे मेल से **hbcgpati@gmail.com** पर भेज सकते हैं।

खबर संक्षेप

## स्कूल में टॉवेल डांस वीडियो वायरल

**कोलकाता।** सोशल मीडिया पर एक वीडियो तेजी से वायरल हो रहा है, जिसमें कुछ स्कूली छात्राएं स्टेज पर बॉलीवुड के मशहूर गाने 'मेरे ख्वाबों में' पर टॉवल लपेटकर डांस करती नजर आ रही हैं।




बताया जा रहा है कि ये वीडियो कोलकाता के एक सीबीएसई प्राइवेट स्कूल के कार्यक्रम का है। कई यूजर्स इसे अनुचित ठहरा रहे हैं।

## अग्निकांड पर पीएम ने दुख व्यक्त किया

**दिल्ली।** पीएम नरेंद्र मोदी और राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने ओडिशा में कटक स्थित एससीबी मेडिकल कॉलेज अग्निकांड पर गहरा दुःख व्यक्त किया है। हादसे में अब तक 10 मरीजों की मौत हो गई और कई गंभीर रूप से घायल बताए जा रहे हैं। पीएम ने ऐलान किया कि प्रत्येक परिवार को 2 लाख रुपए की अनुग्रह राशि दी जाएगी।



## आज से शुरू होगी नई एक्सप्रेस डिलीवरी सेवा

**नई दिल्ली।** इंडिया पोस्ट जल्द ही एक नई एक्सप्रेस डिलीवरी सेवा शुरू करने जा रहा है, जिसके तहत पार्सल और कंसाइनमेंट को 24 घंटे के भीतर पहुंचाया जाएगा। संचार मंत्रालय ने बताया कि डाक विभाग 17 मार्च को '24 स्पीड पोस्ट' सेवा शुरू करेगा, जिसका उद्देश्य जरूरी और समयबद्ध पार्सल की अगले दिन गारंटी के साथ डिलीवरी करना है।




## सड़क हादसे में 2 की मौत, 2 घायल

**संत कबीर नगर।** यूपी के संत कबीर नगर जिले में एक मिनी ट्रक की टक्कर में कार सवार दो लोगों की मौत हो गई और दो अन्य घायल हो गए। पुलिस के अनुसार खलीलाबाद थाना क्षेत्र में राष्ट्रीय राजमार्ग-27 पर रसूलाबाद के पास एक मिनी ट्रक ने कार को टक्कर मार दी। पुलिस ने बताया कि शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है और घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया गया।




दिल्ली शराब घोटाला मामला

## दिल्ली कोर्ट से केजरीवाल और सिसोदिया को जवाब देने के लिए मिला समय

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

दिल्ली उच्च न्यायालय ने सोमवार को पूर्व सीएम अरविंद केजरीवाल, डिप्टी सीएम मनीष सिसोदिया और 21 अन्य लोगों को आबकारी नीति मामले में दोषमुक्त किए जाने के फैसले को चुनौती देने वाली केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) की याचिका पर जवाब देने के लिए समय दे दिया। न्यायमूर्ति स्वर्ण कांता शर्मा ने अधीनस्थ न्यायालय के फैसले को चुनौती देने वाली सीबीआई की याचिका पर सुनवाई के लिए 6 अप्रैल की तारीख तय की। सीबीआई की ओर से पेश हुए सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने कहा कि अधीनस्थ न्यायालय का त्रुटिग्रस्त आदेश जरूरत के बाद एक सेकंड के लिए भी रिकॉर्ड पर नहीं रहना चाहिए और केजरीवाल व अन्य लोगों को अपना जवाब दाखिल करने के लिए एक सप्ताह से अधिक का समय नहीं दिया जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि जब अधीनस्थ न्यायालय का पूरा रिकॉर्ड उपलब्ध है, तो जवाब देना जरूरी नहीं है।

### अगले सप्ताह होगी 'डिजिटल अरेस्ट' पर सुनवाई

शीर्ष अदालत अगले सप्ताह 'डिजिटल अरेस्ट' के पीड़ितों से संबंधित एक स्वतः संज्ञान मामले की सुनवाई करेगी। शीर्ष अदालत ने 9 फरवरी को डिजिटल धोखाधड़ी से 54,000 करोड़ रुपए से अधिक की हेराफेरी को 'लूट व डकैती' बताया था ।

### पश्चिम बंगाल में चुनाव पर थम नहीं रार, सीईसी और सीएम आमने-सामने

# चुनाव आयोग ने 28 फरवरी के बाद ट्रांसफर किए पुलिस अधिकारियों की अब मांगी रिपोर्ट

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली/ कोलकता

**चुनाव आयोग ने उन पुलिस स्टेशन-स्तर के अधिकारियों की सूची मांगी है, जिनके अधिकार क्षेत्र में 2021 के विधानसभा चुनावों में मतदान से पहले और मतदान के दिन हिंसा की घटनाएं घटी थीं। साथ ही 2024 के लोकसभा चुनावों में मतदान से पहले, मतदान दिन और मतदान के बाद हिंसा की घटनाएं घटी थीं**

चुनाव आयोग (ईसीआई) ने पश्चिम बंगाल सरकार से उन पुलिस अधिकारियों के बारे में विस्तृत रिपोर्ट मांगी है, जिनके ट्रांसफर के आदेश अंतिम मतदाता सूची के प्रकाशन की तारीख (28 फरवरी) के बाद जारी किए गए थे। इस रिपोर्ट में उन मामलों को शामिल नहीं किया गया है जिन्हें 'तार्किक विसंगति' श्रेणी के तहत वर्गीकृत किए जाने के बाद चल रहे न्यायिक निर्णय के लिए भेजा गया था। अतिरिक्त मुख्य चुनाव अधिकारी की तरफ से चुनावों के लिए अतिरिक्त महानिदेशक पुलिस (कानून) और राज्य पुलिस नोडल अधिकारी को लिखे पत्र में आयोग ने उन पुलिस अधिकारियों की रिपोर्ट भी मांगी है जिन्हें सेवानिवृत्ति के बाद नियुक्त किया गया है। मुख्य चुनाव आयुक्त (सीईसी) ज्ञानेश कुमार ने 2021 और 2024 में चुनाव संबंधी हिंसा में संलिप्तता या निष्क्रियता के लिए दोषी ठहराए गए पुलिस अधिकारियों के बारे में कहा कि आयोग इस मामले में आवश्यक कार्रवाई करेगा। राज्य सरकार को भेजे गए एक अन्य पत्र में, चुनाव आयोग ने उन पुलिस अधिकारियों का विवरण भी मांगा है जिनके अधिकार क्षेत्र में 2021 के विधानसभा चुनावों और 2024 के लोकसभा चुनावों में चुनाव संबंधी हिंसा की घटनाएं घटी थीं। चुनाव आयोग ने दूसरे पत्र में लिखा कि आप उन पुलिस स्टेशन-स्तर के अधिकारियों की एक और सूची दें, जिनके अधिकार क्षेत्र में 2021 के विधानसभा चुनावों में मतदान से पहले और मतदान के दिन हिंसा की घटनाएं घटी थीं। साथ ही 2024 के लोकसभा चुनावों में मतदान से पहले, मतदान दिन और मतदान के बाद हिंसा की घटनाएं घटी थीं।

## सेवानिवृत्ति के बाद नियुक्त किए लोगों के बारे में मांगी जानकारी


सीईसी ज्ञानेश कुमार


केंद्रीय चुनाव आयोग कार्यालय

### अधिकारियों को हटाना महिला विरोधी सोच: ममता

तबादलों को लेकर सीएम ममता बेनर्जी ने आयोग और सत्तारूढ़ भाजपा को 'महिला विरोधी और बंगाल विरोधी' करार दिया। बेनर्जी ने कहा कि भगवा खेमा जितने चाहे उतने अधिकारियों को बदल सकता है, लेकिन वे सरकार को नहीं बदल पाएंगे। बनर्जी ने निर्वाचन आयोग का जिक्र किए बिना कहा कि इससे कोई फर्क नहीं पड़ता कि आप बदले में किन



### शांतिपूर्ण और निष्पक्ष चुनाव होंगे: शुभेंदु

पश्चिम बंगाल में विपक्ष के नेता शुभेंदु अधिकारी ने कहा कि निर्वाचन आयोग ने उन अधिकारियों को फिर से जिम्मेदारी दी है जिन्हें ममता बेनर्जी सरकार ने 'पार्टी लाइन पर न चलने' के कारण किनारे कर दिया था। ईमानदार और निष्पक्ष आईएएस व आईपीएस अधिकारियों को अब कानून-व्यवस्था संभालने की जिम्मेदारी दी गई है, जिससे शांतिपूर्ण और निष्पक्ष चुनाव हो सकेगा।



**वाममोर्चा ने 192 प्रत्याशियों की सूची जारी की**

वाम मोर्चा ने सोमवार को पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनाव के लिए 192 उम्मीदवारों की अपनी पहली सूची की घोषणा की, जिसमें राज्यसभा के निवर्तमान सदस्य विकास रंजन भट्टाचार्य और माकपा की केंद्रीय समिति की सदस्य मीनाक्षी मुखर्जी प्रमुख प्रत्याशियों में हैं।

## भाजपा का 47, माकपा का 81 उम्मीदवारों का ऐलान

केरल चुनाव


सीएम विजयन

**तिरुवनंतपुरम।** भारतीय जनता पार्टी ने केरल विधानसभा चुनाव के लिए 47 उम्मीदवारों की पहली सूची जारी की है। दो पूर्व केंद्रीय मंत्रियों को भी टिकट दिया गया है। इनमें राजीव चंद्रशेखर शामिल हैं, जो नेमोम से चुनाव लड़ेंगे। दूसरा नाम वी मुरलीधरन का है, जो कझाकूट्टम से चुनाव लड़ेंगे। वहीं, केरल में सत्तारूढ़ एलडीएफ का हिस्सा माकपा ने 81 उम्मीदवारों का ऐलान किया। इसमें सीएम पिनाराई विजयन और 11 मंत्रियों के भी नाम शामिल हैं। 81 उम्मीदवारों में से छह पार्टी समर्थित निर्दलीय हैं। सीएम विजयन कन्नूर जिले की धर्मदम से मैदान में होंगे।

### एपस्टीन के साथ नाम जोड़ने से खफा

# पुरी की बेटी ने मीडिया हैंडल्स पर किया 10 करोड़ का मानहानि केस

झूठे पोस्ट हटाने की मांग की

सुनवाई एक दो दिन में होगी



एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

केंद्रीय मंत्री हरदीप सिंह पुरी की बेटी हिमायनी पुरी ने अपने खिलाफ चल रही कथित झूठी और दुर्भावनापूर्ण खबरों को लेकर दिल्ली हाई कोर्ट में मानहानि का मुकदमा दायर किया है। इन खबरों में उनका नाम दोषी करार दिए जा चुके अमेरिकी यौन अपराधी जेफरी एपस्टीन से जोड़कर दिखाया गया है। याचिका में हिमायनी पुरी ने अदालत से विभिन्न सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म्स को उनके खिलाफ अलग-अलग हैंडल्स से पोस्ट किए गए कथित झूठे और मानहानिकारक पोस्ट तुरंत हटाने के निर्देश देने की मांग की है। साथ ही हिमायनी पुरी ने इन पोस्ट्स से उनकी छवि को पहुंचे नुकसान के लिए आरोपी सोशल मीडिया हैंडल्स से 10 करोड़ रुपए का हर्जाना भी मांगा है।

### एपस्टीन से फंडिंग मिलने की बात झूठी

मानहानि याचिका के अनुसार, 22 फरवरी 2026 से कई सोशल मीडिया अकाउंट्स और प्लेटफॉर्म्स पर ऐसे आरोप लगाए जा रहे हैं कि हिमायनी पुरी का जेफरी एपस्टीन या उसके क्राइम नेटवर्क से प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष व्यावसायिक, वित्तीय या व्यक्तिगत संबंध रहा है। याचिका में यह भी कहा गया है कि जिन कंपनियों में वह काम कर चुकी हैं, उनमें से एक 'रियल पार्टनर्स एलएलसी' को एपस्टीन या उसके सहयोगियों से फंडिंग मिलने के आरोप लगाए गए। साथ ही यह दावा भी किया गया कि रॉबर्ट मिलार्ड ने हिमायनी पुरी के साथ मिलकर लेहमन ब्रदर्स के पतन की साजिश रची थी।

### आरोप निराधार और मनगढ़ंत

हालांकि हिमायनी पुरी की याचिका में इन सभी आरोपों को पूरी तरह निराधार और मनगढ़ंत बताया गया है। इसमें कहा गया है कि सोशल मीडिया पर एडिटेड वीडियो, भ्रामक कैप्शन और छेड़छाड़ किए गए थंबनेल के जरिए इन आरोपों को वायरल किया गया, जिससे उनकी छवि को गंभीर नुकसान पहुंचाने की कोशिश की गई। याचिका में यह भी कहा गया है कि हिमायनी पुरी को केवल इसलिए निशाना बनाया जा रहा है क्योंकि वह केंद्रीय मंत्री हरदीप सिंह पुरी की बेटी हैं। इस मामले की सुनवाई मंगलवार या बुधवार को दिल्ली हाई कोर्ट में होने की संभावना है।

मंगलवार को प्रश्नकाल के बाद उठेगा मुद्दा, सदन में वापस लौटेंगे सांसद

# विपक्ष के 8 निलंबित सांसदों की होगी लोकसभा में वापसी, सर्वदलीय बैठक में बनी सहमति

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

अनैतिक आचरण को लेकर किए गए विपक्ष के आठ सांसदों (कांग्रेस के 7 और सीपीआई (एम) के 1 सांसद) के निलंबन को रद्द करने को लेकर सोमवार को लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला द्वारा बुलाई गई सर्वदलीय बैठक में सहमति बन गई है। मंगलवार को प्रश्नकाल के तुरंत बाद यह मुद्दा सदन में उठेगा और उसी के साथ ही इन सभी सांसदों का निलंबन रद्द कर दिया जाएगा और यह सदन की कार्रवाई में पहले की तरह भाग ले सकेंगे। सूत्रों ने बताया कि लोकसभा अध्यक्ष के साथ हुई बैठक में विपक्ष के तमाम नेताओं ने इस बात पर सहमति जताई है कि सदन की गरिमा और स्थापित परंपरा का सभी सदस्यों द्वारा पालन किया जाएगा। साथ ही सभी यह सुनिश्चित करेंगे की ऐसी घटनाओं की भविष्य में सदन में पुनरावृत्ति न हो। कोई भी सदस्य अध्यक्ष के आसन के सामने वेल में दूसरी ओर (सत्ता पक्ष) नहीं जाएगा। इसके अलावा कागज फाड़कर नहीं फेंके जाएंगे और कोई भी सदस्य अधिकारियों की मेज पर भी नहीं चढ़ेगा। बैठक में केसी वेणुगोपाल, के.सुरेश, शताब्दी राय, धर्मेंद्र यादव, सुप्रिया सुले, अरविंद सावंत, टी.सुमति और कल्याण बनर्जी, राजीव रंजन सिंह जैसे तमाम दलों के नेता शामिल हुए।

### इन सांसदों का हुआ था निलंबन

बता दें कि बजट सत्र के पहले चरण के दौरान 3 फरवरी को संसदीय कार्य मंत्री किरण रिजिजू द्वारा लोकसभा में लाए गए एक प्रस्ताव के बाद 8 सांसदों का सत्र की बाकी बची हुई शेष संपूर्ण अवधि तक के लिए कार्रवाई से निलंबन कर दिया गया था। निलंबित सांसदों में गुरजीत सिंह औजला, हिबी ईडन, एडवोकेट डीन कुरियाकोस, अमरिंदर सिंह राजा वारिंग, मणिकम टैगोर, डॉ.प्रशांत पाडोले, चामला किरण रेड्डी और एस. वेंकटेशन मुख्य रूप से शामिल हैं। यह सभी विपक्षी सांसद पूर्व में भी और 9 मार्च को दोबारा से शुरू हुई बजट सत्र की कार्रवाई के दौरान अपना निलंबन रद्द करने की मांग को लेकर संसद भवन परिसर पर धरने पर बैठे हुए थे।

### संसद परिसर में न लाएं डंडे, तलवार

उधर, लोकसभा सचिवालय ने सांसदों को संसद परिसर में मर्यादा बनाए रखने के लिए एक बुलेटिन जारी किया है। जिसमें दिशानिर्देश 124 ए (2)(3) का जिक्र किया गया है। यह मूल रूप से संसद परिसर क्षेत्र और मार्ग को सांसदों के लिए खुला और बाधारहित बनाए रखने के लिए कुछ गतिविधियों पर रोक लगाता है। बुलेटिन में स्पष्ट किया गया है कि परिसर में हथियार, झंडे, पोस्टर, लाठी, भाला, तलवार, डंडे और ईंट आदि न लाएं और न ही प्रदर्शित करें। बुलेटिन में कुछ मामलों में पोस्टर, प्लेकार्ड, एआई वाले आपत्तिजनक चित्र, तस्वीरें और नारों को प्रदर्शित करने पर भी रोक की बात कही गई है। सांसदों को नियमों का पालन करने को कहा गया है।


सार्वजनिक सूचना

ICICI Bank

**पंजीकृत कार्यालय :** आईसीआईसीआई बैंक टावर, निकट चाकली सर्कल, पुराना पादरा रोड, वडोदरा-390007
**कार्पोरेट कार्यालय :** आईसीआईसीआई बैंक टावर्स, बांद्रा-कुर्ला कॉम्पलैक्स, मुम्बई 400051

**स्वर्ण नीलामी एवं आमंत्रण सूचना**

नीचे वर्णित कर्जदार(ों) को आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड से स्वर्ण आभूषणों के तहत प्राप्त किए गए ऋण के तहत बकाया देय राशि का भुगतान करने के लिये एक सूचना जारी की गई थी। देय राशि के पुनर्भुगतान में विफल रहने की वजह से, गिरवीकृत स्वर्ण आभूषणों की नीलामी 16 अप्रैल 2026 को आयोजित की जाएगी। मृतक कर्जदार के मामले में, सभी नियम व शर्तें सम्बन्धित कानूनी वारिस(ों) के लिये लागू होंगी।

| ऋण अकाउंट नम्बर | कर्जदार(ों) के नाम | नीलामी शाखा पता / पते |
|---|---|---|
| शाखा का नाम : दिल्ली-अलकनंदा | | आईसीआईसीआई बैंक लि., डी-1, अलकनंदा शॉपिंग कॉम्पलैक्स, नई दिल्ली-110019 |
| 102305003822 | गीता बाटला | |
| शाखा का नाम : दिल्ली-महारानी बाग | | आईसीआईसीआई बैंक लि., 12, डॉ. सीवी रमण मार्ग, तैमुर नगर, नई दिल्ली-110065 |
| 342662000786 | सैफ उल इस्लाम खान | |
| शाखा का नाम : नई दिल्ली-द्वारका सेक्टर-19 | | आईसीआईसीआई बैंक लि., प्लॉट नं. 452, सेक्टर-19, द्वारका, नई दिल्ली-110078 |
| 542805000087 | परमवीर लोहान | |

नीलामी ऊपर तालिका में वर्णित पते/पतों पर और तिथि/तिथियों को आयोजित की जाएगी। समय : अप. 3.00 बजे - अप. 6.00 बजे।
कृपया ध्यान दें कि आईसीआईसीआई बैंक बिना किसी पूर्व सूचना के नीलामी की तिथि/स्थान/नीलामी का मोड परिवर्तित करने का अधिकार सुरक्षित रखता है।
इच्छुक पार्टियां नीलामी के विस्तृत नियम एवं शर्तों हेतु उपरोक्त शाखा/शाखाओं में पधार सकते हैं।

दिनांक : 17.03.2026 भवदीय, हस्ता/- प्राधिकृत हस्ताक्षरी
स्थान : साउथ-ईस्ट दिल्ली, साउथ-वेस्ट दिल्ली कृते आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड



**अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा**

धारा 82 Cr.P.C / 84 भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता, 2023 देखिए

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त नामः **अश्लेष गुप्ता, पुत्रः स्वर्गीय श्री हरि शंकर गुप्ता, निवासीः मकान नंबर 54, तीसरी मंजिल, पुष्पांजलि एन्क्लेव, कड़कड़डूमा, दिल्ली** ने अपराध किया है (या किए जाने का संदेह है) इसके विरुद्ध **FIR No.219/2019 dated 11.11.2019, U/S 420/406/409/ 468/471/120B IPC** के तहत एक मामला **थाना ईओडब्लू, दिल्ली** में दर्ज किया गया है और उसके बाद जारी गिरफ्तारी वारंट को यह कहते हुए वापस कर दिया गया है कि अभियुक्त **अश्लेष गुप्ता** नहीं मिला या मेरी संतुष्टि के लिए दिखाया गया है कि अभियुक्त **अश्लेष गुप्ता** फरार हो गया है (या उक्त वारंट की तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रहा है)।

इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा है कि **FIR No.219/2019 dated 11.11.2019, U/S 420/406/409/ 468/471/120B IPC, थाना ईओडब्लू, दिल्ली** के अभियुक्त **अश्लेष गुप्ता** को उक्त परिवाद का जवाब देने के लिए दिनांक **20.04.2026** को या उससे पहले अदालत के समक्ष उपस्थित होना आवश्यक है।

आदेशानुसार, श्री मृदुल गुप्ता
मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट,
नई दिल्ली जिला, 26, भूतल, एनेक्स बिल्डिंग,
पटियाला हाउस कोर्ट, नई दिल्ली

DP/3383/EOW/2026
(अदालती मामला)



**कार्यालय पुलिस अधीक्षक रेवाड़ी**

अभियोग संख्या 318 दिनांक 18.10.25 धारा 137 (2),96 BNS थाना शहर रेवाड़ी।

गुमशुदा की पहचान
नाम- शिवानी पुत्री मुकेश कुमार निवासी गाँव गोठडा
हाल अजय नगर थाना शहर रेवाड़ी।
उम्र- 17 साल 4 महीना
कद- 5 फुट 1 इंच
हुलिया- रंग गेहुंआ, लम्बूतरा चेहरा, पतला फुर्तीला शरीर
पहनावा- काले रंग सूट सलवार पैरों में बैंगनी रंग की चपप्ल पहने है।



दिनांक 17.10.25 को समय करीब 2.00 PM पर शिवानी पुत्री मुकेश कुमार निवासी गाँव गोठडा हाल अजय नगर थाना शहर रेवाड़ी अपने घर से विना बताए घर से चली जाने पर अभियोग पंजीकृत हुआ है। जिसका अभी तक सुराग नहीं चला है यदि किसी थाना में या किसी व्यक्ति को इस बारे सूचना प्राप्त होती है तो निम्नलिखित नम्बरों पर सूचित करे। सूचना देने वाले का नाम गुप्त रखा जाएगा।

1. प्रबन्धक थाना शहर रेवाड़ी- 7056666121
2. पुलिस कन्ट्रोल रुम रेवाड़ी- 01274-225156, 9306952004
3. अनुसंधानकर्ता थाना शहर रेवाड़ी- 9588719951

पीआरडीएच-1084/11/4578/2026/43886/88/7 दि. 16.03.26



**हरियाणा सरकार — निविदा सूचना**

| क्र. सं. | विभाग का नाम | कार्य सूचना निविदा का नाम | खुलने की तिथि / बंद होने की तिथि | राशि/ईएमडी (लगभग) रु. में | विभाग की वेबसाइट | नोडल अधिकारी / सम्पर्क विवरण/ई-मेल |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | लोनिवि भ व प करनाल | सोनीपत जिले में जिन्दल विश्वविद्यालय के पीछे जगदीशपुर रोड को रोड चौड़ा करने की वजह से एलटी लाइन सहित 11 केवी राठधना एपी, 11 केवी जगदीशपुर आरडीएस, 11 केवी उद्योग कुंज फीडर की शिफ्टिंग। | 13.03.2026 24.03.2026 | 96.23 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 1842265696 pwd-eeed-karnal@hry.nic.in |
| 2 | लोनिवि भ व प रोहतक | आबकारी एवं कराधान विभाग (जीन्द) हेतु जिला मुख्यालय कार्यालय का निर्माण (लिफ्ट का प्रावधान केवल) + 2 कार्य। | 12.03.2026 03.04.2026 | 97.20 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9034929655 pwd-eeed-rohtak@hry.nic.in |
| 3 | लोनिवि भ व प सोनीपत | सोनीपत जिला हरियाणा में सुभाष स्टेडियम सोनीपत में मिट्टी भराई कार्य। | 13.03.2026 20.03.2026 | 54.55 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 1302200575 pwd-eepd2-sonepat@hry.nic.in |
| 4 | लोनिवि भ व प चण्डीगढ़ | पंचकूला जिले में पिंजौर एरोड्रोम के परिसर की अवसंरचना के रखरखाव और कार्यालय के भवन के चारों ओर घास और अन्य छोटे पौधे इत्यादि के पौधारोपण के लिए लैंडस्कैपिंग कार्य का विकास (4 माह विकास कार्य जमा 18 माह रखरखाव)। | 06.03.2026 19.03.2026 | 46.09 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9779691170 eehortpwd@gmail.com |
| 5 | लोनिवि भ व प चण्डीगढ़ | पानीपत में लघु सचिवालय के लैंडस्केपिंग कार्य का वार्षिक रखरखाव और 4 अन्य। | 16.03.2026 24.03.2026 | 60.91 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9779691170 hortdivisionhrpwd@yahoo.com |
| 6 | महानिदेशक आपूर्ति एवं निपटान पंचकूला हरियाणा | 5 वर्ष के लिए प्रचालन एवं रखरखाव के साथ-साथ चरखी दादरी और महेन्द्रगढ़ के स्टोन क्रशर्स एरिया के लिए 10 नये सीएक्यूएमएस स्टेशनों की खरीद। | 17.03.2026 15.04.2026 | | https://etenders.hry.nic.in | 0172-2570122 Supplies@hry.nic.in |
| 7 | महानिदेशक आपूर्ति एवं निपटान पंचकूला हरियाणा | 5 वर्ष के लिए प्रचालन और रखरखाव के साथ-साथ रेवाड़ी और झज्जर के स्थापना के लिए दो नये सीएक्यूएमएस स्टेशनों की खरीद। | 17.03.2026 15.04.2026 | | https://etenders.hry.nic.in dsndharyana.gov.in | 0172-2570122 Supplies@hry.nic.in |
| 8 | सिंचाई एवं जल संसाधन विभाग हरियाणा बहादुरगढ़ | बहाव रूकावटों को हटाने के लिए केसीबी ड्रेन के आरडी 2200 और आरडी 755 पर वीआर ब्रिज के डेक स्लैब को उठाना। | बंद होने की तिथि 24.03.2026 | 217.65 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 01276-298418 wsdivisionbgarh@gmail.com |
| 9 | सिंचाई एवं जल संसाधन विभाग हरियाणा करनाल | इन्द्री एस्केप के आरडी 64800 पर वीआर ब्रिज का पुनर्निर्माण + 2 कार्य। | 11.03.2026 20.03.2026 | 449.26 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 0184-2258008 xeninddivn@yahoo.in |
| 10 | सिंचाई एवं जल संसाधन विभाग हरियाणा सोनीपत | बाढ़ 2025 के पश्चात गांव झुंडपुर जिला सोनीपत में यमुना नदी पर 300 फुट लम्बाई के रिवेटमेंट और 3 अदद स्टोन स्टड्स का निर्माण करके मनौली कॉम्पलैक्स के संरक्षण का प्रावधान। | बंद होने की तिथि 23.03.2026 | 120.02 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9050101646 xenrws@rediffmail.com |
| 11 | सिंचाई एवं जल संसाधन विभाग हरियाणा सोनीपत | यमुना नदी के आरडी 0 से 23750 तक टांडा जगदीशपुर बंध के डिजाइन सेक्शन की ब्रिंगिंग। | बंद होने की तिथि 19.03.2026 | 223.78 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9050101646 xenrws@rediffmail.com |
| 12 | सिंचाई एवं जल संसाधन विभाग हरियाणा रोहतक | केसीबी ड्रेन पर 67500 के वीआर ब्रिज का पुनर्निर्माण / पुनरोद्धार। | बंद होने की तिथि 26.03.2026 | 179.77 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9034106126 xenconst21@gmail.com |
| 13 | सिंचाई एवं जल संसाधन विभाग हरियाणा सोनीपत | बाढ़ 2025 के पश्चात गांव पबनेरा जिला सोनीपत में यमुना नदी पर 800 फुट लम्बाई के रिवेटमेंट और 10 अदद नये स्टोन स्टड्स का निर्माण करके मिमारपुर कॉम्पलैक्स के संरक्षण का प्रावधान (बाढ़ संरक्षण कार्य)। | बंद होने की तिथि 24.03.2026 | 336.71 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9813232636 xenwsdivnspt@rediffmail.com |
| 14 | जिला खाद्य एवं आपूर्ति नियंत्रक मामले नियंत्रक, अम्बाला | हैंडलिंग कार्य (8 किलोमीटर दूर अम्बाला सिटी और नारायणगढ़)। | 14.03.2026 19.03.2026 | | https://etenders.hry.nic.in | 8800154900 dfscamb1@gmail.com |
| 15 | पंचायती राज राजौंद | विश्वकर्मा सामुदायिक केन्द्र को पूरा करना (जाखौली कमान) + 3 कार्य। | 12.03.2026 19.03.2026 | 24.08 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 8630071961 sdoprrajound@gmail.com |
| 16 | पंचायती राज सोनीपत | गांव चिटाना में लाकड़ा समुदाय की सामान्य चौपाल का निर्माण + 5 कार्य। | 13.03.2026 24.03.2026 | 46.70 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9268376188 brijmohansdo@gmail.com |
| 17 | पंचायती राज भिवानी | गांव रातेरा ब्लॉक बवानी खेड़ा में महाराणा प्रताप भवन का निर्माण, एचजीवीवाई + 1 कार्य। | 13.03.2026 18.03.2026 | 94.85 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 1664243927 prexeeng.bhw@hry.nic.in |
| 18 | पंचायती राज करनाल | गांव बरानी खालसा ब्लॉक नीलोखेड़ी, जिला करनाल में सामान्य चौपाल को पूरा करना + 2 कार्य। | 13.03.2026 23.03.2026 | 80.26 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9896202019 prexeeng.krl@hry.nic.in |
| 19 | पंचायती राज करनाल | गांव सौंकरा ब्लॉक नीलोखेड़ी में राजकीय विद्यालय से सरदार करनैल सिंह नम्बरदार चौपाल तक आईएलपीबी गली का निर्माण + 2 कार्य। | 12.03.2026 21.03.2026 | 124.88 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9896202019 prexeeng.krl@hry.nic.in |
| 20 | महिला एवं बाल विकास विभाग भिवानी हरियाणा | एडब्ल्यूसीएस को एसएनपी आपूर्ति का परिवहन कार्य। | 13.03.2026 24.03.2026 | 50000/- | https://etenders.hry.nic.in | 9466150800 pobhw.wcd@gmail.com |

अधिक जानकारी हेतु कृपया पधारें : www.etenders.hry.nic.in पीआरडीएच-11/2026/400/43898/I/88/7 दि. 16.03.26

## खबर संक्षेप



### टाटा मोटर्स के वाणिज्यिक वाहन 1 अप्रैल से होंगे महंगे

**नई दिल्ली।** टाटा मोटर्स ने सोमवार को कहा कि वह एक अप्रैल से अपने वाणिजयिक वाहनों की पूरी श्रृंखला की कीमतों में 1.5 प्रतिशत तक की वृद्धि करेगी। कंपनी ने शेयर बाजार को दी जानकारी में बताया कि जिंस की बढ़ती कीमतों और अन्य लागत व्यय के प्रभाव को कम करने के लिए यह फैसला लिया गया है। कंपनी के अनुसार, कीमतों में यह बढ़ोतरी अलग-अलग मॉडल और संस्करणों के आधार पर भिन्न-भिन्न होगी।

### फोनपे ने आईपीओ को सूचीबद्ध होने से रोका

**नई दिल्ली।** डिजिटल भुगतान एवं वित्तीय सेवा मंच फोनपे ने वर्तमान भू-राजनीतिक संघर्ष और बाजार में उतार-चढ़ाव के कारण अपनी आरंभिक सार्वजनिक निर्गम (आईपीओ) के जरिये शेयर बाजार में सूचीबद्ध होने की प्रक्रिया को फिलहाल अस्थायी रूप से टाल दिया है।




कंपनी ने सोमवार को बयान में कहा कि वैश्विक पूंजी बाजारों में कुछ स्थिरता आने के बाद वह सूचीबद्ध होने की प्रक्रिया को फिर से शुरू करेगी। फोनपे के मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) समीर निगम ने कहा, 'हम प्रभावित सभी क्षेत्रों में जल्द शांति बहाल होने की उम्मीद करते हैं।

ऊपर वाले से मिला वरदान
मेरे पास है हर समाधान
करो प्रेमिका / पति मुट्ठी में
जो व्यक्ति वास्तव में परेशान है, वो ही फोन करें।
रजि.
गुरू कबीर जी
की जुबान पत्थर की लकीर है।
आपकी हर समस्या का समाधान
जैसे:- शादी, कारोबार, पढ़ाई में रुकावट, सास बहु, मिया बीवी में अनबन, सौतन, दुश्मन नाश, ग्रह क्लेश, बेटा / बेटी / पति - पत्नी किसी के वश में कहना न मानता हो, पशु, फसल में नुकसान, कोर्ट-कचहरी मुकदमा जैसी सभी समस्याओं का गारन्टीड समाधान। पाँच मिनट में समाधान
एक फोन करो समाधान पाओ
9711428545
स्पेशलिस्ट : वशीकरण, मनचाहा प्यार

## कमजोर वैश्विक रुझानों से बाजार में आई गिरावट

# ईरान जंग का असर, चांदी 9,000 रुपये लुढ़की, सोना 2,950 रुपये हुआ सस्ता

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

राष्ट्रीय राजधानी के सराफा बाजार में सोमवार को चांदी की कीमतें 9,000 रुपए लुढ़ककर 2.56 लाख रुपये प्रति किलोग्राम रह गईं, जबकि सोना 2,950 रुपये टूटकर 1.60 लाख रुपये प्रति 10 ग्राम पर आ गया। विश्लेषकों ने कहा कि कमज़ोर वैश्विक रुझानों और मज़बूत डॉलर के साथ ईरान युद्ध ने कीमती धातुओं की कीमतों को प्रभावित किया। चांदी 9,000 रुपये, या 3.4 प्रतिशत लुढ़ककर 2,56,500 रुपये प्रति किलोग्राम (सभी करों सहित) रह गई, जो शुक्रवार के बंद भाव 2,65,500 रुपये प्रति किलोग्राम से कम है। 99.9 प्रतिशत शुद्धता वाले सोने में लगातार तीसरे दिन गिरावट जारी रही और यह 2,950 रुपये या 1.81 प्रतिशत टूटकर 1,60,250 रुपये प्रति 10 ग्राम (सभी करों सहित) रह गया।

**मजबूत डॉलर ने कीमतों को किया प्रभावित**

### चांदी लुढ़ककर 2.56 लाख रुपये प्रति किलोग्राम रह गई

#### निवेशक डॉलर और बांड की ओर मुड़े

कारोबारियों ने सराफा कीमतों में गिरावट का कारण मुनाफावसूली और सुरक्षित निवेश की मांग के डॉलर और बॉन्ड की ओर मुड़ने को बताया। ऐसा इसलिए हुआ क्योंकि पश्चिम एशिया में भू-राजनीतिक तनाव के बीच कच्चे तेल की कीमतों में भारी उछाल आया हुआ है।



#### कच्चे तेल की कीमतों में उछाल

एचडीएफसी सिक्योरिटीज के वरिष्ठ शोध विश्लेषक दिलीप परमार ने कहा, "सोने की कीमतें फिलहाल नीचे आ रही हैं, क्योंकि कच्चे तेल की कीमतों में उछाल के कारण बाजार में लंबे सौदों की तेजी से कटान की जा रही है। हम सुरक्षित निवेश की मांग में एक स्पष्ट बदलाव देख रहे हैं। निवेशक कीमती धातुओं से अपना पैसा निकालकर डॉलर और बॉन्ड में लगा रहे हैं।"

#### मजबूत डॉलर ने कीमतों पर डाला दबाव

मिराए एसेट शेयरखान के शोध विश्लेषक, प्रवीण सिंह ने बताया कि विदेशी बाजारों में सोना लगभग 4,992 डॉलर प्रति औंस पर कारोबार कर रहा है। इसकी वजह यह है कि मजबूत डॉलर ने कीमतों पर दबाव डाला है। साथ ही, ऊर्जा की बढ़ती कीमतों के कारण मुद्रास्फीति (महंगाई) की चिंताओं में बढ़ोतरी हुई है, जिससे फेडरल रिजर्व द्वारा निकट भविष्य में ब्याज दरों में कटौती की उम्मीदें कम हो गई हैं।

#### चांदी 80 डॉलर प्रति औंस से नीचे आई

अंतरराष्ट्रीय बाजार में भी सराफा कीमतें नीचे ही रहीं, जो घरेलू बाजार जैसे ही रुझान दिखा रही थीं। यहां हाजिर सोना 5,000 डॉलर प्रति औंस के स्तर से नीचे फिसल गया, जबकि चांदी 80 डॉलर प्रति औंस से नीचे आ गई। सोना 20.94 डॉलर या 0.42 प्रतिशत गिरकर 4,998.31 डॉलर प्रति औंस पर कारोबार कर रहा था, जबकि चांदी 1.81, या 2.25 प्रतिशत टूटकर 78.76 डॉलर प्रति औंस रह गई।

#### निकट भविष्य में सराफा की कीमतें रहेगी नरम

कोटक सिक्योरिटीज की एवीपी (जिंस शोध), कायनात चैनवाला ने कहा कि निकट भविष्य में सर्राफा (सोना-चांदी) की कीमतें नरम रह सकती हैं। जब तक भू-राजनीतिक या नीतिगत दृष्टिकोण में कोई बड़ा बदलाव नहीं होता, तब तक कीमतों में किसी भी दिशा में कोई बड़ा उतार-चढ़ाव होने की संभावना कम है। उन्होंने कहा कि कारोबारी, फेडरल ओपन मार्केट कमेटी की आगामी नीतिगत बैठक पर नज़र रखे हुए हैं।

#### फेड ब्याज दरों में नहीं करेगा बदलाव

चैनवाला इस बैठक से मिलने वाले नए आर्थिक अनुमानों के आधार पर नीतिगत दृष्टिकोण के बारे में संकेत तलाश रहे हैं, क्योंकि व्यापक रूप से यह उम्मीद की जा रही है कि फेडरल रिजर्व ब्याज दरों में कोई बदलाव नहीं करेगा ।

## भारत गौरव टूरिस्ट ट्रैन से कर सकेंगे रामलला सहित कई महत्वपूर्ण सनातनी धार्मिक स्थलों के दर्शन



**नई दिल्ली।** भारतीय रेलवे के उपक्रम इंडियन रेलवे कैटरिंग एंड टूरिज्म कॉरपोरेशन ने श्रद्धालुओं की अपार मांग को ध्यान में रखते हुए पुरी गंगासागर अयोध्या धाम यात्रा ट्रेन चलाने का फैसला किया है। यह यात्रा 09 मई को श्रीगंगानगर से रवाना होकर वाया हनुमानगढ़, चूरू, सीकर, रिंगस, जयपुर, भरतपुर, मथुरा, आगरा कैंट, ग्वालियर, झांसी और कानपुर से सवारियां लेती हुई जाएगी । इस यात्रा की अवधि 11 दिन की है जिसमे पुरी में जगन्नाथ धाम, कोणार्क का सूर्य मंदिर, गंगासागर तीर्थ, कोलकाता के काली घाट मंदिर, जसडीह में बैधनाथ धाम, गया में महाबोधी मंदिर व विष्णुपद मंदिर, वाराणसी में काशी विश्वनाथ मंदिर, गंगा आरती व अन्य स्थानीय मंदिर तथा अयोध्या में रामलला मंदिर व हनुमानगढ़ी तीर्थ जैसे विभिन्न महत्वपूर्ण सनातनी धार्मिक स्थलों के दर्शन का मौका मिलेगा। महा प्रबंधक प्रबंधक श्री योगेंद्र सिंह गुर्जर ने बताया कि यह भारत गौरव टूरिस्ट ट्रैन कई प्रकार की सुविधाओं जैसे तृतीय श्रेणी इकॉनमी वातानुकूलित कोच, आधुनिक किचन-कार, बायो -टॉयलेट्स इत्यादि से सुसज्जित होगी।

## बासबाड़ी में नई वैगन पीओएच कारखाना से पूर्वोत्तर में फ्रेट संचालन को मिलेगा बढ़ावा




**मालीगांव।** माननीय प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने 13 मार्च, 2026 को असम के कोकराझार में कई रेल इंफ्रास्ट्रक्चर विकास परियोजनाओं का लोकार्पण एवं शिलान्यास किया था। इन परियोजनाओं में कोकराझार जिला स्थित बासबाड़ी में पूर्वोत्तर सीमांत रेलवे (एनएफआर) द्वारा प्रस्तावित वैगन पीरियोडिक ओवरहॉल (पीओएच) कारखाना भी शामिल है, जो लगभग 256 करोड़ रुपये से अधिक की अनुमानित लागत पर निर्मित किया जा रहा है। अलीपुरद्वार रेल मंडल के अधीन लगभग 669 एकड़ जमीन पर यह विकसित किया जा रहा है, जहाँ पूर्वोत्तर क्षेत्र में मालगाड़ी के वैगनों की रखरखाव क्षमता को सुदृढ़ किया जाएगा। परियोजना पूर्ण होने पर, यह मरम्मत की क्षमता बढ़ाकर और टर्नअराउंड समय को कम कर मालगाड़ी के डिब्बों की विश्वसनीयता और उपलब्धता को बढ़ाएगा, जिससे परिचालन दक्षता में सुधार होगा, बढ़ते माल परिवहन को सहयोग मिलेगा और इस क्षेत्र में रोजगार के अवसर भी पैदा होंगे।

## सेंसेक्स 939 अंक चढ़ा और निफ्टी 23,400 अंक के पार

एजेंसी ▶▶| मुंबई

थानीय शेयर बाजारों में सोमवार को पिछले तीन कारोबारी सत्रों से जारी गिरावट पर विराम लगा और बीएसई सेंसेक्स 939 अंक चढ़ गया, जबकि एनएसई निफ्टी 23,400 अंक के पार निकल गया। प्रमुख कंपनियों के शेयरों में निचले स्तर पर लिवाली से बाजार को समर्थन मिला। तीस शेयरों पर आधारित बीएसई सेंसेक्स 938.93 अंक यानी 1.26 प्रतिशत बढ़कर 75,502.85 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान यह ऊंचे में 75,805.27 अंक तक गया और नीचे में 73,949.76 अंक तक आया। वहीं 50 शेयरों पर आधारित एनएसई निफ्टी 257.70 अंक यानी 1.11 प्रतिशत चढ़कर 23,408.80 अंक पर बंद हुआ। जियोजीत इन्वेस्टमेंट्स लि. के शोध प्रमुख विनोद नायर ने कहा, बाजार में कारोबार समाप्त होने से पहले तेजी आई। वाहन, बैंक और दैनिक उपयोग का सामान बनाने वाली कंपनियों के शेयरों में निचले भाव पर लिवाली से बाजार बढ़त में रहा। निकट भविष्य में निवेशकों का रुख होर्मुज जलडमरूमध्य में होने वाले घटनाक्रमों पर निर्भर करेगा। आपूर्ति श्रृंखला पर प्रतिकूल प्रभाव कम होने से बाजार को और समर्थन मिल सकता है।'' मझोली कंपनियों से जुड़ा बीएसई मिडकैप सेलेक्ट सूचकांक 0.36 प्रतिशत नीचे आया जबकि छोटी कंपनियों से जुड़ा स्मॉलकैप 0.25 प्रतिशत टूटा।

## देश में बेरोजगारी दर में मामूली गिरावट

**नई दिल्ली।** देश में 15 वर्ष एवं उससे अधिक आयु के लोगों के बीच कुल बेरोजगारी दर फरवरी में मासिक आधार पर मामूली घटकर 4.9 प्रतिशत रह गई। यह जनवरी में पांच प्रतिशत थी। सोमवार को जारी आवधिक श्रम बल सर्वेक्षण (पीएलएफएस) से यह जानकारी मिली। सर्वेक्षण के अनुसार, जनवरी, 2026 में बढ़ोतरी के बाद शहरी क्षेत्रों में 15 वर्ष एवं उससे अधिक आयु के लोगों के बीच बेरोजगारी दर फरवरी, 2026 में घटकर 6.6 प्रतिशत रह गई, जो दिसंबर, 2025 के 6.7 प्रतिशत के स्तर से भी कम है। ग्रामीण क्षेत्रों में यह बेरोजगारी दर फरवरी, 2026 में 4.2 प्रतिशत पर स्थिर रही। फरवरी, 2026 में 15 वर्ष एवं उससे अधिक आयु की महिलाओं में कुल बेरोजगारी दर घटकर 5.1 प्रतिशत रह गई जबकि जनवरी, 2026 में यह 5.6 प्रतिशत थी। ग्रामीण तथा शहरी दोनों क्षेत्रों में गिरावट देखी गई। शहरी महिलाओं की बेरोजगारी दर जनवरी, 2026 के 9.8 प्रतिशत से घटकर फरवरी, 2026 में 8.7 प्रतिशत रह गई, जबकि ग्रामीण महिलाओं की बेरोजगारी दर इसी अवधि में 4.3 प्रतिशत से घटकर चार प्रतिशत हो गई।

### अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा

धारा 82 सीआरपीसी/84 भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता देखिए

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **आशीष, पुत्र श्री गंगा प्रसाद, निवासी मकान नंबर एल-एक्सटेंशन 179, श्री राम चौक के पास, मोहन गार्डन, उत्तम नगर, दिल्ली** ने **प्रथम सूचना रिपोर्ट संख्या 85/2022 दिनांक 27.06.2022 भा.द.सं. की धारा 420 के तहत, थाना साइबर रोहिणी, दिल्ली** के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है) और उस पर जारी किये गये गिरफ्तारी के वारंट को यह लिखकर लौटा दिया है कि उक्त अभियुक्त **आशीष** मिल नहीं रहा है और समाधानप्रद रूप से दर्शित कर दिया है कि उक्त अभियुक्त **आशीष** फरार हो गया है (या उक्त वारंट की तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रहा है)।

इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है **कि प्रथम सूचना रिपोर्ट संख्या 85/2022 दिनांक 27.06.2022 भा.द.सं. की धारा 420 के तहत, थाना साइबर रोहिणी, दिल्ली** के उक्त अभियुक्त **आशीष** से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए **27.04.2026** को या उससे पूर्व हाजिर हो।

आदेशानुसार
सुश्री उपासना सतीजा
मुख्य न्यायिक दण्डाधिकारी, उत्तर-पश्चिम कोर्ट
कमरा नं.108, प्रथम तल, रोहिणी कोर्ट्स, दिल्ली
DP/3288/RD/2026

## भारत में एक साल में बढ़े 24 अरबपति, अब कुल संख्या बढ़कर हुई 229

**नई दिल्ली।** (एजेंसी)वर्ष 2026 में भारत का अरबपति क्लब एक नए मील के पत्थर पर पहुँच गया है। फोर्ब्स की फोर्ब्स वर्ल्ड की अरबपतियों की सूची के अनुसार अब भारत में 229 अरबपति हो गए हैं, जबकि पिछले वर्ष यह संख्या 205 थी। शेयर बाजार के मजबूत प्रदर्शन और कई नई कंपनियों की लिस्टिंग के कारण कई उद्यमियों की संपत्ति में उल्लेखनीय वृद्धि हुई है। भारत के शीर्ष 10 सबसे अमीर व्यक्तियों 2026 की सूची के अनुसार भारतीय अरबपतियों की कुल संपत्ति 1 ट्रिलियन डॉलर से अधिक हो गई है, जबकि 2025 में यह लगभग 941 अरब डॉलर थी।

### मुकेश अंबानी भारत के सबसे अमीर व्यक्ति



मुकेश अंबानी वर्ष 2026 में भी भारत के सबसे अमीर व्यक्ति बने हुए हैं। वह एशिया के सबसे अमीर व्यक्ति भी हैं। पिछले वर्ष के दौरान रिलायंस इंडस्ट्रीज के शेयरों में वृद्धि होने से उनकी संपत्ति में बढ़ोतरी हुई और उनकी शीर्ष स्थिति और मजबूत हुई। वर्तमान में उनकी कुल संपत्ति लगभग 100 अरब डॉलर के आसपास बताई जाती है।

### सावित्री जिंदल भारत की सबसे अमीर महिला



भारत के शीर्ष 10 सबसे अमीर व्यक्तियों 2026 की सूची में सावित्री जिंदल, जो ओपी जिंदल समूह की चेयरपर्सन हैं, तीसरे स्थान पर हैं। वह भारत की सबसे अमीर महिला बनी हुई हैं और देश के प्रमुख अरबपतियों में अपनी मजबूत स्थिति बनाए हुए हैं। यह सूची भारत के अरबपति समुदाय में महिलाओं की बढ़ती भागीदारी को भी दर्शाती है। फोर्ब्स के अनुसार अब भारत में 20 महिला अरबपति हैं, जिनमें सावित्री जिंदल इस समूह का नेतृत्व कर रही हैं।

### सूचना

सभी पाठकों से अनुरोध है कि हरिभूमि समाचार-पत्र में प्रकाशित विज्ञापनों (डिस्पले/क्लासीफाईड) में दिए गए तथ्यों/दावों के बारे में अपने विवेक से निर्णय लें और विज्ञापन के दावों की विश्वसनीयता को परखें। हरिभूमि समूह के मुद्रक, प्रकाशक या सम्पादक की विज्ञापनों के तथ्यों से सम्बन्धित कोई जिम्मेवारी नहीं होगी।

### अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा

धारा 82 सीआरपीसी / 84 बीएनएसएस देखिए

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **आनन्द सिंह पुत्रः अत्तर सिंह पताः मकान नं.–86, टेलर वाली गली, चाँदपुर, दिल्ली–110001** ने case **CC No. 9351/18 U/s 138 NI Act, थानाः राजेन्दर नगर, दिल्ली** के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है) और उस पर जारी किये गये गिरफ्तारी के वारंट को यह लिखकर लौटा दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **आनन्द सिंह** मिल नहीं रहा है और मुझे समाधानप्रद रूप से दर्शित कर दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **आनन्द सिंह** फरार हो गया है (या उक्त वारंट की तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रहा है।)

इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि case **CC No. 9351/18 U/s 138 NI Act, थानाः राजेन्दर नगर, दिल्ली** के उक्त अभियुक्त **आनन्द सिंह** से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद / मुकद्मा का उत्तर देने के लिए **दिनांक 11.05.2026** को या उससे पूर्व हाज़िर हो।

आदेशानुसार
श्री अर्जुन किराड़
न्यायिक दंडाधिकारी प्रथम श्रेणी–05 (एनआइ एक्ट)
केन्द्रीय उपभवन–01, रूम नं. 02
तीस हजारी कोर्ट, दिल्ली
DP/2047/CD/2026 (Court Matter)


## राशिफल


**मेष** शैक्षिक कार्यों के लिए किसी दूसरे स्थान पर जा सकते हैं। रहन-सहन अव्यवस्थित रहेगा। आय वृद्धि के साधन विकसित होंगे।


**वृष** व्यर्थ के क्रोध से बचें। किसी मित्र के सहयोग से नौकरी के अवसर मिल सकते हैं। आय में वृद्धि होगी। आत्मविश्वास में वृद्धि होगी।


**मिथुन** अपने स्वास्थ्य का ध्यान रखें। धर्म के प्रति श्रद्धाभाव रहेगा। व्यर्थ की भाग-दौड़ रहेगी। सन्तान की ओर से सुखद समाचार मिल सकते हैं।


**कर्क** आत्मविश्वास में वृद्धि होगी। परिवार का साथ मिलेगा। वस्त्रों के प्रति रुझान बढ़ सकता है। खानपान के प्रति सचेत रहें। मन में निराशा एवं असंतोष के भाव रहेंगे।


**सिंह** शैक्षिक कार्यों में सफलता मिलेगी। लेखनादि-बौद्धिक कार्यों से आय के साधन बन सकते हैं। रहन-सहन कष्टमय हो सकता है।


**कन्या** क्रोध एवं आवेश के अतिरेक से बचें। मन में निराशा एवं असन्तोष के भाव रहेंगे। स्वभाव में चिड़चिड़ापन हो सकता है। व्यर्थ के विवादों से बचने का प्रयास करें।


**तुला** पठन-पाठन में रुचि रहेगी। शैक्षिक कार्यों के सुखद परिणाम मिलेंगे। स्वास्थ्य के प्रति सचेत रहें। पारिवारिक जीवन सुखमय रहेगा।


**वृश्चिक** घर-परिवार में धार्मिक कार्य हो सकते हैं। परिश्रम अधिक रहेगा। मित्रों का सहयोग मिलेगा। वस्त्रों पर खर्च बढ़ेंगे। रहन-सहन कष्टमय हो सकता है।


**धनु** पिता का साथ रहेगा। सेहत का ध्यान रखें। शैक्षिक कार्यों में व्यवधान आएंगे। नौकरी में तरक्की के मार्ग प्रशस्त होंगे।


**मकर** परिवार से दूर रहना पड़ सकता है। परिश्रम अधिक रहेगा। स्थान परिवर्तन सम्भव है। लंबे समय से रुके हुए काम बनने की उम्मीद है।


**कुंभ** परिवार की समस्याएं परेशान कर सकती हैं। वाहन के रख-रखाव एवं वस्त्रों पर खर्च बढ़ सकते हैं। शिक्षा में सुधार होगा। आत्मविश्वास में कमी आएगी।


**मीन** वस्त्र उपहार में मिल सकते हैं। मित्र के सहयोग से आय वृद्धि के स्रोत विकसित हो सकते हैं। स्वास्थ्य के प्रति सचेत रहें। परिवार में अशांति रहेगी।

## एआई-पावर्ड ट्रेडिंग एजेंट ने डेढ़ घंटे में बड़ी कमाई कर दी

# एआई का कमाल! शेयर बाजार में 11 लाख से बना दिए 40 लाख रुपये

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) का इस्तेमाल आज हर क्षेत्र में हो रहा है। एआई से एक कदम आगे एआई एजेंट्स हैं। सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर एक यूजर ने दावा किया है कि एक एआई-पावर्ड ट्रेडिंग एजेंट ने कुछ ही घंटों में बड़ी कमाई कर दी। एक्स यूजर ओएक्स डिस्कवर के दावे के अनुसार उनके एआई एजेंट ने लगभग 12,000 डॉलर (करीब 11.08 लाख रुपए) के निवेश को रातों-रात 43,800 डॉलर यानी लगभग 40.47 लाख रुपए के मुनाफे में बदल दिया।

### एआई एजेंट ने भेजा था अलर्ट

यूजर ने बताया कि उनके ओपन क्लाव नाम के एआई एजेंट ने सुबह करीब 3:47 बजे अलर्ट भेजा और 90 मिनट में रिजॉल्व होने वाले छह प्रेडिक्शन मार्केट में 12,000 डॉलर लगाने की अनुमति मांगी। ट्रेडर ने अनुमति दे दी और दोबारा सो गए। बाद में जब वे उठे तो उनके खाते में लगभग 43,800 डॉलर का मुनाफा दर्ज था।

### सोशल मीडिया पर छिड़ी बहस

यह दावा सामने आने के बाद एक्स पर बड़ी बहस छिड़ गई। कई यूजर्स ने पूछा कि आखिर किन मार्केट्स में ट्रेड किया गया था, जबकि कुछ ने कहा कि अगर यह सच है तो टाइम-जोन आधारित जानकारी की देरी मार्केट में अस्थायी अवसर पैदा कर सकती है। यह एआई एजेंट खास तौर पर पालीमार्केट पर टाइम-जोन आर्बिट्राज के अवसर खोजने के लिए बनाया गया था।

### सेबी ने ट्रैवलस्टैक, लर्नफ्लूएंस और टी पोस्ट के आईपीओ को दी मंजूरी

**नई दिल्ली।** बाजार नियामक सेबी ने ट्रैवलस्टैक, लर्नफ्लूएंस एजुकेशन और टी पोस्ट को आरंभिक सार्वजनिक निर्गम (आईपीओ) के जरिये धन जुटाने की मंजूरी दे दी है। भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड (सेबी) की ओर से अद्यतन जानकारी ने अनुसार, इसी के साथ रेज पावर इन्फ्रा, मधुर आयरन एंड स्टील और अर्जुन ज्वेलर्स के दस्तावेज नौ से 13 मार्च के बीच वापस ले लिए गए या लौटा दिए गए। यह घटनाक्रम ऐसे समय में सामने आया है जब पश्चिम एशिया में जारी संघर्ष के कारण भारतीय शेयर बाजार दबाव में हैं।


### अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा

धारा 84 भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता देखिए

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **अश्वनी भारद्वाज,** पुत्र राम प्रकाश शर्मा, निवासी मकान सं. 72/73, विकास नगर, उत्तम नगर, दिल्ली ने प्रथम सूचना रिपोर्ट सं. 283/2021 धारा 188/420 भा.दं.सं. थाना सुभाष प्लेस, दिल्ली के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है) और उस पर जारी किए गए गिरफ्तारी वारण्ट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त **अश्वनी भारद्वाज** मिल नहीं रहा है, और मुझे समाधान प्रद रुप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त **अश्वनी भारद्वाज** फरार हो गया है (या उक्त वारण्ट की तामील से बचने के लिए अपने आपको छिपा रहा है)। इसके खिलाफ माननीय अदालत द्वारा धारा **84 भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता** की कार्यवाही जारी हो चुकी है। इसलिए इसके द्वारा उद्धोषणा की जाती है कि प्रथम सूचना रिपोर्ट सं. 283/2021 धारा 188/420 भा.दं.सं. थाना सुभाष प्लेस, दिल्ली के उक्त अभियुक्त **अश्वनी भारद्वाज** से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए **17.04.2026** को हाजिर हो।

आदेशानुसार: सुश्री उपासना सतीजा,
मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी ,
उत्तर-पश्चिम, कोर्ट संख्या-108, प्रथम तल,
रोहिणी न्यायालय, दिल्ली।
DP/3376/NW/2026

### शब्द पहेली - 6167




**बाएँ से दाएँ**
1.शरीफ,नेकनीयत–5
4.जिसे सुनाई न दे–3
6.मां का भाई–2
7.एकमात्र,सिर्फ एक–3
8.अधिकार–2
10.सिर झुकाना–3
11.दुर्घटना–4
14.दूध फाड़कर बनाया जानेवाला पदार्थ–3
16.राजदार–4
17.राजा की पत्नी–2
18.वीज, वीर्य–2
19.मीठा पेय पदार्थ–4
21.पानी की बूंद–3
22.अवरोध,बाधा–4
24.मैला,अस्वच्छ–3
25.पानी,जल–2
27.पुत्र,लड़का–3
28.लाश,पार्थिव देह–2
29.थकावट–3
30.मन मोहने वाला–5


**ऊपर से नीचे**
1.समाजवाद को माननेवाला अनुयायी–5
2.अस्थमा–2
3.राज्य,सल्तनत–4
4.तन,काया,देह–3
5.रास्ता,मार्ग–2
7.नखरा,भुगतान–2
9.डोली उठाने वाले–3
12.बिजली,विद्युत रश्मि–3
13.भद्रता,नेकनियत –4
15.कमल,पंकज–3
16.बुखरा,ज्वर ताप–4
17.आराम,मदद–3
18.घना वन–3
20.मन को भाने वाला –2,3
21.कथा,गाथा–3
22.कहासुनी–4
23.मनन करना–3
24.शराब–2
26.घोड़ागाड़ी–2
28.बढ़ावा देना–2

### शब्द पहेली-6166 का हल

| | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| ■ | य | ह | ज | नी | ■ | फि | स | ल | ना | ■ |
| अ | ■ | क | हा | र | ■ | त | न | य | ■ | बु |
| ह | क | ■ | न | व | ■ | र | म | ■ | फ | न |
| म | म | ता | ■ | ता | क | त | ■ | चा | त | क |
| क | र | त | ब | ■ | म | ■ | त | ल | वा | र |
| ■ | ■ | ■ | ल | ह | र | दा | र | ■ | ■ | ■ |
| ला | व | ज | मा | ■ | बं | ■ | स | ह | ल | ज |
| ज | त | न | ■ | म | द | द | ■ | म | ग | न |
| वा | न | ■ | क | न | ■ | ह | म | ■ | न | म |
| ब | ■ | त | म | स | ■ | ली | ट | र | ■ | त |
| ■ | मे | ह | रा | ब | ■ | ज | र | ब | फ्त | ■ |



# सिनर ने मेदवेदेव को हराकर जीता इंडियन वेल्स खिताब, एरिना सबालेंका बनीं पहली बार चैंपियन




**इंडियन वेल्स।** यानिक सिनर ने दूसरे सेट के टाइब्रेकर में लगातार सात अंक बनाकर पिछड़ने के बाद वापसी करते हुए दानिल मेदवेदेव को 7-6, 7-6 से हराकर पहली बार एक भी सेट गंवाए बिना इंडियन वेल्स खिताब जीता। दुनिया के दूसरे नंबर के खिलाड़ी सिनर ने मेदवेदेव को पिछले दस मुकाबलों में नौवीं बार हराया। मेदवेदेव ने सेमीफाइनल में शीर्ष वरीयता प्राप्त कार्लोस अल्काराज को मात दी थी। वहीं महिला वर्ग में दुनिया की नंबर एक खिलाड़ी एरिना सबालेंका ने एलेना रिबाकिना को 3-6, 6-3, 7-6 से हराकर खिताब जीता। इससे पहले 2023 और 2025 में उपविजेता रही सबालेंका का यह पहला खिताब है।

## सिनर ने पूरे मैच में बनाए रखा दबदबा

कैलिफोर्निया के रेगिस्तानी मौसम में खेले गए इस मुकाबले में सिनर ने शानदार प्रदर्शन करते हुए पूरे मैच में दबदबा बनाए रखा। उन्होंने मैच के दौरान 28 विनर्स और 10 ऐस लगाए तथा नेट पर खेले गए सभी आठ अंकों में सफलता हासिल की। पहला सेट काफी रोमांचक रहा। मेदवेदेव ने आक्रामक शुरुआत करते हुए सिनर पर लगातार दबाव बनाया और स्कोर 6-5 तक पहुंचाया, लेकिन सिनर ने वापसी करते हुए मुकाबले को टाईब्रेक तक पहुंचा दिया। टाईब्रेक में इतालवी खिलाड़ी ज्यादा सटीक साबित हुए और 7-6(6) से पहला सेट अपने नाम कर लिया। दूसरे सेट में भी दोनों खिलाड़ियों के बीच कड़ी टक्कर देखने को मिली। सिनर ने पांचवें गेम में बिना कोई अंक गंवाए ब्रेक लेकर 3-2 की बढ़त बनाई, लेकिन मेदवेदेव ने हार नहीं मानी और स्कोर 6-6 कर दिया, जिससे मैच एक और टाईब्रेक में पहुंच गया। टाईब्रेक में मेदवेदेव ने 4-0 की बढ़त बना ली थी, लेकिन सिनर ने शानदार वापसी करते हुए लगातार अंक हासिल किए और 7-4 से टाईब्रेक जीतकर मैच अपने नाम कर लिया।

### जोकोविच-फेडरर के विशेष क्लब में सिनर शामिल

इस जीत के साथ सिनर इतिहास में ऐसे तीसरे खिलाड़ी बन गए हैं, जिन्होंने सभी छह एटीपी मास्टर्स 1000 हार्ड-कोर्ट खिताब जीते हैं। इस उपलब्धि के साथ वह टेनिस के दिग्गज नोवाक जोकोविच और रोजर फेडरर के विशेष क्लब में शामिल हो गए। साल का यह उनका पहला खिताब है। इसके साथ ही वह 1990 के बाद पहले खिलाड़ी बन गए हैं, जिन्होंने लगातार दो मास्टर्स 1000 खिताब बिना एक भी सेट गंवाए जीते हैं। पेरिस में पिछले वर्ष जीते खिताब से शुरू हुई उनकी जीत की लय इस श्रेणी में 11 मैचों तक पहुंच गई है।

सिनर ने मेदवेदेव को पिछले दस मुकाबलों में नौवीं बार हराया



**मैंने लगातार विश्वास बनाए रखा : सिनर**

मैच के बाद सिनर ने कहा, मैं लगातार विश्वास बनाए रखता रहा और अपने शॉट्स खेलने की कोशिश करता रहा। अगर तीसरा सेट होता तो मुकाबला बराबरी से शुरू होता, इसलिए मैंने मैच खत्म करने की पूरी कोशिश की और इस जीत से बेहद खुश हूं।"



### सबालेंका ने रोमांचक मुकाबले में जीता मैच

यह मुकाबला बेहद रोमांचक रहा और निर्णायक सेट का फैसला टाईब्रेक में हुआ। गर्म मौसम में खेले गए इस मैच में सबालेंका ने तीसरे सेट में 5-4 पर जीत का मौका गंवा दिया था, लेकिन टाईब्रेक में उन्होंने शानदार वापसी करते हुए बैकहैंड विनर के साथ मैच अपने नाम कर लिया।

**हेड-टू-हेड में सबालेंका को बढ़त :** यह दोनों खिलाड़ियों के बीच 16वां मुकाबला था, जिसमें अब सबालेंका 9-7 से आगे हो गई हैं। इससे पहले रिबाकिना ने 2025 के डब्ल्यूटीए फाइनल्स और इस साल ऑस्ट्रेलियन ओपन में सबालेंका को हराया था। खिताब जीतने के बाद सबालेंका के पास जश्न मनाने के लिए ज्यादा समय नहीं है। उन्हें मियामी ओपन के लिए रवाना होना था, जहां वे डिफेंडिंग चैंपियन हैं। उन्होंने मजाक में कहा कि शायद फ्लाइट में एक-दो ड्रिंक के साथ जश्न मना लें, क्योंकि मियामी में खिताब बचाने के लिए उन्हें अपना सर्वश्रेष्ठ टेनिस खेलना होगा। 27 वर्षीय सबालेंका ने अपने खिताबी सफर के दौरान छह मैच में सिर्फ एक सेट गंवाया। यह उनके 11 साल के प्रोफेशनल कॅरियर का 23वां एकल खिताब है। इनमें चार ग्रैंड स्लैम शामिल हैं। इसके अलावा उनके नाम छह युगल खिताब भी हैं।

**मानसिक मजबूती बनी जीत की कुंजी : सबालेंका**

*मैच के बाद सबालेंका ने कहा कि उनका लक्ष्य पूरे मुकाबले में मानसिक रूप से मजबूत बने रहना था। उन्होंने बताया कि चाहे परिस्थिति कैसी भी हो, उन्हें अपने बॉडी लैंग्वेज से यह दिखाना था कि वे लड़ाई जारी रखेंगी। सबालेंका के लिए यह समय खास रहा है।*

## खबर संक्षेप



### एफआईएच हॉकी नेशन कप में भाग लेगी महिला हॉकी टीम

**लुसाने।** भारतीय महिला हॉकी टीम न्यूजीलैंड के आकलैंड में 15 से 21 जून तक होने वाले एफआईएच नेशंस कप में भाग लेगी। हॉकी नेशंस कप की शुरुआत 2021 में हुई थी, जो हॉकी प्रो लीग से बाहर सर्वश्रेष्ठ रैंकिंग वाली टीमों का शीर्ष स्तरीय टूर्नामेंट है। इसमें विजयी टीम को अगले सत्र में प्रो लीग में जगह मिलती है। भारत के अलावा इसमें मेजबान न्यूजीलैंड, अमेरिका, जापान, कोरिया, चिली, स्कॉटलैंड और फ्रांस भी भाग लेंगे। पुरुषों का टूर्नामेंट केपटाउन में खेला जाएगा, जिसमें दक्षिण अफ्रीका, न्यूजीलैंड, फ्रांस, कोरिया, जापान, वेल्स, मलेशिया , आयरलैंड और स्कॉटलैंड की टीमें हिस्सा लेंगी। यह टूर्नामेंट 11 से 20 जून तक खेला जाएगा।

### इंडियन ओपन को पीडब्ल्यूआर 1000 स्पर्धा के रूप में मान्यता

**नई दिल्ली।** भारतीय पिकलबॉल संघ (आईपीए) ने अप्रैल में हैदराबाद में होने वाले इंडियन ओपन के चौथे सत्र को पीडब्ल्यूआर 1000 स्पर्धा के रूप में मान्यता दी है। ग्लोबल स्पोर्ट्स की ओर से आयोजित इस टूर्नामेंट के पिछले तीन सत्र में सभी वर्गों में 19 देशों के चार हजार से अधिक खिलाड़ी हिस्सा ले चुके हैं। चौथे सत्र में 1500 से अधिक खिलाड़ी हिस्सा लेंगे और 56 वर्गों में इसकी कुल इनामी राशि 50 हजार डॉलर है। आयोजकों ने कहा,'आईपीए से मंजूरी मिलने से उस व्यवस्था को वैधता मिल गई है,जिसकी भारतीय पिकलबॉल के पारिस्थितिकी तंत्र में कमी थी।'

### भारतीय क्रिकेट का दबदबा का समय आ गया : मिताली

**नई दिल्ली।** मिताली राज ने कहा है कि विश्व स्तर पर भारतीय क्रिकेट के दबदबे का उनका बरसों पुराना सपना सच हो रहा है जबकि पुरुष टीम, महिला टीम और जूनियर टीमों ने हाल ही के वर्षों में बड़े आईसीसी खिताब जीते हैं।



पिछले कुछ साल में भारतीय पुरुष टीम ने 2024 और 2026 टी20 विश्व कप, महिला टीम ने पहला वनडे विश्व कप जीता। मिताली ने कहा,' मैं बरसों से चाहती थी कि भारतीय क्रिकेट का दबदबा हो और अब वह समय आ गया है।'

## हॉकी: नवनीत चार गोल दाग कर प्लेयर ऑफ द टूर्नामेंट बनी, भारत को दिलाया वर्ल्ड कप का टिकट

हरिभूमि न्यूज ⏭ शाहबाद

हैदराबाद के जीएमसी बालयोगी हॉकी स्टेडियम में खेले गये वल्ड कप क्वालीफायर में नवनीत कौर भारत की जीत की मुख्य सूत्रधार रहीं। नवनीत के अनुभव और गोल करने क कला ने न केवल को सिल्वर मैडल दिलाया बल्कि 2026 में होने वाले महिला हॉकी वल्ड कप में खेलने का टिकट भी दिलाया। भारतीय टीम की ओर से 4 गोल दाग कर व्लर्ड कप क्वालीफायर में प्लेयर ऑफ द टूर्नामेंट भी बनी। भारतीय महिला हॉकी टीम की गोल्डन गर्ल नवनीत कौर ने एक बार फिर साबित कर दिया है कि उन्हें बड़े मैचों का खिलाड़ी क्यों कहा जाता है। हैदराबाद में खेले गए वर्ल्ड कप क्वालीफायर में भारत भले ही फाइनल में इंग्लैंड से हार गया हो लेकिन पूरे टूर्नामेंट में नवनीत का जलवा बरकरार रहा। उन्हें शानदार प्रदर्शन के लिए प्लेयर ऑफ द टूर्नामेंट चुना गया है। नवनीत ने टूर्नामेंट में कुल 4 गोल दागे। वह टूर्नामेंट की टॉप स्कोरर की लिस्ट में तीसरे नंबर पर रहीं। वेल्स के खिलाफ करो या मरो के मुकाबले में नवनीत ने हैट्रिक जमाकर भारत की जीत पर मुहर लगाई थी। नवनीत की बदौलत भारत ने फाइनल में पहुंचकर 2026 में बेल्जियम और नीदरलैंड में होने वाले वर्ल्ड कप के लिए सीधे क्वालीफाई कर लिया है। फोन पर बातचीत में नवनीत ने कहा कि यह अवॉर्ड पूरी टीम की मेहनत का नतीजा है और उन्होंने अपनी इस उपलब्धि का श्रेय द्रोणाचार्य अवार्डी कोच बलदेव सिंह को दिया। नवनीत ने कहा उनका लक्ष्य सिर्फ टीम को जीत दिलाना था। प्लेयर ऑफ द टूर्नामेंट बनना गर्व की बात है लेकिन असली खुशी इस बात की है कि भारतीय टीम ने वल्ड कप का टिकट हासिल कर लिया। नवनीत ने कहा कि टीम का लक्ष्य 2026 में वल्ड कप के दौरान मेडल जीतना है। हरियाणा के शाहबाद मार्कंडा की रहने वाली नवनीत कौर ने फिर साबित किया कि क्यों इस छोटे से शहर को हॉकी की फैक्ट्री कहा जाता है। 30 साल की उम्र में भी उनकी फिटनेस और ड्रिबलिंग युवाओं को मात दे रही है।



**हरियाणा के शाहबाद मार्कंडा की रहने वाली नवनीत ने कहा वर्ल्ड कप में जीतेंगे गोल्ड**



### चिन्नास्वामी स्टेडियम में होंगे आईपीएल मैच

बेंगलुरु। कर्नाटक सरकार ने कर्नाटक राज्य क्रिकेट संघ (केएससीए) और रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) को एम चिन्नास्वामी स्टेडियम में इस साल होने वाले इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के मैचों की मेजबानी करने की औपचारिक मंजूरी दे दी। इसके साथ ही इस स्टेडियम में आईपीएल मैचों के आयोजन को लेकर पिछले लंबे समय से चली आ रही अनिश्चितता भी समाप्त हो गई। पिछले साल आरसीबी के चैंपियन बनने के बाद यहां आयोजित किए गए समारोह के दौरान मची भगदड़ में कुछ लोगों की जान चली गई थी। आईपीएल 28 मार्च से शुरू होगा, जिसमें मौजूदा चैंपियन आरसीबी उद्घाटन मैच में सनराइजर्स हैदराबाद का सामना करेगा। यह मैच पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार एम चिन्नास्वामी स्टेडियम में खेला जाएगा। केएससीए के प्रवक्ता विनय मृत्युंजय ने कहा, 'बैठक के दौरान विशेषज्ञ समिति ने एम चिन्नास्वामी स्टेडियम में की गई तैयारियों और उपायों के संबंध में रिपोर्ट पेश की।

क्रिकेट

## सूर्या ने कहा- टी-20 में हाथ सेट, टेस्ट की ख्वाहिश

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

सूर्यकुमार यादव का कहना है कि वह टेस्ट क्रिकेट खेलना चाहते हैं, वनडे क्रिकेट उन्हें रास नहीं आता, लेकिन टी20 उनकी ताकत है क्योंकि ''उसमें उनका हाथ सेट हो गया है।' सूर्यकुमार ने कहा, 'आपकी किस्मत में जो लिखा होता है, आपको वही मिलता है। मैंने भी लाल गेंद से क्रिकेट खेलना शुरू किया था और 10-12 साल तक रणजी ट्राफी खेली। मैंने मुंबई में लाल गेंद से बहुत क्रिकेट खेली है क्योंकि अगर आप मुंबई में पले बढ़े होते हैं तो आप लाल गेंद से ही शुरुआत करते हैं, इसलिए सब कुछ लाल गेंद के इर्द-गिर्द ही घूमता है।' उन्होंने कहा, 'लेकिन धीरे-धीरे जब हमने सफेद गेंद से क्रिकेट खेलना शुरू की तो मेरा झुकाव थोड़ा उसकी तरफ हो गया। इसके बाद मैं इस



प्रारुप (टी20) में दिलचस्पी लेने लगा। मैंने वनडे (50 ओवर की क्रिकेट) में भी अच्छा खेलने की बहुत कोशिश की लेकिन कुछ खास नहीं कर पाया।' भारतीय कप्तान ने कहा, 'टी20 क्रिकेट में जैसा चल रहा था, उसमें अपना हाथ सेट हो गया है, ऐसा बोल सकते हैं।'

### टीसीएस वर्ल्ड 10के में हिस्सा लेंगे किबेट और एड्रिस




***बेंगलुरु।** युगांडा के हार्बर्ट किबेट और इथियोपिया के 5000 मीटर में दो बार के विश्व चैंपियन मुख्तार एड्रिस 26 अप्रैल को होने वाली टीसीएस वर्ल्ड 10के (10 किमी) बेंगलुरु प्रतियोगिता के मुख्य आकर्षण होंगे। इस प्रतियोगिता को विश्व एथलेटिक्स से गोल्ड लेवल का दर्जा हासिल है। इसकी कुल पुरस्कार राशि 210000 अमेरिकी डॉलर है। इसमें पुरुष और महिला वर्ग में विजेता रहने वाले खिलाड़ी को 26000 अमेरिकी डॉलर के अलावा कोर्स रिकॉर्ड बनाने पर बोनस धनराशि भी मिलेगी। पुरुष वर्ग में किबेट पर सबकी नजर रहेगी। इस 20 वर्षीय खिलाड़ी ने दो साल पहले विश्व जूनियर एथलेटिक्स चैंपियनशिप के फाइनल में जगह बनाई थी। किबेट उन पांच एथलीटों में से एक हैं, जिन्होंने इस साल 27 मिनट से कम समय में 10 किमी की दौड़ पूरी की है। इस प्रतियोगिता में 5000 मीटर में दो बार के विश्व चैंपियन एड्रिस भी अपनी कड़ी चुनौती पेश करेंगे।*

### न्यूजीलैंड को झटका, साउथ अफ्रीका के खिलाफ दूसरे टी20 मैच नहीं खेलेंगे जैकब्स



**हैमिल्टन।** न्यूजीलैंड को साउथ अफ्रीका के खिलाफ टी20 सीरीज के बीच झटका लगा है। न्यूजीलैंड क्रिकेट (एनजेडसी) ने बताया कि बल्लेबाज बेवन जैकब्स घुटने में चोट लगने के कारण सेडन पार्क में साउथ अफ्रीका के खिलाफ दूसरे टी20 मैच से बाहर हो गए हैं। बेवन जैकब्स की जगह ब्लैककैप्स टीम में कैटेन क्लार्क को शामिल किया जाएगा। क्लार्क को पहले डेन क्लीवर, जेडन लेनोक्स और टॉम लैथम के साथ चौथे और पांचवें टी20 मुकाबलों के लिए न्यूजीलैंड की टीम में शामिल किया जाना था। न्यूजीलैंड क्रिकेट ने कहा, पहले टी20 मैच के दौरान फील्डिंग करते समय जैकब्स अपने बाएं घुटने के बल गिर गए थे, जिसके बाद उन्हें मैदान से बाहर ले जाना पड़ा। स्कैन से पता चला कि उनके घुटने के किनारे की हड्डी में चोट (बोन ब्रूजिंग) लगी है। जैकब्स के दोबारा खेलने के समय का पता लगाने के लिए अभी और जांच की आवश्यकता है। न्यूजीलैंड ने बे ओवल में खेले गए सीरीज के पहले मैच को 7 विकेट से गंवा दिया था।

## ऑरलियन्स मास्टर्स : आयुष और तन्वी करेंगे भारतीय चुनौती की अगुवाई, प्रणय हटे

एजेंसी ⏭ ऑरलियन्स

एचएस प्रणय के कंधे की चोट के कारण टूर्नामेंट से हटने के बाद युवा खिलाड़ी आयुष शेट्टी और तन्वी शर्मा मंगलवार से शुरू होने वाले 250,000 अमेरिकी डॉलर इनामी ऑरलियन्स मास्टर्स सुपर 300 बैडमिंटन टूर्नामेंट में भारतीय चुनौती की अगुवाई करेंगे।

प्रणय को पहले दौर में चीनी ताइपे के शीर्ष वरीयता प्राप्त चाउ टिएन चेन से भिड़ना था, लेकिन पिछले सप्ताह बासेल में स्विस ओपन के दौरान उनके कंधे में काफी दर्द हो गया था, जिसके कारण उन्हें इस टूर्नामेंट से हटना पड़ा। उन्होंने कहा, 'मुझे तब कंधे में दर्द का कारण पता नहीं था और इसलिए मैंने टूर्नामेंट से नाम वापस लेने और स्वदेश लौटने का फैसला किया।




### शेट्टी करेंगे ली चिया हाओ के खिलाफ अभियान की शुरुआत


उनकी अनुपस्थिति में सभी की निगाहें आठवीं वरीयता प्राप्त और विश्व रैंकिंग में 25वें नंबर के खिलाड़ी आयुष शेट्टी पर टिकी होंगी। वह चीनी ताइपे के ली चिया हाओ के खिलाफ अपने अभियान की शुरुआत करेंगे। विश्व के पूर्व नंबर एक खिलाड़ी और वर्तमान में 30वें स्थान पर काबिज किदाम्बी श्रीकांत का सामना डेनमार्क के मैग्नस जोहानसेन से होगा जबकि स्विस ओपन में क्वार्टर फाइनल तक पहुंचने वाले थारुन मन्नेपल्ली अपने पहले मैच में चीनी ताइपे के वांग त्जु वेई से भिड़ेंगे। विश्व रैंकिंग में 42वें स्थान पर काबिज किरण जॉर्ज का सामना जापान के तीसरे वरीयता प्राप्त केंटा निशिमोटो से होगा।

ला लीगा : राफिन्हा की शानदार हैट्रिक

## बार्सिलोना ने दिखाया आक्रामक खेल, सेविला को हराया

एजेंसी ⏭ मैड्रिड

ब्राजीलियाई विंगर राफिन्हा की शानदार हैट्रिक की बदौलत बार्सिलोना ने सेविला को 5-2 से हराकर स्पेनिश फुटबॉल लीग ला लीगा में शीर्ष स्थान पर अपनी मजबूत पकड़ बना ली है। बार्सिलोना के कोच हंसी फ्लिक ने आगामी चैंपियंस लीग मुकाबले को ध्यान में रखते हुए युवा स्टार लैमिन यामल और फर्मिन लोपेज को मैच में नहीं उतारा था। इसके बावजूद बार्सिलोना ने शुरुआत से ही मैच पर नियंत्रण बना लिया और आक्रामक खेल दिखाया। मैच के सातवें मिनट में ही बार्सिलोना को पहली पेनल्टी मिल गई, जब सेविला के डिफेंडर ने पेनल्टी बॉक्स के अंदर जोआओ कैंसेलो की शर्ट खींच ली। राफिन्हा ने इस मौके का पूरा फायदा उठाते हुए टीम को शुरुआती बढ़त दिलाई। कुछ ही देर बाद कैंसेलो के बॉक्स में शानदार रन के दौरान सेविला के खिलाड़ी से हैंडबॉल हो गया, जिसके बाद मिली दूसरी पेनल्टी को भी राफिन्हा ने गोल में बदल दिया और स्कोर 2-0 कर दिया।




### राफिन्हा ने टीम को दिलाई बढ़त

पहले हाफ के 38वें मिनट में डैनी ओल्मो ने मार्क बर्नाल की सहायता से बार्सिलोना का तीसरा गोल किया। हालांकि इंजरी टाइम में सेविला के खिलाड़ी ओसो ने एक गोल करके अंतर थोड़ा कम कर दिया और हाफटाइम तक स्कोर 3-1 रहा। दूसरे हाफ की शुरुआत में ही राफिन्हा ने अपना तीसरा गोल करते हुए हैट्रिक पूरी कर ली और टीम की बढ़त 4-1 कर दी। इसके बाद जोआओ कैंसेलो ने शानदार प्रयास करते हुए बॉक्स के अंदर से बार्सिलोना का पांचवां गोल दागा। मैच के अंतिम क्षणों में सेविला के जिब्रिल सो ने हेडर के जरिए टीम का दूसरा गोल किया, लेकिन तब तक मैच में उनकी हार तय हो चुकी थी। बार्सिलोना ने 5-2 से शानदार जीत हासिल की।

होर्मुज मार्ग खुलवाने के लिए ट्रंप को सहयोग करने से सभी देशों ने किया इनकार

# होर्मुज संकट से नाटो में दरार! दुनिया में अकेले पड़े ट्रंप ने मदद नहीं मिलने पर सहयोगी देशों को दे डाली चेतावनी

### चीन, आस्ट्रेलिया ने ट्रंप को दिया करारा जवाब कहा नहीं देंगे साथ

### ट्रंप ने सैन्य हथियार निर्माण कंपनियों के साथ की अहम बैठक

### अमेरिका में भी ट्रंप का जमकर हो रहा है विरोध, उठ रहे गंभीर सवाल

एजेंसी ▶▶ वॉशिंगटन


पश्चिम एशिया में जारी संघर्ष और होर्मज जलडमरूमध्य के बाधित होने से अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप पर चौतरफा दबाव पड़ रहा है। एक तरफ पश्चिम एशिया में अमेरिका और इजराइल के ठिकानों पर ईरानी हमले जारी हैं। वहीं दूसरी तरफ ट्रंप घरेलू मोर्चे पर भी घिरते जा रहे हैं। अमेरिका का एक बड़ा तबका इस संघर्ष के खिलाफ है। हैरानी की बात ये है कि इस मुश्किल समय में भी ट्रंप को अपने सहयोगी नाटो देशों की मदद नहीं मिल पा रही है। यही वजह है कि ट्रंप ने सहयोगी देशों को चेतावनी दी है कि नाटो समूह का भविष्य अच्छा नहीं है।



एक इंटरव्यू के दौरान अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप ने नाटो के सहयोगी देशों को साफ संदेश दिया। उन्होंने कहा कि होर्मुज जलडमरूमध्य से फायदा लेने वाले देशों को इसकी सुरक्षा की भी जिम्मेदारी उठानी चाहिए। ट्रंप ने कहा, यह बिल्कुल ठीक है कि होर्मुज से फायदा लेने वाले देश ये सुनिश्चित करें कि वहां कुछ भी गलत न हो। ट्रंप ने चेतावनी देते हुए कहा, अगर कोई कुछ नहीं करता या मदद नहीं करता तो मुझे लगता है कि यह नाटो के भविष्य के लिए बहुत बुरा होगा।

ट्रंप ने कहा, हमें यूक्रेन के मामले में उनकी मदद की जरूरत नहीं पड़ी। अब देखते हैं कि वे हमारी मदद करते हैं या नहीं, क्योंकि मैं लंबे समय से कहता आ रहा हूं कि हम उनके साथ खड़े रहेंगे, लेकिन वे हमारे साथ नहीं खड़े रहेंगे। गौरतलब है कि ट्रंप होर्मुज जलडमरूमध्य क्षेत्र में बारूदी सुरंगों को साफ करने के लिए युद्धपोतों की तैनाती की मांग कर रहे हैं। हाल ही में भी मीडिया से बात करते हुए ट्रंप ने कहा था हम नाटो के लिए हमेशा तत्पर हैं। यह देखना दिलचस्प होगा कि कौन सा देश होर्मुज जलडमरूमध्य को खुला रखने में हमारी मदद करेगा। पश्चिम एशिया संकट को लेकर अमेरिका फंसता नजर आ रहा है। सुप्रीम लीडर अयातुल्ला अली खामेनेई और कई अन्य शीर्ष नेताओं की मौत के बाद भी ईरान झुकने के लिए तैयार नहीं है और लगातार पश्चिम एशिया में अमेरिकी ठिकानों और इजराइल पर हमले कर रहा है। अमेरिका और इजराइल की ईरान में सत्ता परिवर्तन की कोशिश भी सफल होती नहीं दिख रही है। ईरान के होर्मुज जलडमरूमध्य को बाधित करने के चलते वैश्विक तेल आपूर्ति पर दबाव पड़ा है। अमेरिकी तेल कंपनियों ने भी इसे लेकर चिंता जताई है और ट्रंप से अपील की है। कि अगर जल्द ही कोई रास्ता नहीं निकला तो हालात बदतर हो सकते हैं। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने करीब सात देशों से होर्मुज जलडमरूमध्य में अपने युद्धपोत तैनात करने की मांग की है। अमेरिका के करीबी सहयोगियों ऑस्ट्रेलिया और जापान जैसे देशों ने तो इससे इनकार कर दिया है।

## चीन ने अमेरिका को चेताया कहा-अमेरिका तुरंत रोके सैन्य अभियान



एआई इमेज

पश्चिम एशिया में बढ़ते तनाव और होर्मुज जलडमरूमध्य पर संकट के बीच चीन ने सभी देशों से तुरंत सैन्य कार्रवाई रोकने की अपील की है। यह बयान ऐसे समय आया है जब अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने चीन सहित कई देशों से अपील की है कि वे अंतरराष्ट्रीय समुद्री मार्ग को सुरक्षित रखने के लिए अपने युद्धपोत तैनात करें। ईरान और इजराइल-अमेरिका के बीच बढ़ते टकराव के कारण दुनिया की ऊर्जा आपूर्ति और वैश्विक व्यापार पर गंभीर असर पड़ने की आशंका जताई जा रही है। चीन ने कहा कि होर्मुज जलडमरूमध्य में बढ़ते सैन्य तनाव से अंतरराष्ट्रीय व्यापार, ऊर्जा आपूर्ति और क्षेत्रीय शांति पर बड़ा खतरा पैदा हो गया है। चीन के विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता लिन जियान ने बीजिंग में मीडिया से बातचीत में कहा कि सभी पक्षों को तुरंत सैन्य अभियान रोकना चाहिए, ताकि हालात और ज्यादा खराब न हों। उन्होंने कहा कि यदि तनाव बढ़ा तो इसका असर वैश्विक अर्थव्यवस्था और क्षेत्रीय स्थिरता पर भी पड़ सकता है।

## ईरान ने दुबई एयरपोर्ट पर फिर किया हमला

ईरान ने एक बार फिर से संयुक्त अरब अमीरात के बड़े शहर दुबई पर हमला किया है। ईरान वे एक बार फिर से दुबई इंटरनेशनल एयरपोर्ट को निशाना बनाया। इस बार ईरान का विस्फोटकों से भरा ड्रोन दुबई एयरपोर्ट के करीब बड़े फ्यूल टैंकर से टकराया जिसके बाद वहां जोरदार धमाका हुआ और देखते ही देखते वहां भीषण आग की लपटें उठने लगीं। ये हमला ठीक तब हुआ, तब एक दिन पहले ही यूएई की सरकार ने दुनिया को ये दिखाने और जताने की कोशिश की थी कि दुबई अभी भी दुनिया का सबसे सुरक्षित शहर है। दुबई की इस छवि को बचाने के उनके डैमेज कंट्रोल की कोशिशों को ईरान ने फिर से नाकाम कर दिया। दुबई इंटरनेशनल एयरपोर्ट के करीब ईंधन से भरे विशाल टैंकर से ड्रोन के टकराते ही वहां जोरदार धमाका हुआ, जिससे वहां भीषण आग लग गई। आग ऊंची उठती लपटें और काले धुंए के गुबार की वीडियो सोशल मीडिया में जमकर शेयर की जा रही हैं। दुबई प्रशासन ने शहर पर हुए हमले की पुष्टि की है, उन्होंने बताया कि घटना के तुरंत बाद इमरजेंसी रिस्पॉन्य टीम मौके पर पहुंची और आग को बुझाने का काम शुरु कर दिया गया है। फिलहाल इस हमले में किसी के मारे जाने की खबर नहीं है।

## ईरान में जासूसी के आरोप में 500 लोगों को किया गया गिरफ्तार



इजरायल-अमेरिका के साथ जारी जंग के बीच ईरान अपने यहां कथित जासूसी नेटवर्क और सूचना लीक करने वालों के खिलाफ कठोर कार्रवाई शुरू कर दी है। ईरान के पुलिस प्रमुख ब्रिगेडियर जनरल अहमद रेजा रादान ने कहा है कि देश की पुलिस बलों ने अमेरिका-इजरायल युद्ध के दौरान दुश्मनों के साथ सूचना साझा करने के आरोप में 500 लोगों को गिरफ्तार किया है। ईरानी मीडिया के मुताबिक, रविवार को एक टेलीविजन इंटरव्यू में बोलते हुए रादान ने कहा कि हिरासत में लिए गए 250 लोगों की पहचान महत्वपूर्ण मामलों के रूप में की गई है, जिन्होंने दुश्मन को जानकारी दी थी और हमले के स्थानों की फुटेज लेकर और उन्हें भेजकर छोटे समूहों के साथ सहयोग किया था। हालांकि, उन्होंने इस बारे में कोई जानकारी नहीं दी कि गिरफ्तारियां कब और कहां हुईं। पुलिस प्रमुख ने बताया कि हिरासत में लिए गए लोगों में 20 बहुत महत्वपूर्ण मामले भी शामिल थे, जो एक जासूसी समूह के सदस्य थे जो ईरान के तीन प्रांतों में सक्रिय था और उन्होंने कहा कि समूह का भंडाफोड़ किया गया था। रादान ने आगे कहा कि तोड़फोड़ की कार्रवाई के मुख्य दोषियों को भी हिरासत में ले लिया गया है और उन्होंने बताया कि उन्होंने एक निजी कंपनी के बारे में जानकारी भेजी थी जिस पर दुश्मन ने हमला किया था। ईरानी मीडिया के अनुसार, रविवार को कई क्षेत्रों में दर्जनों लोगों को गिरफ्तार किया गया। तसनीम की रिपोर्ट के अनुसार, उत्तर पश्चिमी ईरान में 20 लोगों को ईरान की सैन्य और सुरक्षा संपत्तियों के स्थान संबंधी विवरण इजरायल के साथ साझा करने के आरोप में गिरफ्तार किया गया है।

समाचार एजेंसी ने यह भी बताया कि उत्तरपूर्वी ईरान में 10 लोगों को हिरासत में लिया गया है, जो हवाई हमलों से अपेक्षाकृत अछूता रहा है, और कहा कि उनमें से कुछ पर संवेदनशील स्थानों और आर्थिक बुनियादी ढांचे के बारे में जानकारी एकत्र करने का आरोप है।

### हमले को लेकर इजरायल पहले से तैयार नहीं था, ये समय के साथ विकसित हुई कार्रवाई है

# पीएम मोदी की इजरायल यात्रा के तुरंत बाद मिला ईरान पर हमले का असली मौका: अजार

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की पिछले महीने 25 से 26 फरवरी तक किए गए इजरायल दौरे के बाद पश्चिम-एशिया में छिड़ी भीषण जंग को लेकर देश में विपक्षी दलों द्वारा की जा रही तमाम टीका-टिप्पणियों के बीच सोमवार को भारत में इजरायल के राजदूत रूवेन आजार का एक महत्वपूर्ण बयान सामने आया है। जिसमें मीडिया से बातचीत में उन्होंने दो टूक अंदाज में कहा कि पीएम मोदी की इजरायल यात्रा के समाप्त होने के बाद यानी 26 फरवरी के बाद हमारी ईरान पर हमले की वास्तविक योजना (रणनीतिक अवसर) ने मूर्तरूप लिया था। इससे भारत के प्रधानमंत्री की यात्रा का कोई लेना देना नहीं है। ये हमारे एक ऐसा सैन्य अवसर था। जो प्रधानमंत्री मोदी के इजरायल से जाने के बाद सामने आया। जबकि इससे पहले तक इजरायल ऐसे किसी हमले के लिए तैयार नहीं था। हमने हमले का फैसला भारतीय पीएम की यात्रा के 48 घंटे बाद की गई सुरक्षा संबंधी मामलों की कैबिनेट की बैठक में लिया था। जिससे साफ हो जाता है कि हमले की योजना पूर्व निर्धारित नहीं थी और ये समय के साथ विकसित हुई थी। उन्होंने ये भी कहा कि इजरायल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू जीवित हैं। जब मैं इजरायल में था तो मैंने खुद उन्हें एक से अधिक बार प्रत्यक्ष रूप से देखा है। कॉफी वाला उनका जो वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल है। वह पूरी तरह से गलत और झूठा है। जिसमें ईरान और उसके साथियों की भूमिका नजर आती है।



**जीवित हैं प्रधानमंत्री नेतन्याहू, पूरी तरह से झूठा है कॉफी वाला वायरल वीडियो**

**यह जानकारी सोमवार को राजधानी में मीडिया से बातचीत में इजरायल के राजदूत रूवेन अजार ने दी है**

### अगर ईरान चाहेगा तो रुकेगी लड़ाई

अजार ने कहा कि हम युद्ध के बीच हर प्रकार की शत्रुता को समाप्त करने के पक्ष में हैं यानी लड़ाई को रोकना चाहते हैं। लेकिन इसके लिए ईरान को अपने रुख में तब्दीली करनी पड़ेगी। उन्होंने कहा कि बीते कुछ दिनों से तेल अवीव क्षेत्र में और उसके बाहर अपने तमाम सहयोगियों (अमेरिका व अन्य देश) के साथ कूटनीतिक माध्यमों से संवाद कर रहा है। जिसमें तनाव को खत्म करने का मुद्दा शामिल है। उन्होंने कहा कि मुझे नहीं लगता कि हमारे मत में कहीं पर भी ईरान पर जमीनी हमले की योजना शामिल है। मौजूदा सैन्य हमलों के जरिए भी हमने ईरान की क्षमता पर चोट की है। आगे भी ये कवायद जारी रहेगी। वर्तमान में हम ईरान के आसमान पर नियंत्रण बनाए हुए हैं।


### क्षेत्रीय सुरक्षा की मजबूती का है लक्ष्य

उन्होंने कहा कि हमलों के जरिए हमारा लक्ष्य क्षेत्रीय सुरक्षा को मजबूत बनाना, ईरान के परमाणु मिसाइल कार्यक्रम सहित सशस्त्र समूहों के समर्थन पर रोक लगाना है। हमारी मौजूदा रणनीति का एक हिस्सा ईरान के भीतर राजनीतिक दबाव में बढ़ोतरी करना भी है। जिसके जरिए अगर वहां की जनता इस संबंध में कोई प्रतिक्रिया देगी तो उसे हम समर्थन प्रदान करेंगे। वहीं, युद्ध के बीच भारत ने शांति की पुरजोर अंदाज में वकालत की है। खुद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी कह चुके हैं कि समस्या का समाधान बातचीत और कूटनीति के माध्यम से ही निकाला जाना चाहिए। सभी देशों की संप्रभुता और क्षेत्रीय अखंडता का हर हाल में सम्मान किया जाना चाहिए। उन्होंने युद्ध के बीच खाड़ी क्षेत्र में रह रहे आम नागरिकों सहित तेल इंफ्रास्ट्रक्चर पर किए जा रहे हमलों का भी विरोध किया है।

### लेह की सड़कों पर उमड़ा जनसैलाब, राज्य का दर्जा देने की मांग

**लेह।** लद्दाख में छठी अनुसूची लागू करने और राज्य का दर्जा देने की मांग को लेकर लेह में एक शांतिपूर्ण रैली आयोजित की गई। इस रैली में लगभग 50 हजार लोगों ने भाग लिया। रैली में विभिन्न धर्मों के धार्मिक नेताओं और अलग-अलग समुदायों के प्रतिनिधियों की उपस्थिति ने लद्दाख की एकता और सामूहिक समर्थन को दर्शाया। रैली की शुरुआत सिंगे नामग्याल चौक से हुई, जो आगे बढ़ते हुए लेह पोलो ग्राउंड तक पहुंची। इस दौरान प्रतिभागियों ने हाथों में पंपलेट और तख्तियां लेकर छठी अनुसूची लागू करने और लद्दाख को राज्य का दर्जा देने की मांग की।

## नए टैरिफ लागू होने के बाद ही लगेगी भारत-अमेरिका ट्रेड डील पर मुहर



एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

भारत-अमेरिका व्यापार करार पर वाणिज्य सचिव राजेश अग्रवाल ने कहा कि हम इस समय अमेरिका के साथ इसके विवरण पर बातचीत कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि भारत-अमेरिका व्यापार समझौते पर वास्तविक हस्ताक्षर तभी होंगे, जब टैरिफ की नई व्यवस्था लागू हो जाएगी। अमेरिका-इजराइल बनाम ईरान संघर्ष के कारण उत्पन्न व्यवधान पर वाणिज्य सचिव राजेश अग्रवाल ने कहा, कुछ रसद संबंधी चुनौतियां सामने आ रही हैं। उड़ानों में व्यवधान के कारण हवाई माल ढुलाई में भी कुछ दिक्कतें आ रही हैं। इसका कुछ असर जरूर पड़ेगा। भारत से आयात भी प्रभावित होगा क्योंकि आयात कई श्रेणियों के लिए भारत पर निर्भर है।

### नई रिपोर्ट में हुए कई चौंकाने वाले बड़े खुलासे

सतर्क और सावधान रहने की है ज्यादा जरूरत

# भारत में डीपफेक मामलों में 900% उछाल महिलाओं को बनाया जा रहा है निशाना

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

नई रिपोर्ट के अनुसार भारत में डीपफेक कंटेंट तेजी से बढ़ रहा है और हाल के वर्षों में इसमें 900% की बढ़ोतरी हुई है। चौंकाने वाली बात यह है कि ऑनलाइन फैल रहे 90% से ज्यादा आपत्तिजनक डीपफेक वीडियो महिलाओं को निशाना बनाते हैं। तकनीकी कंपनी पाई-लैब्स की 2026 की रिपोर्ट में भारत में बढ़ते डीपफेक खतरे को लेकर गंभीर चेतावनी दी गई है। रिपोर्ट के मुताबिक पिछले कुछ वर्षों में डीपफेक कंटेंट में करीब 900 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई है, जिसे डिजिटल धोखे की महामारी बताया गया है। बता दें कि विशेषज्ञों ने लोगों को सोशल मीडिया पर अपनी प्राइवेसी को लेकर सतर्क रहने की सलाह दी है। रिपोर्ट में कहा गया है कि



लोग अपनी हाई-क्वालिटी तस्वीरें और ऑडियो क्लिप्स सार्वजनिक रूप से कम साझा करें, क्योंकि यही डेटा एआई मॉडल के लिए "रॉ मटेरियल" बनता है। इसके अलावा सोशल मीडिया अकाउंट की प्राइवेसी सेटिंग्स मजबूत रखने और बॉट्स द्वारा डेटा स्क्रैपिंग से बचाव करने की भी सलाह दी गई है।

### हर कंटेंट पर नजर जरूरी

वायरल होने की दौड़ में जब सच्चाई पर हमला होता है, तो व्यक्ति विशेष ही नहीं बल्कि पूरा समाज शिकार बनता है। एआई जनित सिंथेटिक कंटेंट और अफवाहों के प्रसार में कब और क्या ट्रिगर हो जाए, किसी को पता नहीं होता। ऐसे में हर कंटेंट पर निगरानी जरूरी है, चाहे वह टेक टूल्स के जरिए हो, फिर कानूनी शिकंजे से। इंटरनेट मीडिया पर कंटेंट साझा करने की स्पीड इतनी तेज होती है कि कोई भी एल्गोरिदम कंटेंट को सेंसर करने या तथ्यों की सत्यतता जांचने के लिए अभी तक पूरी तरह सक्षम नहीं बन पाया है।

### महिलाओं की पहचान से की जा रही है छेड़छाड़

*रिपोर्ट में सामने आया कि इंटरनेट पर फैल रहे आपत्तिजनक डीपफेक कंटेंट में 90 प्रतिशत से अधिक मामलों में महिलाएं निशाना बनती हैं। जनरेटिव एआई तकनीक का इस्तेमाल कर बिना सहमति के अश्लील तस्वीरें बनाना, इमेज मॉर्फिंग करना और पहचान से छेड़छाड़ जैसी घटनाएं तेजी से बढ़ रही हैं।*

### साइबर अपराध मामलों में भी बढ़ोतरी

*सरकारी आंकड़ों के अनुसार महिलाओं से जुड़े साइबर अपराध के मामलों में भी तेज वृद्धि हुई है। 2024 में ऐसे करीब 50 हजार शिकायतें दर्ज हुई थीं, जो 2026 तक बढ़कर करीब 80 हजार तक पहुंच गईं। यानी दो साल में लगभग 60 प्रतिशत की बढ़ोतरी हुई है।*




हरिभूमि कम्यूनिकेशंस प्राइवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक देवेन्द्र सिंह बाल्यान द्वारा हरिभूमि पब्लिकेशंस, चुलियाना मोड़, दिल्ली रोड, रोहतक-124517 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, 129, ट्रांसपोर्ट सैंटर, पंजाबी बाग, पश्चिमी दिल्ली, नई दिल्ली-110035 से प्रकाशित। सम्पादक : डॉ.हिमांशु द्विवेदी। आरएनआई नं 69631/1998, फोन : 011-40451115/16, 40451109